Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 15 अंक 91
लखनऊ, रविवार, 19 जनवरी 2025
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ, नगर संस्करण

# पायनियर

Established 1865

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

आभ्यन्तर

राष्ट्रीय-10
संपत्ति कार्ड से गरीबी उन्मूलन में मिलेगी सहायताः प्रधानमंत्री

## आरजी कर हत्या मामले में रॉय दोषी



कॉलेज और अस्पताल में भर्ती, को फैसले के दिन आरोपी को पुलिस वाहन से कोलकाता में सियालदह अदालत लाया गया।

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

**कोलकाता** सत्र न्यायालय ने शनिवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल बलात्कार और हत्या मामले में मुख्य आरोपी संजय रॉय को दोषी करार दिया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि सजा सोमवार को सुनाई जाएगी। सियालदह कोर्ट में अनिरबन दास ने 12 मिनट की सुनवाई में रॉय से कहा कि उसे दोषी ठहराया गया है। यह फैसला पिछले साल नवंबर में बंद कमरे में शुरू हुई सुनवाई के लगभग दो महीने बाद और नौ अगस्त 2024 को घटित इस जघन्य अपराध के 162 दिन बाद सुनाया गया। रॉय को घटना के एक दिन बाद गिरफ्तार किया गया था। आरोपी को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64 (बलात्कार), 66 (मौत का कारण बनने के लिए सजा) और 103(1) (हत्या) के तहत दोषी पाया गया। बीएनएस 103(1) के तहत कम से कम आजीवन कारावास और अधिकतम फांसी की सजा के प्रावधान हैं। न्यायाधीश ने कहा कि रॉय को प्रशिक्षु चिकित्सक का यौन उत्पीड़न करने और उसकी गला घोंटकर हत्या करने का दोषी पाया गया है और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उसके खिलाफ सभी आरोप साबित कर दिए हैं।

दास ने दोषसिद्धि का आदेश सुनाते हुए कहा कि रॉय सुबह करीब चार बजे अस्पताल में दाखिल हुआ और ड्यूटी पर मौजूद प्रशिक्षु चिकित्सक पर उस वक्त हमला किया, जब वह अस्पताल के सेमिनार रूम में सो रही थी। उन्होंने कहा, तुमने चिकित्सक पर यौन हमला किया। तुमने उसका गला घोंटा और उसका चेहरा ढक दिया तथा इस हमले के कारण आखिरकार उसकी मौत हो गई। न्यायाधीश ने कहा, इन आरोपों के आधार पर तुम्हारे खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64, 66 और 103(1) के तहत आरोप तय किए गए हैं। गवाहों के बयानों और इस मामले में पेश किए गए दस्तावेजों के आधार पर तुम्हारा अपराध साबित हो गया है और तुम्हें दोषी ठहराया जा रहा है। दास ने कहा कि रॉय का बयान सोमवार को दोपहर 12:30 बजे सुना जाएगा और उसके बाद सजा सुनाई जाएगी। दोषसिद्धि का फैसला सुनाए जाने के वक्त रॉय ने अदालत के समक्ष दावा किया कि उसे फंसाया गया है। रॉय ने अपने बचाव में कहा, मैं रुद्राक्ष की माला पहनता हूं और अगर मैंने अपराध किया होता, तो वह टूट जाती। फैसले के बाद रॉय को कड़ी निगरानी में अदालत कक्ष से प्रेसीडेंसी सुधार गृह ले जाया गया और पुलिस ने वहां प्रतीक्षा कर रहे मीडियाकर्मियों को दोषी से किसी भी तरह की बातचीत करने से रोक दिया।

मृत महिला चिकित्सक के माता-पिता ने आरोपी को दोषी करार दिए जाने के लिए न्यायाधीश को धन्यवाद दिया। मृत चिकित्सक के पिता ने कहा, जो भरोसा हमने आपमें जताया था, आपने उसका पूरा सम्मान किया है। दरिंदगी की शिकार चिकित्सक की मां ने फैसले को स्वीकार तो किया, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि न्याय पूरी तरह से नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, संजय दोषी है, यह मेडिकल साक्ष्यों से साबित हो चुका है। वह सुनवाई के दौरान चुप रहा, जिससे मेरी बेटी को प्रताड़ित करने और उसकी हत्या करने में उसकी भूमिका साबित हुई। लेकिन, वह अकेला नहीं था। जिन अन्य लोगों को अभी गिरफ्तार किया जाना शेष है, उन्हें भी न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हम आखिरी सांस तक न्याय के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।

सीबीआई ने अपने आरोप-पत्र में कोलकाता पुलिस के एक नागरिक स्वयंसेवक रॉय को राज्य सरकार द्वारा संचालित अस्पताल में तैनात स्नातकोत्तर प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या करने का मुख्य संदिग्ध बताया था। रॉय की बड़ी बहन ने अपने भवानीपुर स्थित आवास पर कहा कि उसका परिवार अदालत के निर्णय को चुनौती नहीं देगा। उन्होंने कहा, अगर उसने (रॉय ने) कोई अपराध किया है, तो उसे उचित सजा मिलनी चाहिए। आदेश को चुनौती देने की हमारी कोई योजना नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि रॉय के परिजन सुनवाई में (शेष पृष्ठ 9)

## किराएदारों को पहली बार मुफ्त चुनावी सौगात

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली



**बिहार और पूर्वी** उत्तर प्रदेश के निवासियों पर यह आरोप लगाने के कुछ दिनों बाद कि भाजपा ने पूर्वांचलियों के नाम पर फर्जी मतदाता सूची तैयार की है, सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) ने शनिवार को एक तिहाई मतदाताओं को संतुष्ट करने का प्रयास किया। दिल्ली में ऐसे मतदाताओं का एक बड़ा हिस्सा है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने किरायेदारों को मुफ्त सुविधा की गारंटी देने का वादा किया और कहा कि यदि उनकी पार्टी दोबारा सत्ता में आई तो किरायेदारों को मुफ्त बिजली और पानी मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस कदम से पूर्वांचली भाइयों को फायदा होगा।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, 'हम यह सुनिश्चित करेंगे कि चुनावों के बाद किरायेदारों, जिनमें से कई पूर्वांचल क्षेत्र के हैं, को भी मुफ्त बिजली और पानी का लाभ मिले।' एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि कई कारणों से किरायेदार मुफ्त बिजली और पानी योजना का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किराएदार भी दिल्ली की आबादी का हिस्सा हैं और आप उन्हें ये लाभ देगी। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब आम आदमी पार्टी 5 फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए अपना प्रचार अभियान तेज कर रही है। केजरीवाल ने कहा, 'मैं जहां भी जाता हूं, मुझे किराए पर रहने वाले लोग मिलते हैं जो कहते हैं कि उन्हें अच्छे स्कूलों और अस्पतालों का लाभ मिलता है लेकिन वे मुफ्त बिजली और पानी की योजनाओं से वंचित हैं। हमने पूरी दिल्ली में निवासियों को मुफ्त बिजली और पानी उपलब्ध कराया है। हालाँकि, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि किरायेदारों को ये लाभ नहीं मिलते। आज मैं यह घोषणा करना चाहता हूं कि चुनाव के बाद अगर हमारी सरकार बनी तो हम एक ऐसी व्यवस्था लागू करेंगे जिससे किराएदारों को भी मुफ्त बिजली और पानी मिले।' सत्तारूढ़ आप ने महिला सम्मान योजना, संजीवनी योजना, मुफ्त मेट्रो, दलित छात्रों को मुफ्त छात्रवृत्ति, पुजारियों और ग्रंथियों के लिए वेतन, छात्रों के लिए मुफ्त मेट्रो यात्रा, पानी के बिल में छूट और निवासियों के कल्याण संघों को भर्ती करने के लिए धन सहित मुफ्त सुविधाओं का प्रस्ताव दिया है। सुरक्षा गार्डों की नियुक्ति, दिल्ली सरकार की मौजूदा योजनाओं और कार्यक्रमों जैसे कि सरकारी स्कूलों का पुनरुद्धार, मोहल्ला क्लीनिक और मुफ्त बिजली, जो आप सरकार दिल्ली में नागरिकों को प्रदान करती है, के अतिरिक्त होगी।

प्रतिस्पर्धा में, भाजपा ने 17 जनवरी को जारी अपने घोषणापत्र में महिलाओं को अपने चुनावी मुद्दे के केन्द्र में रखते हुए कई योजनाओं की घोषणा की। घोषणापत्र में महिलाओं पर जोर दिया गया है और 'महिला समृद्धि योजना' के तहत 2,500 रुपये मासिक सहायता का वादा किया गया है। भाजपा ने अपने घोषणापत्र में 'मुख्यमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना' के तहत प्रत्येक गर्भवती महिला को 21,000 रुपये और छह पोषण किट देने की भी घोषणा की। पार्टी ने गरीबों को 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर देने का वादा किया है, (शेष पृष्ठ 9)

## केजरीवाल की कार पर हमला आप-भाजपा में आरोप-प्रत्यारोप




दिल्ली का फैसला

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार तेज होने के साथ ही आप और भाजपा के बीच दावे-प्रतिदावे शुरू हो गए हैं। आप ने आरोप लगाया है कि शनिवार को नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में आप संयोजक अरविंद केजरीवाल की कार पर पथराव किया गया। हालांकि, भाजपा नेता और नई दिल्ली से उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने आप के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि आप प्रमुख की कार ने उनके खिलाफ प्रदर्शन कर रहे तीन युवकों को टक्कर मारी। वर्मा ने दावा किया कि यह केजरीवाल ही थे जिन्होंने कार चालक से उन्हें कुचलने के लिए कहा था। दिल्ली में 2013 से शासन कर रही आप ने अपने नेता पर हमले के कुछ ही मिनटों के भीतर एक्स पर पोस्ट किया, 'हार के डर से भाजपा घबरा गई है और उसने अपने गुंडों से अरविंद केजरीवाल पर हमला करवा दिया है।' आप संयोजक ने यह भी कहा कि दिल्ली पुलिस ने शनिवार को चुनाव दिशानिर्देशों का पालन न करने का हवाला देते हुए आम आदमी पार्टी (आप) की डॉक्यूमेंट्री 'अनब्रेकेबल' की 18 जनवरी को स्क्रीनिंग रोक दी। आप संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर स्क्रीनिंग रोकने के लिए दिल्ली पुलिस का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। हालाँकि, दिल्ली पुलिस ने इन आरोपों से इनकार किया है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि डॉक्यूमेंट्री के प्रदर्शन के लिए 'कोई अनुमति' नहीं ली गई थी। पुलिस ने इस बात पर (शेष पृष्ठ 9)

## दिल्ली का सीरियल किलर गिरफ्त में पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से पकड़ा गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



● चंद्रकांत झा तीन हत्याओं के मामले में काट रहा था आजीवन कारावास की सजा

● अक्टूबर 2023 में पैरोल की अवधि समाप्त होने के बाद वह फरार हो गया था

**दिल्ली पुलिस** की अपराध शाखा ने सीरियल किलर चंद्रकांत झा को गिरफ्तार किया है। यह वह अपराधी है जिसने 2006 और 2007 के बीच राष्ट्रीय राजधानी को आतंकित किया था। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि आरोपी एक साल से अधिक समय से गिरफ्तारी से बच रहा था। यह मामले माडिया की सुर्खियों में रहा। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर एक डॉक्यूमेंट्री 'इंडियन प्रीडेटर: द बुचर ऑफ़ दिल्ली' भी बनी थी। अक्टूबर 2023 में पैरोल की अवधि समाप्त होने के बाद झा फरार हो गया था। शुक्रवार को पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से 57 वर्षीय झा को गिरफ्तार किया गया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (क्राइम ब्रांच) संजय कुमार सैनी ने बताया कि सघन अभियान के बाद यह कार्रवाई की गई। झा तीन हत्याओं के लिए आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। उन्होंने बताया कि उसकी गिरफ्तारी पर 50,000 रुपये का इनाम रखा गया था। अधिकारी ने आगे कहा, अपराध शाखा ने एक टीम बनाई जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल थे।

झा का पता लगाने के लिए अधिकारियों को बुलाया गया। छह महीने से अधिक समय तक टीम ने झा के परिवार, मित्रों और सहयोगियों के नेटवर्क का पता लगाया। उन्होंने उसके पिछले अपराध स्थलों की जांच की और दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार में फल और सब्जी मंडियों में लोगों से पूछताछ की, जहां झा ने कभी काम किया था। कॉल डेटा रिकॉर्ड का विश्लेषण करते हुए टीम ने एक संदिग्ध मोबाइल नंबर की पहचान की, जिससे टीम अंततः झा के पास तक पहुंच पाई। उन्होंने बताया कि 17 जनवरी को झा पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से बिहार भागने की फिराक में था, उस दौरान ही एक सुराग के आधार पर टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह बताया कि 2006 और 2007 के बीच झा ने कई वीभत्स अपराध किए थे। उसका अपराध करने का तरीका इतना खतरनाक और क्रूर था कि उसने दिल्ली को हिलाकर रख दिया था। मूल रूप से बिहार के रहने वाला झा दिल्ली में आजादपुर मंडी के पास रहता था और युवा पुरुषों से दोस्ती करते था, उन्हें नौकरी दिलाने और भोजन उपलब्ध कराने में मदद करते था। वह अक्सर प्रवासी युवाओं के साथ ऐसा करता था। छोटी-मोटी असहमतियां या कथित गलती पर ही वह गुस्से में आकर हत्या करने जैसा कदम उठा लेता था। (शेष पृष्ठ 9)



युद्धविराम समझौतेके बाद गाजा पट्टी से लौटते इजरायली सैनिक।

## इजराइल-हमास युद्धविराम समझौता आज से लागू होगा

**पीटीआई।** काहिरा

**कतर के** विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि हमास और इजरायल के बीच युद्ध विराम 24 घंटे से भी कम समय में लागू हो जाएगा। एक्स पर एक पोस्ट में विदेश मंत्री माजिद अल-अंसारी ने कहा कि संघर्ष विराम रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 8.30 बजे (6.30 जीएमटी) शुरू होगा, और लोगों को सावधानी बरतने और अधिकारियों के निर्देशों की प्रतीक्षा करने की सलाह दी। शनिवार की सुबह, इजरायल के मंत्रिमंडल ने गाजा में युद्ध विराम समझौते को मंजूरी दे दी, जिससे दर्जनों बंधकों को रिहा किया जा सकेगा और हमास के साथ 15 महीने से चल रहा युद्ध रुक जाएगा, जिससे दोनों पक्ष अपने सबसे घातक और विनाशकारी संघर्ष को समाप्त करने के एक कदम और करीब पहुंच जाएंगे।

युद्ध विराम की खबर के बावजूद, शनिवार को मध्य इजराइल में सायरन बजते रहे, तथा सेना ने कहा कि उसने यमन से प्रक्षेपित किए गए प्रक्षेपास्त्रों को रोक लिया है। ईरान समर्थित हौथियों ने हाल के सप्ताहों में अपने मिसाइल हमले बढ़ा दिए हैं। समूह का कहना है कि ये हमले उसके अभियान का हिस्सा हैं जिसका उद्देश्य गाजा में युद्ध को लेकर इजरायल और पश्चिमी देशों पर दबाव बनाना है। गाजा में भी इजरायली हमले जारी रहे। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि पिछले दिन कम से कम 23 लोग मारे गये। युद्ध विराम के पहले चरण के तहत, अगले छह सप्ताह में 33 बंधकों को रिहा किया जाएगा, जो कि इजरायल द्वारा कैद किए गए सैकड़ों फिलिस्तीनियों के बदले में होगा। शेष लोगों को, जिनमें पुरुष सैनिक भी शामिल हैं, दूसरे चरण में रिहा किया जाएगा, (शेष पृष्ठ 9)

## सैफ अली का संदिग्ध हमलावर पकड़ा गया

**टीएन रघुनाथ।** मुंबई



बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान और संदिग्ध हमलावर।

**रेलवे सुरक्षा बल** (आरपीएफ) के जवानों ने सैफ अली खान हमला मामले में 31 वर्षीय एक संदिग्ध को शनिवार दोपहर छत्तीसगढ़ के दुर्ग रेलवे स्टेशन से हिरासत में लिया, जिससे मुंबई पुलिस को उम्मीद की किरण दिखी, जो आरोपी की तलाश में थी। हमलावर को पकड़ने के लिए 48 घंटे से अधिक का समय लग गया। मुंबई पुलिस द्वारा दी गई सूचना के आधार पर आरपीएफ अधिकारियों ने संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया, जिसकी पहचान आकाश कैलाश कनौजिया के रूप में हुई। उसे मुंबई-हावड़ा ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस से उस समय हिरासत में लिया गया, जब ट्रेन दोपहर 2 बजे दुर्ग रेलवे स्टेशन पर पहुंची। दुर्ग रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, 'हमने मुंबई पुलिस द्वारा भेजी गई तस्वीर, ट्रेन नंबर और स्थान के विवरण के आधार पर संदिग्ध की पहचान की। वह जनरल डिब्बे में बैठा था। मुंबई पुलिस की एक टीम जल्द ही उसे हिरासत में लेने के लिए यहां पहुंचेगी।'

आरपीएफ की पूछताछ में पता चला कि संदिग्ध व्यक्ति बिना टिकट यात्रा कर रहा था। पूछताछ करने पर उसने पहले तो बताया कि वह नागपुर जा रहा है, लेकिन बाद में उसने अपनी गलती सुधारते हुए बताया कि वह बिलासपुर जा रहा है। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान संदिग्ध ने दावा किया कि वह दक्षिण मुंबई के बायकुला में रहता था। आरपीएफ अधिकारियों ने वीडियो कॉल के जरिए मुंबई पुलिस से उनकी बात कराने की व्यवस्था की। उम्मीद है कि मुंबई पुलिस की एक टीम शनिवार देर रात हिरासत में लिए गए संदिग्ध को हिरासत में लेगी और आगे की जांच के लिए उसे मुंबई ले आएगी।

हालांकि, दुर्ग रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ द्वारा हिरासत में लिए गए संदिग्ध व्यक्ति के संबंध में मुंबई पुलिस की ओर से कोई औपचारिक बयान नहीं आया है। अब तक पांच सीसीटीवी क्लिप सामने आ चुकी हैं, जिनमें से दो कथित तौर पर अभिनेता की बिल्डिंग सतगुरु शरण की सीढ़ियों की हैं, जिसमें वह ऊपर जाते और फिर नीचे आते दिख रहे हैं, एक बांद्रा स्टेशन पर शर्ट बदलते हुए दिख रही है और दो अन्य दादर की हैं। सैफ को छह बार चाकू घोंपा गया था, जिसमें रीढ़ की हड्डी पर भी एक घाव था। यह घाव उस समय हुआ था जब एक घुसपैठिया बांद्रा (पश्चिम) में 29वीं और 24वीं रोड के जंक्शन पर स्थित पॉश सतगुरु शरण इमारत की 12वीं मंजिल पर स्थित उनके अपार्टमेंट में घुस आया था। उत्तर-पश्चिम मुंबई में। अभिनेता पर चाकू से हमला गुरुवार को सुबह 2 से 2.30 बजे के बीच हुआ, जबकि अभी तक पहचाने नहीं जा सके घुसपैठिए ने चोरी का असफल प्रयास किया था।

लीलावती अस्पताल में भर्ती होने के बाद, अभिनेता की रीढ़ की हड्डी में फंसे चाकू को निकालने और रीढ़ की हड्डी में तरल पदार्थ के रिसाव को रोकने के लिए सर्जरी की गई। लीलावती अस्पताल के मुख्य परिचालन अधिकारी डॉ. नीरज उत्तमानी ने कहा, अभिनेता को छह चोटों के साथ हमारे अस्पताल लाया गया था, जिनमें से दो गहरी थीं। हमने उनकी रीढ़ के पास सर्जरी की और रीढ़ से चाकू का 2.5 इंच का टुकड़ा निकाला। (शेष पृष्ठ 9)

## धार्मिक ही नहीं कारोबारियों के लिए आर्थिक उत्सव का भी आयोजन है महाकुंभ

**बिस्वजीत बनर्जी।** महाकुंभनगर

**प्रयागराज** में महाकुंभ सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं है; यह पूरे उत्तर प्रदेश में विकास को गति देने वाले एक विशाल आर्थिक इंजन में तब्दील हो गया है। 40 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों के स्वागत के लिए जोरों पर चल रही तैयारियों के साथ, यह आयोजन राज्य के सभी 75 जिलों के कारीगरों, व्यापारियों और उद्यमियों के लिए आजीविका और अवसर का स्रोत बन गया है। 45 दिनों की अवधि के दौरान, इस विशाल आयोजन से कुछ देशों के सकल घरेलू उत्पाद के बराबर पैमाने पर आर्थिक गतिविधि उत्पन्न होने की उम्मीद है, जिसमें अकेले छोटे कारीगरों और सूक्ष्म उद्यमों को 10,000 करोड़ रुपये के ऑर्डर प्राप्त होंगे।

अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (सीएआईटी) के उत्तर प्रदेश प्रमुख महेंद्र गोयल ने कहा, 'यह सिर्फ श्रद्धालुओं के लिए एक आयोजन नहीं है। यह एक आर्थिक उत्सव है। राज्य सरकार के 7,500 करोड़ रुपये के निवेश से कम से कम 25,000 करोड़ रुपये का राजस्व उत्पन्न होगा और 2 लाख करोड़ रुपये का कारोबार संभव होगा। यह आस्था और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए जीत वाली स्थिति है। किराने का सामान, खाद्य तेल, सब्जियां, डेयरी उत्पाद, बिस्तर और आतिथ्य सेवाओं जैसी बुनियादी आवश्यकताओं की मांग बढ़ गई है। कानपुर, वाराणसी और गौतमबुद्ध नगर जैसे जिलों के उद्यमी इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं तथा किराना जैसे प्रमुख क्षेत्रों से 4,000 करोड़ रुपये तथा डेयरी उत्पादों से 4,200 करोड़ रुपये का योगदान होने की उम्मीद है। अवसरों की बाढ़ के बारे में बात करते हुए, कानपुर के एक सब्जी आपूर्तिकर्ता रवि तिवारी ने बताया, 'महाकुंभ के लिए मुझे जो ऑर्डर मिले हैं, वे आमतौर पर छह महीने में की जाने वाली आपूर्ति से कहीं अधिक हैं। यह आयोजन मेरे जैसे छोटे व्यवसायों के लिए एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम है।'

विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी कई गुना बढ़ गए हैं। भारतीय उद्योग संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने कहा, होटल, रेस्तरां, फूड स्टॉल, हवाई यात्रा, रेलवे और सड़क परिवहन जैसी सेवाओं की मांग में लगभग 80 गुना वृद्धि हुई है। निर्माण, सुरक्षा, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं में 10,000 से अधिक श्रमिक और अकुशल मजदूर कार्यरत हैं, जिनमें से कई कुशीनगर, बलिया और महाराजगंज जैसे जिलों से आते हैं। कारीगरों और निर्माताओं को अपने उत्पादों की अभूतपूर्व मांग देखने को मिली है। लघु उद्योग एवं निर्माता संघ ने खाद्यान्न, पूजा सामग्री, वस्त्र और स्मृति चिन्हों की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि की सूचना दी। उन्नाव, गाजियाबाद और मिर्जापुर जैसे क्षेत्रों के उद्यमियों को इसका सीधा लाभ मिला है। मिर्जापुर के एक कारीगर राजीव मिश्रा ने कहा, हम वर्षों में सबसे अधिक व्यस्त हैं। मिट्टी के बर्तनों और हस्तशिल्प के लिए ऑर्डरों की भरमार हो गई है और हम मांग को पूरा करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रयागराज में महाकुंभ मेला में पवित्र संगम में डुबकी लगाई।

इस आयोजन के लिए विकसित बुनियादी ढांचे से मेरठ, हापुड़ और लखनऊ जैसे जिलों को भी आर्थिक लाभ हुआ है, जहां सड़क निर्माण, स्वच्छता सुनिश्चित करने और उपयोगिताओं के रखरखाव के लिए श्रमिकों को नियोजित किया गया है। पर्यटन, परिवहन और पूजा सामग्री की बिक्री से मथुरा और हरदोई जैसे क्षेत्रों को और अधिक लाभ हुआ है। वाराणसी के एक होटल मालिक विनोद पांडे ने कहा, हमारे यहां महीनों से बुकिंग चल रही है। तीर्थयात्रियों का आगमन केवल प्रयागराज तक ही सीमित नहीं है। संगम में डुबकी लगाने के बाद वे वाराणसी आ रहे हैं। इस भारी भीड़ ने न केवल मेरे व्यवसाय को बढ़ावा दिया है, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार भी पैदा किया है। इसके अतिरिक्त, प्रमुख ब्रांडों ने महाकुंभ द्वारा प्रस्तुत अवसरों का लाभ उठाया है। कुल 82 उत्तर प्रदेश-आधारित ब्रांडों और 178 राष्ट्रीय ब्रांडों ने युवाओं के लिए 9,000 अस्थायी नौकरियां सृजित की हैं। अकेले इस आयोजन के लिए स्थापित तम्बू शहर में 2,000 से अधिक स्थायी पद सृजित हुए हैं। महाकुंभ 2025 न केवल आध्यात्मिक रूप से बल्कि आर्थिक रूप से भी एक एकीकृत शक्ति साबित हुआ है, जिसका प्रभाव राज्य के हर कोने में महसूस किया गया है। जैसा कि प्रयागराज के एक दुकानदार अशोक कुमार ने ठीक ही कहा, कुंभ सिर्फ तीर्थयात्रियों को नहीं लाता है; यह समृद्धि लाता है।

# अब कोई भी दबंग कमजोर व्यक्ति से नहीं छीन सकेगा जमीन का मालिकाना हक: मुख्यमंत्री

## ● सीएम योगी ने लाभार्थियों को वितरित की घरौनी

## ● पीएम मोदी ने बटन दबाकर घरौनी वितरण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**देशभर** में 2 करोड़ 23 लाख से अधिक घरौनियां बनायी गयी हैं जबकि अकेले उत्तर प्रदेश में 1 करोड़ 50 हजार से अधिक घरौनियां बनायी गयीं। इनमें से 37 हजार से अधिक गांव की 55 लाख 14 हजार से अधिक घरौनियों को पहले ही वितरण किया जा चुका है। वहीं आज शनिवार को 29 हजार से अधिक गांव की 45 लाख 35 हजार से अधिक घरौनियों का वितरण किया गया। इससे गांवों में प्रापर्टी को लेकर होने वाले विवादों में कमी आयी है। पहले दबंग कमजोर व्यक्ति की जमीन पर कब्जा कर लेता था, लेकिन पहली बार तकनीक का उपयोग करते हुए ड्रोन सर्वे के माध्यम से गांवों में घरौनी (कानूनी दस्तावेज) के जरिये घर का मालिकाना हक दिया जा रहा है, जिसे अब कोई भी दबंग नहीं छीन सकेगा। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने सरकारी आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से स्वामित्व योजना के तहत घरौनी वितरण कार्यक्रम में कही। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली बटन दबाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न राज्यों के लाभार्थियों से संवाद भी किया। वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर कई लाभार्थियों को घरौनी वितरित की।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम में घरौनी के लाभार्थियों से संवाद कर उनसे इसके लाभ के बारे में जानकारी हासिल की। लाभार्थियों ने बताया कि उनको कानूनी दस्तावेज के रूप में घरौनी मिलने से व्यापार करने के लिए आसानी से बैंक से लोन मिल रहा है। साथ ही भूमि संबंधी विवाद भी खत्म हो गया है। पीएम ने कार्यक्रम में 4 राज्य और एक केंद्र शासित प्रदेश के लाभार्थी से संवाद किया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घरौनियों के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पहले गरीब की 3 से 4 फुट जमीन दबंग इधर-उधर करके कब्जा कर लेते थे। वहीं स्वामित्व योजना के तहत ड्रोन सर्वे के जरिये गरीबों को उनका हक दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ड्रोन सर्वे के जरिये गरीबों को उनका वास्तविक हक दिलाया है। सीएम ने कहा कि अब तक एक करोड़ से अधिक लोगों को घरौनी वितरित की जा चुकी है। शेष 25 हजार को जल्द ही घरौनी वितरित की जाएगी। सीएम ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है जब ग्रामीण क्षेत्र में आबादी की जमीन पर बसे हुए लोगों को उनकी जमीन का कानूनी हक दिया जा रहा है। सीएम ने कहा कि प्रदेश में 57,000 से अधिक ग्राम पंचायत हैं। इन ग्राम पंचायत में एक-एक ग्राम सचिवालय के निर्माण का कार्य हो रहा है, जिससे हर गांव में रोजगार का सृजन हो रहा है। आज नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में हर ग्राम पंचायत अपने यहां पांच से सात लोगों को रोजगार दे रहा है। ऐसे में प्रॉपर्टी कार्ड भी अब स्वरोजगार के नये अवसर लेकर आया है।

पायनियर वर्गीकृत

NOTICE

I, DAMODAR PASWAN is father of No. 9423826F Rank- Hav, Name- Phuleshwar Paswan, Unit- 1/11 GR hereby declare that in my son's service records my Date of Birth is recorded as 14.02.1941 inadvertenetly while my correct Date of Birth is 01.01.1955.

NOTICE

I, SUK BAHADUR RAI is father of No. 9424794W Rank-L/Hav, Name- Suman Rai, Unit-6/11 GR hereby declare that in my son's service records my Date of Birth is recorded as 29.01.1958 inadvertenetly while my correct Date of Birth is 21.09.1955.

NOTICE

I, GITA RAI is mother No. 9424813W Rank NKName REWARD RAI Unit-6/11 GR, hereby declare that in my son's service records my date of birth is recorded as 11.04.1951 inadvertently while my correct Date of Birth is 01.01.1958

NOTICE

I, SATYAWATI RAI is mother of No. 9424794W Rank- L/Hav, Name- Suman Rai, Unit-6/11 GR hereby declare that in my son's service records my Date of Birth is recorded as 12.03.1963 inadvertenetly while my correct Date of Birth is 15.08.1961.

NOTICE

I, RUP NARAYAN RAI is father No. 9424813W Rank NK Name REWARD RAI Unit-6/11 GR, hereby declare that in my son's service records my date of birth is recorded as 06.12.1952 inadvertently while my correct date of birth is 16.12.1952.

सूचना

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, जो कि प्रथम पक्ष मालिक कामिल व काबिज तृतीय तल फ्लैट सं0-ए-15/33 (टू बेडरूम) टाइप-ए, ब्लाक-ए-15, आश्रय-1, सुलभ आवास, बिल्ट अप एरिया 59.69 वर्गमीटर स्थित आश्रय-1, सुलभ आवास, सेक्टर-6, गोमती नगर विस्तार, शहर लखनऊ के है जिसको प्रथम पक्ष ने जरिये विक्रय पत्र रजिस्ट्री दिनांक 08.11.2016 ई0 बही नं0-1, जिल्द सं0-19184 पृष्ठ सं0-1/72 क्रमांक नं0-16972 कार्यालय उपनिबन्धक द्वितीय, लखनऊ, श्री सत्येन्द्र कुमार शुक्ला पुत्र श्री सुभाष चन्द्र शुक्ला व श्रीमती सुमन शुक्ला पत्नी श्री सत्येन्द्र कुमार शुक्ला निवासीगण- ग्राम नारायणपुर पोस्ट जिनावा जिला बस्ती उ० प्र० से तथास्तु इन्फ्रा बिल्ड प्राइवेट लिमिटेड कॉर्पोरेट कार्यलय-ए अल/पी/05 अलखनन्दा अपार्टमेंट,रिवर व्यू, सेक्टर 4 गोमती नगर विस्तार लखनऊ 226010 निर्देशक विकास सिंह पुत्र वीरेंद्र प्रताप सिंह निवासी- ए अल/पी/05 अलखनन्दा अपार्टमेंट,रिवर व्यू, सेक्टर 4 गोमती नगर विस्तार लखनऊ 226010 से क्रय किया है। तथास्तु इन्फ्रा बिल्ड प्राइवेट लिमिटेड कॉर्पोरेट कार्यलय- ए अल/पी/05 अलखनन्दा अपार्टमेंट, रिवर व्यू, सेक्टर 4 गोमती नगर विस्तार लखनऊ 226010 निर्देशक विकास सिंह पुत्र वीरेंद्र प्रताप सिंह निवासी- ए अल/पी/05 अलखनन्दा अपार्टमेंट, रिवर व्यू, सेक्टर 4 गोमती नगर विस्तार लखनऊ 226010 से जरिये विक्रय पत्र रजिस्ट्री दिनांक 20.07.2019 ई0 बही नं0-1, जिल्द सं0-22666 पृष्ठ सं0-207 से 238 क्रमांक नं0-11374 कार्यालय उपनिबन्धक द्वितीय, लखनऊ, राजेश कुमार जैन पुत्र श्री विजय लाल जैन निवासी म0 नं0-36, शंकर नगर, निराला नगर लखनऊ 226020 क्रय किया है। जिसका आवंटन पत्र और कब्जा पत्र वास्तव में खो गया है अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो वह 15 दिन के अंदर राजेश कुमार जैन या इंडियन बैंक अमीनाबाद शाखा में संपर्क कर सकता है। राजेश कुमार जैन, मो0-9415610860

# सम्पत्ति कार्ड महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम: आनंदीबेन



## ● राज्यपाल बाराबंकी में आयोजित संपत्ति कार्ड वितरण कार्यक्रम में हुईं सम्मिलित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल बाराबंकी के जीआईसी ऑडिटोरियम के सभागार में आयोजित संपत्ति कार्ड वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने योजना के लाभार्थियों से संवाद भी किया। यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को उनकी आवासीय संपत्तियों का कानूनी अधिकार प्रदान करने और ग्रामीण विकास को गति देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल जी ने स्वयं कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों को सम्पत्ति कार्ड वितरित किए।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि स्वामित्व योजना ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को नई दिशा देने वाली ऐतिहासिक योजना है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से न केवल ग्रामीण जनता को उनकी आवासीय संपत्ति का कानूनी अधिकार दिया जा रहा है, बल्कि इससे उनकी आर्थिक स्थिति को भी मजबूती मिलेगी। राज्यपाल ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को जो कानूनी दस्तावेज दिए जा रहे हैं, वे बैंकों से ऋण प्राप्त करने और अपनी आजीविका सुधारने में सहायक होंगे। साथ ही, यह योजना भूमि विवादों को कम करने और ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का अवसर प्रदान कर रही है। राज्यपाल ने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि जो भी लाभार्थी सम्पत्ति कार्ड से वंचित हैं, उन्हें जल्द चिन्हित कर कार्ड वितरित किए जाएं। राज्यपाल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि स्वामित्व योजना न केवल वर्तमान को सशक्त बनाएगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक सुरक्षित भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी। राज्यपाल ने अपने संबोधन में महिलाओं की भागीदारी पर विशेष जोर देते हुए कहा कि स्वामित्व योजना के तहत दिए गए सम्पत्ति कार्ड में महिलाओं के नाम भी जोड़े जा रहे हैं, जिससे उनकी संपत्ति के अधिकार सुनिश्चित हो रहे हैं। उन्होंने इसे महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी दूरदर्शी नीतियों से देश बदल रहा है, महिलाएं सशक्त हो रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पिता की संपत्ति में बेटियों को बराबर का अधिकार दिया गया है। उन्होंने इस कानून का सदुपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि इसका दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। दहेज प्रथा के मुद्दे पर बोलते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि दहेज लेना और देना सामाजिक अपराध है और इसे पूरी तरह से बंद करने के लिए सभी को प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बहू को बेटी समझना चाहिए और उसका सम्मान करना चाहिए। ऐसा करने से दहेज प्रथा समाप्त होगी, अपराध कम होंगे, और लोग जेल जाने से बचेंगे। राज्यपाल जी ने उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता और नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशे पर खर्च होने वाले पैसे को बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च करना चाहिए। उन्होंने महिलाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे आज न केवल घर के बाहर काम कर रही हैं, बल्कि अपने बच्चों को योग्य बना रही हैं और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। इस अवसर पर खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं गरीबों, किसानों और वंचित वर्गों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और आत्मनिर्भरता का एक महत्वपूर्ण आधार है। इस योजना के माध्यम से ग्रामीणों को अपनी संपत्ति का कानूनी अधिकार प्राप्त हो रहा है, जिससे वे अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर पा रहे हैं। उन्होंने सभी लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि वे इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।

# सुनियोजित साजिश के तहत सीतापुर सांसद के खिलाफ दर्ज किया गया मुकदमा: अजय राय

## ● प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच कराने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सीतापुर** के कांग्रेस सांसद राकेश राठौर के खिलाफ कोतवाली में विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मुकदमे के पीछे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने साजिश की आशंका जताई है। जारी बयान में अजय राय ने कहा है कि राकेश राठौर पिछले कुछ समय से भूमाफियाओं एवं पुलिस महकमे में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठा रहे थे। उनकी यह लड़ाई सीतापुर के कुछ बहुत आपराधिक और दबंग किस्म के लोगों से थी। इतना ही नहीं अभी कुछ दिन पूर्व राठौर ने प्रेस वार्ता कर पुलिस महकमे में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई थी। राय ने कहा ऐसे हालात में ये सारी कार्यवाही एक सुनियोजित साजिश लग रही है। श्री राय ने कहा कि सीतापुर के जिस पुलिस तंत्र के भ्रष्ट और निरंकुश आचरण के खिलाफ श्री राठौर लड़ाई लड़ रहे हैं, उनसे निष्पक्ष जांच की उम्मीद बेमानी है। अत: कांग्रेस पार्टी ये मांग करती है कि इस मामले की तत्काल एक उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए ताकि वास्तविक सच बाहर आ सके।

# पूर्व सीएम वीर बहादुर सिंह की जयंती पर कांग्रेस नेताओं ने अर्पित किए श्रद्धासुमन



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर भारतीय राजनेता एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे स्व. वीर बहादुर सिंह की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने स्व. वीर बहादुर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर बृजेंद्र सिंह, विकास श्रीवास्तव, नितांत सिंह नितिन, विकास श्रीवास्तव डॉ आरिफ खान, अजहर फैज खान, एडवोकेट हर्ष वर्धन, रवीन्द्र पटेल, अजीत मौर्या आदि ने भी स्व. वीर बहादुर सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# 'इमरजेंसी' फिल्म से सत्ता में बैठे लोगों को लोकतंत्र में जनता की सर्वोच्चता समझ आएगी: राजेन्द्र चौधरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र चौधरी ने 'इमरजेंसी' फिल्म पर कहा कि इसके माध्यम से सत्ता में बैठे लोगों को लोकतंत्र में जनता की सर्वोच्चता समझ आएगी। इमरजेंसी मूवी में लगता है इतिहास की कई घटनाओं का कोलाज पेश किया गया है। कई घटनाक्रम सत्यता से परे है। कई कथन जो इंदिरा गांधी के मुंह से कहलाए गए हैं वस्तुत: उनके थे ही नहीं।




मूवी का जैसा नाम है वैसा आपातकाल का दृश्य न तो प्रमुखता में रहा और नहीं प्रभावी बन पाया है। पर यह सत्य तो है ही कि सत्ता का अहंकार जन आक्रोश के आगे हमेशा पराजित होता है। सपा प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने यह बात समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओ के साथ इमरजेंसी फिल्म देखने के उपरान्त कही। उन्होंने कहा कि आपातकाल पर बनी इस फिल्म को देखने के पीछे मेरी मंशा यह जानने की थी कि उस दौर में अभिव्यक्ति की आजादी और नागरिक स्वतंत्रता के लिए किए गए संघर्ष को पिक्चर में किस रूप में प्रकट किया गया है।

सत्तर का दशक संविधान प्रदत्त अधिकारों के हनन का था जिसके खिलाफ छात्रों- नौजवानों ने जेपी की अगुवाई में लोकतंत्र बहाली के सपनें को साकार करने का संघर्ष किया। ठीक उसी प्रकार की परिस्थितियां आज भी देश के सामने हैं। नागरिक अधिकारों को समाप्त करने का शड़यंत्रकारी प्रयास जारी है। संविधान संकट में है। भारत की विविधता पर खतरा मंड़रा रहा है। राजेन्द्र चौधरी के साथ जूही सिंह, फखरूल हसन चांद, नवीन धवन बंटी, आशीष यादव सोनू, मधुकर त्रिवेदी, मणेन्द्र मिश्र मशाल, डॉ. आशुतोष वर्मा, देवेन्द्र यादव जीतू, दद्दन खां, ज्ञानेश्वर पाण्डेय, सोनू कनौजिया, आदर्श सिंह, अब्दुल्ला आमिर, उदयवीर यादव, राहुल यादव, निखिल कनौजिया आदि ने भी मूवी देखी।

## सपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को दिया ज्ञापन

### ● तीन थानाध्यक्षों को हटाने व ग्राम प्रधानों पर दर्ज एफआईआर निरस्त करने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश को ज्ञापन देकर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मांग की है कि 273-मिल्कीपुर विधान सभा उप-चुनाव क्षेत्र में पुलिस थाना इनायतनगर के पुलिस थानाध्यक्ष देवेन्द्र पाण्डेय, पुलिस थाना कुमारगंज के पुलिस थानाध्यक्ष अमरजीत सिंह, पुलिस थाना खण्डासा के पुलिस थानाध्यक्ष संदीप सिंह को तत्काल प्रभाव से जनपद अयोध्या से बाहर स्थानान्तरित किया जाये व समाजवादी पार्टी के निर्दोश पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, ग्राम प्रधानों पर दर्ज झूठी, मनगढ़न्त, फर्जी एफआईआर निरस्त किया जाये जिससे भयमुक्त, स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न हो सके। पाल ने अपने ज्ञापन में कहा है कि 273-मिल्कीपुर विधान सभा उप-चुनाव क्षेत्र में पुलिस थाना इनायतनगर के पुलिस थानाध्यक्ष देवेन्द्र पाण्डेय व पुलिस थाना कुमारगंज के पुलिस थानाध्यक्ष अमरजीत सिंह व पुलिस थाना खण्डासा के पुलिस थानाध्यक्ष संदीप सिंह के द्वारा 7 जनवरी 2025 को चुनाव की घोषणा हो जाने के बाद से अब तक समाजवादी पार्टी के एक दर्जन से अधिक निर्दोष पदाधिकारियों, सेक्टर प्रभारियों, कार्यकर्ताओं, ग्राम प्रधानो के विरुद्ध झूठी, मनगढ़न्त, फर्जी एफआईआर दर्ज करके विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में भय का माहौल बनाया जा रहा है।



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से राजभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिष्टाचार मुलाकात कर वासुदेवशरण अग्रवाल रचित पुस्तक पाणिनिकालीन भारतवर्ष भेंट की

# आयुर्वेद की औषधियों का वैज्ञानिक ढंग से शोध सराहनीय कार्य: दयाशंकर मिश्र

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आयुष** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि आज के भागदौड़ भरी जीवन शैली में घाव हो जाने पर मनुष्य को जल्दी बिना दुष्प्रभाव के घाव ठीक होने की जरूरत है। इसमें आयुर्वेद की औषधियों का वैज्ञानिक ढंग से शोध कर जो तकनीक विकसित की गई है वह बहुत ही अधिक सराहनीय कार्य है।



यह बातें आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा दयाशंकर मिश्र दयालु ने शनिवार को राजकीय आयुर्वेद कालेज टुडियागंज लखनऊ में एक दिवसीय संगोष्ठी कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर कही। कार्यक्रम में व्रण प्रबंधन पर चर्चा की गई। मुख्य वक्ता के रूप में पद्म श्री प्रो मनोरंजन साहू, पूर्व निदेशक अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली एवं प्रो ज्ञान चंद , एंडोक्राइनोलॉजी विभाग, संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ ने व्रण प्रबंधन पर संगोष्ठी में चर्चा की। दयालु ने कहा कि इस प्रकार के जनहित में प्रयोग आने वाले शोध कार्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री जी के निर्देशन में हमारा आयुष मंत्रालय विभिन्न शोध कार्यों को करने हेतु अनुदान उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद कालेज लखनऊ में सभी प्रकार के घाव की इलाज की सुविधा उपलब्ध है। संगोष्ठी में प्रो मनोरंजन साहू जी ने बताया कि आयुर्वेद में वर्णित औषधियों को आईआईटी बी एच यू के तकनीकी सहयोग से घाव के भरने में प्रयोग की जाने वाली पट्टी को विकसित किया गया है। जिससे कि मरीज स्वयं से घर पर ही ड्रेसिंग कर सकता है। इससे उसका समय और आर्थिक व्यय भी बचता है। प्रो ज्ञानचंद ने बताया कि आयुर्वेद की औषधियों द्वारा घाव की देखभाल में पीजीआई द्वारा शोध किया गया है जिसके बहुत ही उत्साहजनक परिणाम देखने को मिले हैं।

# ईको टूरिज्म के जरिए स्थानीय रोजगार पैदा करने पर जोर: जयवीर

## ● महाकुम्भ में डिजिटल प्रदर्शनी पंडाल में राज्य के प्रमुख स्थलों का दर्शन कर सकेंगे श्रद्धालु

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

**उत्तर** प्रदेश पर्यटन द्वारा महाकुम्भ-2025 प्रयागराज के अवसर पर डिजिटल प्रदर्शनी पंडाल की स्थापना की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य महाकुम्भ में देश-दुनिया से आने वाले पर्यटकों/ श्रद्धालुओं को राज्य में व्याप्त पर्यटन की असीम संभावनाओं से परिचित कराना है। यह महाकुम्भ-2025 की अवधारणा (दिव्य, भव्य एवं डिजिटल) पर आधारित है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदर्शनी पंडाल में एनामार्फिक डिजिटल वॉल के माध्यम से उत्तर प्रदेश के पर्यटन गंतव्यों को प्रदर्शित किया गया है।

पंडाल में आने वाले पर्यटकों/ श्रद्धालुओं को महाकुम्भ के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के पर्यटन गन्तव्यों को प्रदर्षित कर वहां भ्रमण हेतु प्रेरित करने का प्रयास किया गया है। पंडाल में ईको टूरिज्म सें सम्बन्धित गन्तव्यों स्थल पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। इस पंडाल की समृद्ध संस्कृति का भी प्रदर्शन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश इसके अलावा उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध हस्तशिल्प उत्पाद को भी दर्शाया जा रहा है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश की समृद्धशाली सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक विरासत को एक पण्डाल में प्रदर्शित किया जा रहा है। इसमें उत्तर प्रदेश पर्यटन से संबंधित आनलाइन क्वीज का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र डिजिटली प्रदान किया जायेगा। इस प्रदर्शनी पंडाल में विभाग द्वारा पर्यटन गन्तव्यों पर निर्मित कराई गई एआर-वीआर फिल्मों को प्रदर्शित किया जा रहा है। पर्यटकों को प्रदर्शनी पंडाल से ही पर्यटन गन्तव्यों का 360 डिग्री व्यू देखने को मिलेगा। जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटकों की सुविधा के लिए प्रयागराज के रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन के साथ-साथ महाकुंभ क्षेत्र में परेडग्राउंड, नागवासुकी मंदिर, अरैल आदि स्थान पर्यटन सूचना केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तीव्र गति से विकास करने वाला राज्य है।

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (श्री वीरेंद्र सिंह पुत्र श्री विजय सिंह) प्लॉट भूमि क्षेत्र 1298.60 वर्ग मीटर, (बिक्री विलेख दिनांक 20.11.2007 दस्तावेज संख्या 6200 के अनुसार) और प्लॉट भूमि क्षेत्र 1935.60 वर्ग मीटर (बिक्री विलेख दिनांक 29.03.200 दस्तावेज संख्या 2305 के अनुसार) ग्राम मानपुर, परगना सरसावा, तहसील बहेड़ी, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश के मालिक हैं। और संपत्ति श्रृंखला में ऊपर वर्णित दो बिक्री विलेखों की मूल प्रतियां ग्राहक के पास खो गई हैं/उपलब्ध नहीं हैं और ऑनलाइन एफआईआर पहले ही दर्ज की जा चुकी है। एलआर संख्या 20250000037834 यदि किसी के पास उक्त संपत्ति पर कोई प्रभार/हित/शीर्षक है या किसी प्रकार का विवाद है तो कृपया वर्तमान तिथि से 07 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप से नीचे हस्ताक्षरकर्ता का ऐसा न करने पर और मुझे पता है कि बंधक संपत्ति के साथ चूक की स्थिति में स्वामी विवेकानंद उच्चतर मा विद्यालय (श्री वीरेंद्र सिंह पुत्र श्री विजय सिंह) इसके लिए जिम्मेदार है।

Sonali Ghosh (Advocate) B-220, 2nd Floor, Noida One, Tower-B, Sector-62, Noida, U.P.

# निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों पर हो केयरटेकर की तैनाती: योगी

## मुख्यमंत्री ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

● मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एसडीएम और बीडीओ को निराश्रित गोवंश स्थलों का निरीक्षण करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने गोवंश के लिए हरे चारे की अधिकाधिक उपलब्धता के लिए किसानों को प्रेरित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि किसानों को प्रेरित करने के लिए गोष्ठी का आयोजन भी किया जाए।

मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि किसानों से हरा चारा खरीद कर गोशालाओं को उपलब्ध कराया जाए, इससे किसानों की आय में वृद्धि भी होगी। उन्होंने कहा कि जिले में हरे चारे की खपत का आंकलन किया जाए। इसके बाद मांग के अनुसार हरे चारे के उत्पादन के लिए किसान और एफपीओ से संपर्क किया जाए। इस दौरान किसानों को हरे चारे के उत्पादन के लिए प्रेरित करने के साथ उन्हे उचित रेट भी दिया जाए। इससे हरे चारे के उत्पादन के प्रति किसानों का रुझान बढ़ेगा। साथ ही उनकी आय में भी बढ़ोत्तरी होगी। इसकी जिम्मेदारी जिलाधिकारी को दी जाए। सीएम ने अधिकारियों को भूसे और हरे चारे के लिए वेयरहाउस बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मकई, ज्वार, बाजरा और बरसीम आदि हरा चारा तीन से चार माह चल जाता है। ऐसे में इसके लिए वेयरहाउस बनाएं। उन्होंने इसकी जिम्मेदारी जिलाधिकारी को सौंपने के निर्देश दिये ताकि उसकी प्रापर मॉनीटरिंग हो सके। मुख्यमंत्री ने गो आश्रय स्थलों में शत-प्रतिशत सीसीटीवी लगाने, सड़क किनारे स्थित ग्रामों के पशुपालकों के गोवंशों के गले में रेडियम पट्टी लगाने, ग्रीष्म एवं शीत ऋतु से बचाव के लिए पफ पैनल की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश भी दिये। वहीं, निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, संबंधित उपजिलाधिकारी और खंड विकास अधिकारी इन स्थलों का तय अंतराल पर निरीक्षण करते रहें। सभी निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों पर केयरटेकर की तैनाती होनी चाहिए और इनके कार्यों का सतत अनुश्रवण भी किया जाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों पर छायादार वृक्ष लगाए जाने के भी निर्देश दिए। साथ ही कहा कि निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों में अच्छी व्यवस्था के लिए नगर विकास और ग्राम्य विकास विभाग भी सहयोग करे।

# एक दर्जन लापरवाह चिकित्सा अधिकारियों पर गिरी गाज

● चिकित्सकीय व्यवस्था को खराब करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी: पाठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विभागीय** कार्यों में लापरवाही, उच्चाधिकारी के आदेशों की अव्हेलना कई चिकित्साधिकारी पर भारी पड़ी। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने 12 चिकित्साधिकारियों का अलग-अलग जिलों में तबादला कर दिया है। उप मुख्यमंत्री का कहना है कि चिकित्सकीय व्यवस्था को खराब करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। हमारी सरकार प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। अस्पताल में आने वाले मरीज हमारी पहली प्राथमिकता हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि पिछले कई दिनों से पं. दीन दयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय, वाराणसी में कई चिकित्साधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा अवैधानिक रूप से धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसके कारण रोगियों को चिकित्सकीय सुविधाएं मिलने में परेशानी हो रही थी। इस पूरे प्रकरण की जांच अपर निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण, वाराणसी मंडल एवं मुख्य चिकित्साधिकारी वाराणसी से कराई गई है। जांच रिपोर्ट में संज्ञान मिला कि उक्त चिकित्सालय में पांच चिकित्सा अधिकारियों डॉ. पवन कुमार सिंह, डॉ. कृष्ण जी पांडेय, डॉ. कृष्ण कुमार बरनवाल, डॉ. शिवपूजन मौर्य तथा रविंद्र नाथ सिंह द्वारा प्राइवेट प्रैक्टिस की जा रही थी, जिसकी बार-बार शिकायत मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिग्विजय सिंह से की गई लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया और न ही उच्चाधिकारियों को इस प्रकरण की जानकारी दी। सभी चिकित्साधिकारियों के प्रदेश के अलग-अलग जिलों में तबादले कर दिए गए हैं।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय, वाराणसी के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिग्विजय सिंह को संयुक्त निदेशक, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, लखनऊ एवं इसी चिकित्सालय में तैनात वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. पवन कुमार सिंह को वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय, महाराजगंज, चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्ण जी पांडेय को चिकित्साधिकारी, जिला संयुक्त चिकित्सालय, अंबेडकरनगर, चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार बरनवाल को चिकित्साधिकारी, जिला चिकित्सालय, बलरामपुर, चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिवपूजन मौर्य को चिकित्साधिकारी, जिला संयुक्त चिकित्सालय, श्रावस्ती, वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. रविंद्र नाथ सिंह को वरिष्ठ परामर्शदाता, जिला चिकित्सालय, बांदा स्थानांतरित कर दिया गया है। वहीं, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय, बाराबंकी ब्रजेश कुमार को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय, वाराणसी, चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय, महाराजगंज डॉ. प्रमोद कुमार को चिकित्साधिकारी प. दीन दयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय, वाराणासी, चिकित्साधिकारी, परामर्शदाता, जिला संयुक्त चिकित्सालय, अंबेडकर नगर डॉ. मेहीलाल पटेल को परामर्शदाता पं, दीन दयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय, वाराणसी, जिला चिकित्सालय, बलरामपुर डॉ. राकेश कुमार पांडेय को चिकित्साधिकारी पं. दीन दयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय, वाराणासी, परामर्शदाता, जिला संयुक्त चिकित्सालय, श्रावस्ती डॉ. कौशल कुमार को परामर्शदाता पं. दीन दयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय, वाराणसी एवं परामर्शदाती, जिला चिकित्सालय बांदा डॉ. अशोक कुमार को परामर्शदाता, पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय, वाराणसी ट्रांसफर्र कर दिया गया है।

# युवाओं को खूब भाए खादी के परिधान, जमकर हुई खरीदारी



● उद्यमियों को मिला ऑनलाइन मार्केटिंग का फायदा

● यूपी सहित 7 राज्यों के उत्पादों ने खादी महोत्सव में बिखेरा जलवा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व और निर्देशन में खादी को नई पहचान मिल रही है। उन्होंने खादी को भारतीय स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता के प्रतीक के रूप में स्थापित किया है। लखनऊ में एक सप्ताह तक चले खादी महोत्सव ने विभिन्न वर्गों के लोगों को आकर्षित किया, विशेषकर युवा वर्ग में खादी के उत्पादों के प्रति उत्साह बढ़ाया।

खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित खादी महोत्सव-2025 में लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 2.54 करोड़ रुपये से अधिक की खादी और अन्य वस्तुओं की बिक्री हुई। इस महोत्सव का उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करना था, जिसमें उत्तर प्रदेश के साथ-साथ अन्य राज्यों के उद्यमी भी अपने उत्कृष्ट खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों का प्रदर्शन किया। जिसमें महाराष्ट्र, बिहार, उत्तराखंड, झारखंड, पश्चिम बंगाल और राजस्थान जैसे राज्यों के उद्यमी भी अपने उत्कृष्ट खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों का प्रदर्शन किया। आधुनिक तकनीकों से निर्मित खादी के परिधान युवा पीढ़ी को खूब भाया। यहां प्रदर्शित उत्पादों में सूती, ऊनी, पोली रेशम के वस्त्र, लकड़ी और मिट्टी से बने खिलौने और बर्तन, पंलगपोस, चादरें, और कोट-सदरी जैसे विविध आइटम्स शामिल थे। इसके अलावा, उद्यमियों को उनके उत्पादों को व्यापक बाजार में पहुंचाने के लिए ऑनलाइन मार्केटिंग की सुविधा भी दी गई।

इस महोत्सव ने स्थानीय उद्यमियों को साहस और प्रेरणा दी है, जो न केवल राज्य बल्कि पूरे देश के लिए एक मिसाल स्थापित करते हैं। युवा पीढ़ी को आधुनिक तकनीकों से निर्मित खादी के उत्पादों का प्रति उत्साह और रुचि बढ़ाने में इस महोत्सव का बड़ा हाथ है। इस रूप में, योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश न केवल खादी के उत्पादन में वृद्धि कर रहा है, बल्कि उद्यमियों को बढ़ते भारतीय व्यापार के नए आयाम स्थापित करने में भी मदद मिल रही है। बीते साढ़े सात वर्षों में प्रदेश के लोगों में त्योहारों में स्वदेशी उत्पादों प्रति जागरूकता बढ़ी है। स्थानीय उत्पाद न केवल स्थानीय कलाकारों को रोजगार दे रहे हैं, बल्कि भारत के विकास में भी योगदान भी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि खादी महोत्सव कलाकारों, बुनकरों, और उद्यमियों को अपनी कला प्रदर्शित करने और नई तकनीकों को सीखने का अवसर प्रदान करता है।

खादी महोत्सव न केवल खादी और ग्रामोद्योग को प्रोत्साहित कर रहा है, बल्कि देशभर के कलाकारों और उद्यमियों को एक मंच पर ला रहा है। खादी के अंतरराष्ट्रीय बाजार में मांग तेजी से बढ़ रही है। खादी और हथकरघा के उत्पाद पर्यावरण अनुकूल हैं और आधुनिक फैशन में भी लोकप्रिय हो रहे हैं।

## हत्यारोपी को आजीवन कारावास

विधि संवाददाता। लखनऊ


**हत्या** के एक मामले में दोषी करार दिए गए आरोपी शकील अहमद को सत्र अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह बिहार के पूर्वी चंपारण का रहने वाला है। एडीजे नरेन्द्र कुमार, तृतीय ने इस पर 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। 25 अगस्त 2014 को इस मामले की एफआईआर नरेश यादव ने थाना कृष्णानगर में दर्ज कराई थी। उस रोज सुबह उसने देखा कि वीवीआईपी रोड के डिवाइडर पर एक युवक की लाश पड़ी है। सरकारी वकील अरुण पांडेय के मुताबिक विवेचना के दौरान मृतक की पहचान रहमत आलम के रूप में हुई। जांच में मालूम हुआ कि रहमत आलम बिहार से आकर अपने भाई सरफराज के साथ यहां मजदूरी करता था। शकील भी साथ में मजदूरी करता था। लेकिन गांव की प्रापर्टी को लेकर सरफराज अपने भाई रहमत से रंजिश रखता था। इसी रंजिश में उसने शकील के साथ मिलकर रहमत की बांके से हत्या कर लाश को डिवाइडर पर फेंक दिया था। इस वारदात को अंजाम देने के बाद से सरफराज आज तक फरार है। लिहाजा उसके मुकदमे की पत्रावली अलग कर दी गई। जबकि शकील को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

# पागल कुत्ते का आतंक, बच्चों को नोचकर किया जख्मी

● मोहनलालगंज के मऊ गांव में दो दिन से लाठी डंडा लेकर पहरा दे रहे लोग

संवाददाता। मोहनलालगंज






**नगर** पंचायत के मऊ गांव में दो दिन से मादा पागल कुत्ते ने आतंक मचा रखा है।दहशतजदा बच्चों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। मादा पागल कुत्ता अब तक कई बच्चों को दौड़ाकर नोच चुकी है। लिहाजा लोगों को हाथों में लाठी डंडा लेकर मोहल्ले की रखवाली करनी पड़ रही है। हालांकि नगर पंचायत प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।

मोहनलालगंज नगर पंचायत के मऊ गांव में बड़ी मस्जिद के आसपास मोहल्ले में आवारा मादा कुत्ता शुक्रवार की सुबह अचानक अपने बच्चों को नोचने लगी। लोगों ने उसे दौड़ाया तो उसने मोहल्ले में खेल रहे बच्चों पर हमला कर दिया। पागल कुत्ते ने यशु अक्षत कीर्ति और कनक समेत कुछ अन्य बच्चों को नोचकर जख्मी कर दिया। अभिभावकों ने जख्मी बच्चों को सीएचसी ले जाकर प्राथमिक उपचार के बाद वैक्सीनेशन कराया। उधर पागल कुत्ते के आतंक से परेशान लोगों ने बच्चों को सारा दिन घर से बाहर नही निकलने दिया। शनिवार की सुबह होते ही मादा पागल कुत्ता फिर मोहल्ले में नजर आया। बच्चों को नोचने दौड़े मादा कुत्ते को लोगों ने डंडा लेकर दौड़ा लिया। तब जाकर वह वहां से भागी लेकिन फिर आगे जाकर उसने बतख के झुण्ड पर हमला कर दिया। एक बात को बुरी तरह नोच डाला। जिसे लेकर शनिवार को लोग हाथों में लाठी डंडा लेकर आवागमन करने को विवश रहे। हालांकि दो दिन से पागल कुत्ते के हमले की खबर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बावजूद नगर पंचायत के अधिकारियों ने मामले की सुध नही ली। हालांकि पुलिसकर्मी जरूर गश्त करने पहुंचे।

# डीएवी कालेज में आज से प्रांरभ होगी सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**श्रीराधारमण** सेवा समिति के तत्वाधान में डीएवी कालेज में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। यह जानकारी शनिवार को डीएवी कालेज में प्रेस कांफ्रेंस के दौरार आयोजक अमरनाथ मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि राधारमण वृन्दावन के आचार्य परमाराध्य मन्माध्व गौड़ेश्वर वैष्णावाचार्य, पुंडरीक गोस्वामी महाराज के द्वारा लखनऊ में पहली बार कथा कही जा रही है। आए हुए भक्तों को पुण्डरीक महाराज द्वारा मधुर भजनों एवं रसमय कथा प्रसंगों से ओत-प्रोत करते रहेंगे, श्रीमद् भागवत की अनेक अद्भुत कथाएं सुनने, दिब्य प्रसंगों लीलाओं का आनन्द श्रोता ले सकेंगे, प्रत्येक दिन अलग-अलग भोग का प्रसाद वितरण किया जायेगा। कथा 19 जनवरी से प्रारम्भ होगी और 25 जनवरी को समापन होगा, जिसमें 19 जनवरी को सायं 4 बजे से 7 बजे तक, 20 जनवरी से 24 जनवरी तक दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक एवं 25 जनवरी को प्रात: 10 से 1 बजे तक कथा कही जायेगी, तत्पश्चात भण्डारे का आयोजन किया गया है। एक हजार भक्तों को बैठने के लिए भव्य पण्डाल लगवाया गया है, कथा स्थल के समीप चरण पदुका स्टैण्ड बनवाया गया है। ठंड को देखते हुए चाय की व्यवस्था की गयी है, कथा व्यवस्था को देखने के लिए 200 स्वयं सेवक भक्त लगाये गये है जो कि मुख्य द्वार से कथा स्थल तक भक्तों को पहुचाने का कार्य करेंगे।

प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य रूप से आयोजक राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, अमरनाथ मिश्र, लोकेश अग्रवाल, समीर मित्तल, नवीन गुप्ता, शिवम अग्रवाल, आनन्द रस्तोगी, राहुल गुप्ता संयोजक मनमोहन तिवारी, सुनील मिश्र, मनोज राय,अनुराग मिश्र(पार्षद) सन्दीप शर्मा (पार्षद), साकेत शर्मा, चारू मिश्र, अरविन्द तिवारी, कुश मिश्र, ऋतुराज रस्तोगी, सुमित गुप्ता, अमित अग्रवाल, विवेक अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले गिरोह के दो तस्कर गिरफ्तार, 30 लाख की चरस बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**एसटीएफ** ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के दो तस्करों को उन्नाव जिले के अचलगंज रेलवे स्टेशन के करीब से गिरफ्तार किया। तस्करों के कब्जे से तीस लाख रुपए मूल्य की 6.77 किलोग्राम चरस बरामद हुई।

गिरफ्तार तस्करों में गणपत यादव भवानीपुर बाजार, थाना नकरदेही, जनपद मोतिहारी, बिहार और इसरार उर्फ गुड्डू शाहीनगर, शुक्लगंज, उन्नाव का रहने वाला है।

गिरफ्तार अभियुक्त गणपत यादव ने बताया कि वह मोतिहारी (बिहार) में मजदूरी का काम करता है। उसे एक व्यक्ति मिला जो अपना नाम उजैर बताया।

उजैर ने इससे कहा कि यूपी के कानपुर में रहने वाले इसरार उर्फ गुड्डू के पास कुछ सामान (चरस) पहुंचाना है। जिसके बदले प्रति चक्कर पांच हजार रुपए मिलेगा। इसी लालच में आकर यह मोतिहारी से चरस की खेप लाकर उत्तर प्रदेश में सप्लाई करने लगा। इसके पूर्व में 5-6 बार इसरार उर्फ गुड्डू को चरस सप्लाई कर चुका है।अभियुक्त इसरार उर्फ गुड्डू ने बताया कि वह एनडीपीएस एक्ट में कानपुर जेल में बन्द था।

इसी दौरान जेल में ही इसकी मुलाकात उजैर से हुई थी। जेल से छूटने के बाद उजैर ने इससे सम्पर्क किया और चरस तस्करी करने को कहा। इसके बाद यह उज्जैर से चरस की खेप मंगाकर उन्नाव एवं आस पास के जनपदों में सप्लाई करने लगा।

## सुनील चौधरी बने भारतीय वन सेवा एसोसिएशन यूपी चैप्टर के संरक्षक

**लखनऊ।** भारतीय वन सेवा एसोसिएशन उत्तर प्रदेश चैप्टर की आम सभा की बैठक में सर्वसम्मति से भारतीय वन सेवा एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के 1989 बैच के सुनील चौधरी को संरक्षक, 1995 बैच के राम कुमार को अध्यक्ष व संजॉय बनर्जी को 1997 बैच के उपाध्यक्ष चुने गया। नयी कार्यकारिणी में 1997 बैच के पीपी सिंह सचिव, 2018 बैच के प्रखर गुप्ता संयुक्त सचिव, 2019 बैच के शितांशु पाण्डेय को, कोषाध्यक्ष एवं 2021 बैच के स्वाति, सांस्कृतिक सचिव सहित पदाधिकारियों को सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से चुना गया।

# न्यायिक सेवा प्राधिकरण के नवीन कार्यालय भवन का लोकार्पण

● एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यक्रम भी किया गया आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**न्यायमूर्ति** भूषण रामकृष्ण गवई, न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय/ कार्यपालक अध्यक्ष, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा शनिवार को उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के नवनिर्मित कार्यालय भवन 4/7 गोमती नगर विस्तार, लखनऊ का उद्घाटन शिलापट्ट का अनावरण करके एवं फीता काटकर किया गया। तदोपरान्त कारागार मुख्यालय द्वारा प्रदर्शित एक जेल एक प्रोडक्ट के स्टाल का निरीक्षण करते हुए कारागार द्वारा बन्दियों के पुनर्वास हेतु किये जा रहे कार्यक्रमों की सराहना की गयी। इस अवसर पर नवनिर्मित भवन के प्रागंण में वृक्षारोपण भी किया गया।

न्यायमूर्ति द्वारा यूपी राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, गोमतीनगर लखनऊ में आयोजित एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति अरूण भंसाली, मुख्य न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय/ मुख्य संरक्षक, यूपी राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता, वरिष्ठ न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय/ कार्यपालक अध्यक्ष, यूपी राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, न्यायमूर्ति अंजनी कुमार मिश्रा, न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय/ अध्यक्ष उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, इलाहाबाद, न्यायमूर्ति एआर मसूदी, वरिष्ठ न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय खण्डपीठ लखनऊ/अध्यक्ष उच्च न्यायालय विधिक सेवा उपसमिति, लखनऊ तथा इलाहाबाद उच्च न्यायालय एवं लखनऊ खण्डपीठ के न्यायमूर्तिगण भी उपस्थित रहे। साथ ही निदेशक, न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, प्रमुख सचिव न्याय, संजय सिंह-प्रथम, सदस्य सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, न्यायिक अधिकारीगण, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निदेशक नायक समरेन्द्र पी. उपस्थित रहे। एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यक्रम में समस्त सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवनियुक्त प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सिविल जज, प्रदेश के समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, लखनऊ के निकटस्थ जनपदों के चीफ एवं डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, मध्यस्थ, पैनल अधिवक्ता, पराविधिक स्वयं सेवक तथा लॉ कालेज एवं विश्वविद्यालय के छात्र/ छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता, कार्यपालक अध्यक्ष उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अपने स्वागत सम्बोधन में मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई, न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय/ कार्यपालक अध्यक्ष, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्तिगण तथा समस्त उपस्थित अतिथियों का अभिवादन किया गया तथा राज्य प्राधिकरण की उपलब्धियों के बारे में अवगत कराते हुए बताया गया कि विगत वर्षो में राज्य प्राधिकरण ने विधिक सेवा के समस्त आयामों में सत्त प्रगति की है और लोक अदालतों में सर्वाधिक वादों का निस्तारण कराकर लोगों को लाभ दिलाया गया। न्यायमूर्ति अंजनी कुमार मिश्रा द्वारा गुणवत्तापरक विधिक सहायता प्रदान किये जाने पर विशेष बल दिया गया।

# बकाए की नोटिस लेकर भटक रहे लोगों को मिली राहत, विभाग ने निष्क्रिय किए बिल

● मध्यांचल प्रबन्धन की नाराजगी के बाद हरकत में आए अमौसी जोन के अधिकारी

संवाददाता। मोहनलालगंज

**बकाया** चुका कर बिजली कनेक्शन कटवाने के बावजूद लाखों के बकाए की नोटिस भेजकर लोगों को परेशान करने की शिकायतों को लेकर बिजली विभाग ने सख्त रुख अख्तियार किया है। अमौसी जोन के अफसरों ने मामले का संज्ञान लेकर बकाए बिल को निष्क्रिय कर दिया है। साथ ही मातहतों को सभी पीडी कनेक्शन निष्क्रिय करने की हिदायत दी गई है। जिसकी सूचना मिलने के बाद प्रभावित परिवारों ने राहत की सांस ली है।

मोहनलालगंज नगर पंचायत के मऊ निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता शिव अटल सिंह ने 8 वर्ष पूर्व बकाया चुकाकर कमर्शियल कनेक्शन कटवा दिया था। लेकिन विभाग के अधिकारियों ने हाल ही में उन्हें लाखों के बकाए की नोटिस भेजकर जल्द बकाया नही चुकाने पर भू राजस्व के जरिए वसूलने की चेतावनी दी। इसी तरह गांव के ही शिव कुमार गुप्ता ने एक वर्ष पूर्व बकाया बिल चुकाकर मृतक पिता राधारमण के नाम चल रहा बिजली कनेक्शन स्थाई रूप से विच्छेदित करवा दिया। फिर भी चार दिन पूर्व बिजली विभाग ने उनके मृतक पिता के नाम दो लाख से अधिक बकाए की नोटिस भेज दी। यही नही पदमिन खेड़ा निवासिनी कुंवारा के नाम बिजली कनेक्शन है। जिसका वह नियमित बिल जमा करती हैं। फिर भी बिजली विभाग ने हाल ही में उनके पति गोकरन के नाम हजारों रुपए बकाए की नोटिस घर भेज दी। नोटिस मिलने के बाद भटक रहे लोगों की परेशानी को लेकर पायनियर ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की। जिसे मध्यांचल प्रबन्धन ने गम्भीरता से लेते हुए मातहतों से नाराजगी जताई। जिसके बाद अमौसी जोन के अफसरों ने तीनों बकाए बिल निष्क्रिय कर दिए। अधिशासी अभियन्ता श्रवण कुमार सिंह ने बताया इस प्रकार की नोटिस मिलने के बाद किसी को भी परेशान होने की जरूरत नही है। लोग इस तरह की नोटिस और अदेयता प्रमाण पत्र लेकर सीधे उनसे मिलकर समाधान करा सकते हैं। सभी एसडीओ से भी कहा गया है कि फील्ड में इस तरह की शिकायत मिलने पर नोटिस वितरित कर रहे कर्मचारी तुरन्त नोटिस वापस लाकर सब डिवीजन पर जानकारी दें ताकि शिकायतों को दूर किया जा सके।

## फटकार के बाद सब्जी विक्रेता का बिल बना नौ हजार

**मोहनलालगंज** के उदवत खेड़ा निवासी सब्जी विक्रेता ओम प्रकाश आरडीएफ बिल दुरुस्त कराने के लिए साल भर से भटक रहे थे। पायनियर में मामले की खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद अफसरों ने फटकार लगाकर उपभोक्ता का बिल ठीक करने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियन्ता श्रवण कुमार सिंह ने बताया उपभोक्ता ओमप्रकाश का बिल संशोधन के बाद लगभग नौ हजार बना है। उपभोक्ता को संशोधित बिल जमा करने के लिए कहा गया है।

# सातवीं विधानसभा सिर्फ 74 दिन ही चली : रिपोर्ट

## पिछली सभी विधानसभाओं की तुलना में सबसे कम दिन चली कार्रवाई, सिर्फ नौ दिन प्रश्नकाल आयोजित

● थिंक टैंक पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च की एक रिपोर्ट में हुआ खुलासा



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की सातवीं विधानसभा अपने पांच साल के कार्यकाल में सिर्फ 74 दिन ही चली, जो पिछली सभी विधानसभाओं की तुलना में सबसे कम संख्या है। थिंक टैंक पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च की एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विधानसभा सत्र हर साल और उसे कई भागों में विभाजित किया जाता था।

हर साल के सत्रों को बिना किसी सत्रावसान के स्थगित कर दिया जाता और उन्हें भागों में विभाजित किया जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके परिणामस्वरूप कई मौकों पर सदन की बैठक सिर्फ एक या दो दिन के लिए हुई। 74 दिनों की बैठक में से नौ दिन प्रश्नकाल आयोजित किया गया। सदस्यों को 12 दिन पहले प्रश्न प्रस्तुत करने होते हैं। अन्य अवसरों पर, विधानसभा की बैठकों की घोषणा औसतन सात दिन पहले की जाती थी, जिससे प्रश्न प्रस्तुत करने के लिए अपर्याप्त समय मिलता था। हालांकि 2020 और 2025 के बीच, विधायकों ने औसतन एक साल में 219 प्रश्न पूछे। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2019 से 2024 के बीच लोकसभा में सांसदों ने औसतन एक साल में 8,200 सवाल पूछे। रिपोर्ट में कहा गया है कि सत्र उपराज्यपाल बुलाते और स्थगित करते हैं, जबकि सत्र के दौरान स्पीकर बैठक बुलाते हैं। सातवीं दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र 20 फरवरी, 2020 को शुरू हुआ था और पांच भागों में आयोजित होने के बाद 3 मार्च, 2021 को स्थगित कर दिया गया था। दूसरा सत्र 3 मार्च, 2021 को शुरू हुआ और चार भागों में के बाद 8 मार्च, 2022 को स्थगित कर दिया गया। तीसरा सत्र 8 मार्च, 2022 को शुरू हुआ और चार भागों के बाद 9 मार्च, 2023 को स्थगित कर दिया गया। चौथा सत्र 9 मार्च, 2023 को बुलाया गया और 7 फरवरी, 2024 को स्थगित कर दिया गया, फिर से चार भागों में आयोजित किया गया। पांचवां सत्र 7 फरवरी, 2024 को बुलाया गया था और अभी तक स्थगित नहीं किया गया है।

पांच वर्षों में, केवल 14 विधेयक पारित किए गए, जो इसके पिछले सभी कार्यकालों के बाद से सबसे कम संख्या है। 14 विधेयकों में से पांच विधायकों के वेतन से संबंधित थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी विधेयक या तो उसी दिन या अगले दिन पारित किए गए।

2021 में, प्रश्नों पर समिति ने एक प्रश्न के उत्तर की जांच की और निष्कर्ष निकाला कि उत्तर गलत था, जो विशेषाधिकार का उल्लंघन था। इसने सिफारिश की कि मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजा जाए। 2022 में, जिन दिनों प्रश्नकाल आयोजित किया गया था, अध्यक्ष ने प्रश्नों के असंतोषजनक उत्तरों के मामले को विशेषाधिकार समिति को भेज दिया। मामला वर्तमान में समिति के पास लंबित है।

2024 में शीतकालीन सत्र के दौरान, अध्यक्ष ने देखा कि राजस्व, सेवा, भूमि और भवन, और गृह जैसे विभाग प्रश्नों के उत्तर प्रस्तुत नहीं करते हैं, जिससे प्रश्नकाल बाधित होता है। राज्य विधानसभाओं में अक्सर मंत्रालयों के वार्षिक बजट और दिए गए बजट पर अलग-अलग चर्चा होती है। दिल्ली विधानसभा ने इन चर्चाओं को एक साथ रखा। इस कार्यकाल में बजट चर्चा औसतन चार घंटे चली। विधानसभा में 33 समितियां हैं। सदन की समितियां दैनिक कामकाज, याचिकाएं और विशेषाधिकार जैसे मुद्दों की देखरेख करती हैं। वित्तीय समितियां सीएजी रिपोर्ट की जांच करती हैं। स्थायी समितियां मंत्रालयों के कामकाज की जांच करती हैं। याचिका समिति ने चार रिपोर्ट पेश कीं, पिछले कार्यकाल में इसने 27 रिपोर्ट पेश की थीं।

# नर्सरी, केजी और कक्षा एक में दाखिले के लिए मेधा सूची जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



निजी स्कूलों में नर्सरी, केजी और पहली कक्षा में दाखिले के लिए पहली मेधा सूची जारी कर दी गई है, जिसमें अधिकांश स्कूलों ने 150 से अधिक छात्रों का चयन किया है। शुक्रवार को करीब 1,741 स्कूलों ने अपनी मेधा सूची के साथ-साथ प्रतीक्षा सूची भी जारी की है।

ईस्ट ऑफ कैलाश स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल ने 108 उम्मीदवारों का चयन किया है जबकि 245 प्रतीक्षा सूची में हैं। इसी तरह, वसंत कुंज स्थित विकास भारती पब्लिक स्कूल ने 140 छात्रों का चयन किया है और 20 को प्रतीक्षा सूची में रखा है। आईएलटी पब्लिक स्कूल, द्वारका की प्रधानाचार्य सुधा आचार्य ने कहा कि पहले चरण में 97 उम्मीदवारों का चयन किया गया है और 53 प्रतीक्षा सूची में हैं।

वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल, रोहिणी की प्राचार्य नमिता सिंघल ने बताया कि 108 छात्रों का चयन किया गया है, जिनमें से नौ प्रतीक्षा सूची में हैं। दिल्ली शिक्षा निदेशालय 18 जनवरी से 27 जनवरी तक दाखिले से जुड़े सवालों के समाधान के लिए मंच उपलब्ध करवाएगा। यदि आवश्यक हुआ तो तीन फरवरी को दूसरी मेधा सूची जारी की जाएगी, जिसमें पांच फरवरी से 11 फरवरी तक प्रश्नों के समाधान की सुविधा उपलब्ध होगी। निजी गैर-सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त स्कूलों में नर्सरी, केजी और कक्षा एक में प्रवेश के लिए पंजीकरण तीन जनवरी, 2025 को बंद हो गया था।

# मनीष सिसोदिया के कर्ज के आंकड़े पर वीरेंद्र सचदेवा ने उठाए सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



● बोले, बेसिक आमदनी से कम किया आयकर रिटर्न

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं सांसद बांसुरी स्वराज ने शनिवार को एक पत्रकार सम्मेलन में दिल्ली के पूर्व उपमुख्य मंत्री मनीष सिसोदिया के द्वारा अपने चुनाव हलाफनामे में दायर कर्ज के आंकड़े को लेकर सवाल पूछे।

सचदेवा ने कहा की अरविंद केजरीवाल हों या मनीष सिसोदिया की 2020-21 से 2023-24 के बीच में इनकी असमान्य आय और कर्ज मिलने के स्रोत सब संदिग्ध हैं। हम आरोप नही लगा रहे केवल दिल्ली वालों की ओर से स्पष्टीकरण मांग रहे हैं। सचदेवा ने कहा कि आखिर कैसे मुमकिन है की एक मुख्य मंत्री अपनी बेसिक आमदनी से भी कम का आयकर रिटर्न दाखिल करता है। उनके आयकर रिटर्न के आंकड़ें संदेह तो उत्पन्न करते हैं और हम आज फिर से अरविंद केजरीवाल से सवाल पूछते हैं की आखिर यह कैसे मुमकिन है की गत दशक में आपके आयकर रिटर्नों में दिखाई आय आपके मूल वेतन से भी कम है पर शराब नीति बनने वाले कोविड़ वर्ष में 40 गुणा बढ़ गई थी। सचदेवा ने कहा के केजरीवाल की आय दिल्ली वालों की पर-केपिटा आय से भी कम होने के साथ ही हमारा ध्यान मनीष सिसोदिया के हलाफनामे में सिसोदिया पर कर्ज के आंकड़े गया जो हर नागरिक के मन में सैकड़ों सवाल खड़े करता हैं।

साधारणता हम सब बच्चों का शिक्षा कर्ज बैंक से लेते हैं पर मनीष सिसोदिया व्यपारिक लोगों से लेते हैं। सिसोदिया के रिटर्न अनुसार उनका बैंक आफ बड़ोदा, शकरपुर में 14 लाख की और पंजाब नेशनल बैंक साहिबाबाद में 19 लाख 97 हजार का फिक्स्ड डिपॉजिट है। लेकिन जब हम मनीष सिसोदिया के ऊपर शिक्षा कर्ज का आंकड़ा देखते हैं तो लगता है की यह तो हेर फेर का मामला हो सकता है। उनके हलाफनामे के अनुसार बेटे की विदेश शिक्षा का 1.5 करोड़ रूपए का कर्ज है। हम और आप बच्चों का शिक्षा का दीर्घकालीन कर्ज बैंक से लेते हैं मनीष सिसोदिया को उनके तीन परिचित 1.5 करोड़ का कर्ज देते हैं वह कभी शराब पॉलिसी के दौर में। यह असामान्य है और मनीष सिसोदिया से जवाब मांगता है। सचदेवा ने कहा है की दिल्ली की जनता जानना चाहती है की मनीष सिसोदिया के वह 3 मित्र रोमेश चंद मित्तल, मिस दीपाली एवं श्री गुणित अरोड़ा कौन हैं जिन्होंने 86 लाख, 10 लाख एवं 58 लाख के पुत्र शिक्षा कर्ज सिसोदिया को शराब नीति विवादकाल में दिए हैं। स्वराज ने कहा है की अरविंद केजरीवाल एवं मनीष सिसोदिया पारदर्शिता की राजनीति की बात करते हैं पर उनके चुनाव हलाफनामे उन्हे कटघरे में खड़ा करते हैं। वहीं भाजपा की प्रेसवार्ता में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं सांसद बांसुरी स्वराज ने प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा 8वें वेतन आयोग के गठन का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी की नीतियों का योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने का माध्यम बन रहे हैं अत: साधुवाद के पात्र हैं। बांसुरी स्वराज ने कहा, प्रधान मंत्री मोदी सरकार द्वारा 8वें वेतन आयोग की स्थापना के बाद सरकारी कर्मचारियों में भारी हर्ष है और नई दिल्ली वासी अनेक सरकारी कर्मचारी प्रतिनिधियों ने कल से मुझे फोन कर सरकार का आभार प्रकट किया है।

# भाजपा प्रत्याशी एमसीडी के कर्मी से करा रहे घर का काम : सोमनाथ

**नई दिल्ली।** मालवीय नगर से प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने दावा किया है कि भाजपा नेता दिल्ली नगर निगम के सफाई कर्मचारी से अपने घर काम करा रहे हैं।

सोमनाथ भारती ने प्रेसवार्ता में कहा कि मालवीय नगर से भाजपा प्रत्याशी सतीश उपाध्याय 2012 से एमसीडी के एक सफाई कर्मचारी से अपने घर काम काम करवा रहे हैं। सफाई कर्मचारी की जिम्मेदारी मालवीय नगर की सफाई करने की है, लेकिन उससे सतीश उपाध्याय के घरेलू सहायक के तौर पर काम लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में अगर किसी गली की सफाई नहीं हो रही है तो उसके लिए भाजपा के नेता जिम्मेदार हैं।

# केजरीवाल सिर्फ सपना दिखाते हैं पर देते कुछ नहीं : भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के किरायेदारों को बिजली में छूट देने के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती और यह दिल्ली की जनता समझ चुकी है कि अरविंद केजरीवाल चुनाव आते ही किरायेदारों को याद करते हैं फिर भूल जाते हैं। केजरीवाल किरायेदारी में रहने वालों को 2017 से फ्री एवं सस्ती बिजली का सपना दिखा रहे हैं पर देते कुछ नहीं।

सचदेवा ने कहा कि 2013 में अरविंद केजरीवाल जब पहली बार चुनाव लड़े थे तो उन्होंने किरायेदार का एक सेल बनाया था लेकिन उनके साथ भी केजरीवाल ने धोखा दिया इसलिए वे सभी भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल पर कहावत बहुत सटीक बैठती है- चोर चोरी से जाए हेराफेरी से ना जाए। उन्होंने कहा कि बिजली के बिलों के नाम पर डिस्कॉम के साथ मिलकर सौतेला व्यवहार किया और दिल्ली की जनता को लूटने का काम किया है।

## विजेंद्र गुप्ता जीत की हैट्रिक के साथ रचेंगे इतिहास : हर्ष मल्होत्रा

*__नई दिल्ली।__ दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता इस बार जीत की हैट्रिक लगाने जा रहे हैं यह बात केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने रोहिणी विधानसभा में चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर कही। वहीं रोहिणी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली की जनता से आह्वान किया है कि वो आगामी 5 फरवरी को संपन्न होने जा रहे विधानसभा चुनाव में अपने वोट का प्रयोग उस पार्टी के प्रत्याशी को चुनने के लिए करें जो पार्टी दिल्ली को एक पूरी सरकार दे सके, जो जनता को आयुष्मान भारत जैसी अनेक केंद्रीय जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दे सके, जो दिल्ली की जनता को भ्रष्टाचार मुक्त शासन दे सके, जो जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान दे सके, जो हर साल होने वाले प्रदूषण की मार से दिल्ली के लोगों को बचा सके, जो उत्तम सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था उपलब्ध करवा सके और जो यमुना नदी को साफ करवाकर दिल्ली के लोगों को उसमें डुबकी लगवाने का सामर्थ्य रखती हो। विजेंद्र गुप्ता आज रोहिणी सेक्टर 7 में अपने चुनाव कार्यालय के उद्धघाटन के अवसर पर आयोजित जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा, भाजपा सांसद योगेन्द्र चंदोलिया उपस्थित थे। भाजपा सांसद योगेन्द्र चंदोलिया ने सभा में उपस्थित लोगों को यकीन दिलाया कि दिल्ली में भाजपा की डबल इंजन की सरकार पहले दिन से ही उनके कल्याण के लिए पूर्णरूप से समर्पित होकर काम करना शुरू कर देगी।*

# सत्येंद्र जैन को 1105 लोगों में दिया चुनावी चंदा: संजय सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



आप सांसद संजय सिंह ने शनिवार को कहा कि आप पर जनता का विश्वास कायम है। उन्होंने कहा कि आप नेताओं को विधानसभा चुनाव के लिए देश भर से लोगों का जबरदस्त सहयोग मिल रहा है। दिल्ली समेत देश भर से सिर्फ 1105 लोगों ने पूर्व मंत्री और शकूरबस्ती से "आप" के प्रत्याशी सत्येंद्र जैन को 40 लाख रुपए चंदा दिया है।

उन्होंने आम आदमी पार्टी पर भरोसा करने के लिए सभी दानदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी पर जनता का विश्वास कायम है। इसी के परिणाम स्वरूप सत्येंद्र जैन को चुनाव के लिए चंद दिनों में ही आम लोगों ने 40 लाख रुपए चंदा दिया है।

संजय सिंह और वरिष्ठ नेता सत्येंद्र जैन ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में संयुक्त प्रेस वार्ता ने कहा कि हर चुनाव में हमारे प्रत्याशियों ने जनता से चंदा लेकर चुनाव लड़ा और चुनाव जीता और आम आदमी के लिए काम किया।

# वायु प्रदूषण के लिए आप जिम्मेदार: संदीप

● पूर्व संसद ने कहा, 10 वर्षों में कुछ नहीं किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा के लिए पांच फरवरी को होने वाले चुनाव में नई दिल्ली सीट से कांग्रेस उम्मीदवार संदीप दीक्षित ने राजधानी में वायु और जल प्रदूषण के लिए शनिवार को आप सरकार को जिम्मेदार ठहराया और दावा किया कि पिछले 10 वर्षों में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सत्तारूढ़ रहने के दौरान उसने कुछ नहीं किया।

दीक्षित ने दावा किया कि 2013 में दिल्ली परिवहन निगम की बसें करीब 5,500 थीं, जो अब घटकर करीब 3,000 रह गई हैं। दीक्षित ने कहा, 2013 में 43 लाख लोग डीटीसी बसों में यात्रा करते थे, लेकिन आज केवल 41 लाख लोग डीटीसी और क्लस्टर बसों में यात्रा करते हैं।

जनसंख्या वृद्धि को देखते हुए यह संख्या लगभग 60-65 लाख होनी चाहिए थी, लेकिन यह घटकर 41 लाख रह गई है। यदि ये अतिरिक्त 20-25 लाख लोग निजी परिवहन का विकल्प चुन रहे हैं, तो इससे स्पष्ट रूप से प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। अरविंद केजरीवाल ने एक पॉडकास्ट में दावा किया कि उन्होंने दिल्ली में सीवेज क्षमता में 50 प्रतिशत की वृद्धि की है।

## केजरीवाल के आगे बढ़ने से भाजपा मजबूत होगी: माकन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय माकन ने शनिवार को कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के आगे बढ़ने से भारतीय जनता पार्टी को फायदा होता है और कांग्रेस को कमजोर करके राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा का मुकाबला नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि वह अपने उस पुराने वक्तव्य पर कायम हैं जिसमें उन्होंने आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल को 'फर्जीवाल' और 'एंटी नेशनल' कहा था, हालांकि इसे कांग्रेस नेता ने अपनी व्यक्तिगत राय बताया।

# दिल्ली-एनसीआर के एटीएम में धोखाधड़ी, दो लोग गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में एटीएम धोखाधड़ी में संलिप्तता के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के मैनपुरी निवासी अंकुश (28) और दिल्ली के न्यू संजय कॉलोनी निवासी बिदनेश (41) के रूप में हुई है।

अंकुश और बिदनेश रिश्तेदार हैं। पुलिस ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर आरोपियों को शुक्रवार को गांधी नगर पुस्ता रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने अपराध में प्रयुक्त उपकरण भी बरामद किए हैं, जिनमें कटर, चिपकने वाला टेप और स्टील प्लेट शामिल हैं। इस मामले की जांच एक बैंक की शिकायत के बाद शुरू हुई, जिसमें बताया गया कि उनके खातों से पैसे कट गए, लेकिन एटीएम से कभी नकदी नहीं निकली। सीसीटीवी फुटेज के जरिए पुलिस ने एक संदिग्ध वाहन की पहचान की, जिससे वे संदिग्धों तक पहुंच गई। पूछताछ के दौरान दोनों ने एटीएम मशीनों से छेड़छाड़ करने वाले एक जटिल घोटाले का खुलासा किया। आरोपियों ने एटीएम मशीन की नकदी ट्रे को रोकने के लिए चिपकने वाले टेप और प्लाईवुड का इस्तेमाल किया।

# एम्स के बाहर नरक जैसे हालात: राहुल गांधी

● कहा, दिल्ली और केंद्र सरकार जिम्मेदार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के बाहर मरीज और उनके परिजन नरक जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं और इस स्थिति के लिए केंद्र तथा दिल्ली सरकार दोनों जिम्मेदार हैं।

राहुल गांधी ने पिछले दिनों एम्स के बाहर मौजूद कई मरीजों के परिजन से मुलाकात की थी और उनकी मुश्किलों के बारे जाना था। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने शनिवार को इसका वीडियो अपने सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट किया। उन्होंने एक्स पर यह वीडियो पोस्ट कर दावा किया कि एम्स के बाहर नरक जैसे हालात हैं। राहुल गांधी ने सवाल किया कि बड़े-बड़े दावे करने वाली केंद्र और दिल्ली सरकार ने इस मानवीय संकट पर आंखें क्यों मूंद ली है। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, राष्ट्रीय स्वास्थ्यसेवा व्यवस्था पूरी तरह से तबाह हो चुकी है, और एम्स दिल्ली में सस्ते और सटीक इलाज की उम्मीद में मरीज भारी कीमत चुका रहे हैं। कुछ दिनों पहले एम्स, दिल्ली के बाहर पहुंच कर मरीजों और सुविधाओं का हाल जानने पहुंचा नज़ारा दिल दहला देने वाला था।

उन्होंने कहा, देश के अलग-अलग कोनों से आए मरीज और उनके परिवार, जो इलाज की आस में यहां पहुंचे हैं, सड़कों और सबवे में ठंड और गंदगी के बीच रहने को मजबूर हैं। सर पर छत, पेट में अन्न और तो और पीने के पानी के लिए भी रस रहे हैं। उनके मुताबिक, कैंसर से लेकर हृदय की परेशानी - हर परिवार के पास ऐसी एक दर्दनाक कहानी है।

# मतदान के लिए आगाज-ए-वोटिंग से किया प्रेरित

● मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम का किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर. एलिस वाज़ ने शनिवार को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए 'आगाज़-ए-वोटिंग' का उद्घाटन किया। यह जोशीला और जीवंत संगीत कार्यक्रम कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में आयोजित किया गया। आगामी दिल्ली विधान सभा चुनाव 2025 के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध निज़ामी ब्रदर्स ने अपनी मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति दी। सभा को संबोधित करते हुए, वाज़ ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय नागरिक भागीदारी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने दिल्लीवासियों से लोकतंत्र के इस उत्सव को अपने मताधिकार का उपयोग करके मनाने की अपील की। उन्होंने कहा, आपका वोट आपकी आवाज़ है। आइए, साथ मिलकर मतदान करें और अपने मत का महत्व साबित करें। यह कार्यक्रम संगीत के माध्यम से नागरिकों को जागरूक करने और चुनावों के प्रति जिम्मेदारी और उत्साह को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य अधिकतम मतदान सुनिश्चित करना और सूचित मतदान को बढ़ावा देना है।

# एआईएमआईएम और बसपा ने चुनाव प्रचार अभियान किया तेज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) तथा अन्य छोटे दल शहर में नुक्कड़ नाटक, दीवारों पर पेंटिंग और बच्चों के साथ क्रिकेट मैच जैसे जमीनी स्तर के अभियानों के जरिए मतदाताओं को आकर्षित कर रहे हैं।

दिल्ली में पांच फरवरी को मतदान होगा, जिसमें सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस राजनीतिक परिदृश्य पर हावी रहेंगे। हालांकि, अन्य राज्यों में महत्वपूर्ण प्रभाव रखने वाली असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम), मायावती की बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और कुमार रायजादा की भारतीय लिबरल पार्टी (बीएलपी), राष्ट्रीय राजधानी में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए काम कर रही हैं।

एआईएमआईएम ने विशेष रूप से ओखला में घर-घर जाकर गहन अभियान शुरू किया है, जहां इसके उम्मीदवार शफा-उर-रहमान और उनकी पत्नी, जामिया मिल्लिया इस्लामिया के छात्र कार्यकर्ताओं और नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के पूर्व प्रदर्शनकारियों के साथ संपर्क अभियान का नेतृत्व कर रही हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## विश्व यूनानी चिकित्सा दिवस की तैयारियां जोरों पर



**नई दिल्ली।** मसीह उल मुल्क हकीम अजमल खान की जयंती के मौके पर हर साल 12 फरवरी को मनाए जाने वाले विश्व यूनानी चिकित्सा विज्ञान दिवस की तैयारी तेज हो गई हैं। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के निर्देशन में हर साल एक समारोह का आयोजन भी किया जाता है। डॉ. सैयद अहमद खान ने बताया कि इस वर्ष यह समारोह राजधानी के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित किया जाएगा। इसी संबंध में ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस फार्मेसी विंग की बैठक दरियागंज में हुई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष हकीम अरबाबुद्दीन, राष्ट्रीय महासचिव डॉ. उजैर बकाई, डॉ. शकील अहमद, हकीम नईम रजा, हकीम एसपी भटनागर मौजूद थे।

## ऑटो एक्सपो में वाहनों की नई श्रृंखला का प्रदर्शन




**नई दिल्ली।** राजधानी व एनसीआर में चल रहे ऑटो एक्सपो भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में इलेक्ट्रिक बस निर्माताओं में से एक और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में अग्रणी ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड (ओजीएल) ने स्थायी समाधानों पर ध्यान केंद्रित करके देश में परिवहन मे सकारात्मक बदलाव लाया है। ओलेक्ट्रा ने अपने नवीनतम उत्पादों का प्रदर्शन किया, जिनमें ब्लेड बैटरी चेसिस, नई टेक्नोलॉजी के साथ डिजाइन किया गया 12-मीटर ब्लेड बैटरी प्लेटफार्म, तथा नई शैली की 9-मीटर सिटी और 12-मीटर कोच बसें शामिल हैं। ओलेक्ट्रा के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक के. वी प्रदीप ने कहा, हर महत्वाकांक्षी पहल की तरह, हमने भी छोटी शुरुआत की।

## हत्या के मामले में भोला गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने पिछले साल जहांगीरपुरी इलाके में एक व्यक्ति की हत्या के आरोप में भोला गिरोह के एक कथित सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया, भोला गिरोह के सहयोगी रितिक(27) ने उमेश उर्फ पोता की हत्या कर दी, जिसका शव 26 दिसंबर को जहांगीरपुरी के जी-ब्लॉक के पास मिला था जिसपर चाकू से वार के कई निशान थे। जांच से पता चला कि उमेश और रितिक के गुट (जिसमें सूरज उर्फ चिकना और एक किशोर भी शामिल था) के बीच विवाद हिंसा में बदल गया।

# राजनाथ सिंह ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी

## कहाए महाकुम्भ में संगम स्नान करना है बड़ा सौभाग्य- भारतीयता को समझना है तो आएं महाकुम्भरू राजनाथ सिंह -रक्षामंत्री ने अक्षय वटए पातालपुरी और बड़े हनुमान मंदिर में किया दर्शन

**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज में संगम तट पर सनातन संस्कृति के महापर्व महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है। महाकुम्भ के महा सम्मेलन में भाग लेने के लिए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को प्रयागराज पहुंचे। बमरौली हवाई अड्डे पर उनका कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने स्वागत किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी भी रहे। प्रयागराज पहुंच कर रक्षा मंत्री ने सबसे पहले गंगा यमुना सरस्वती के पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान कर सनातन की जय गंगा मैय्या की जय का उद्घोष किया। उन्होंने संगम तट से अक्षय वट पातालपुरी और बड़े हनुमान जी का दर्शन कर महाकुम्भ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रक्षा मंत्री शाम को सेना के अधिकारियों के साथ महाकुम्भ की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक भी की। महाकुम्भ के दिव्य अवसर पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राज्य सभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने मां गंगा के जल का आचमन कर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और राष्ट्र की मंगलकामना की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा मैं इसे अपना सौभाग्य मानता हूं कि आज प्रयागराज संगम में मैंने स्नान किया। यह भारतीयता का आध्यात्मिक व सांस्कृतिक महापर्व है। किसी पंथ समुदाय या धर्म के साथ इसे जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। किसी को यदि भारत और भारतीयता को समझना है तो आकर महाकुंभ को देखिए। रक्षा मंत्री अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बमरौली हवाई अड्डे से हेलीकॉप्टर से डीपीएस ग्राउंड नैनी पहुंचे। नैनी के अरैल घाट से जेटी के जरिए संगम पहुंच कर स्नान किया। संगम से वीआईपी घाट पर उतर कर अक्षय वट कॉरीडोर में प्रयागराज के छत्र अक्षय वट का दर्शन पूजन किया। इसके बाद रक्षा मंत्री ने पातालपुरी मंदिर और सरस्वती कूप का भी दर्शन किया। वहां से निकल कर बड़े हनुमान जी का दर्शन कर मंदिर में विशेष पूजन अर्चन किया। मंदिर के पुजारी का हाल चाल लिया और महाकुम्भ के लिए की गई व्यवस्था के बारे में भी पूछा। मंदिर में दर्शन पूजन कर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मेले का भ्रमण करते हुए सर्किट हाउस की ओर रवाना हुए। इस बीच साधु संतों से मुलाकात के बाद रक्षा मंत्री महाकुम्भ में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर में सेना के अधिकारियों से बैठक भी करेंगे। महाकुम्भ में आतंकी हमले की धमकी और बम मिलने की अफ्वाह के मुताबिक किए गए सुरक्षा इंतजामों की भी उन्होंने जानकारी ली।



# रक्षा मंत्री पहुंचे कैबिनेट मंत्री नन्दी के घर

## मंत्री नन्दीए पूर्व महापौर और परिवार के बीच रहे रक्षा मंत्री मंत्री नन्दी के सामाजिक कार्यों एवं राजनैतिक कार्यशैली की प्रशंसा की

**प्रयागराज।** धर्म आस्था एवं अध्यात्म के सबसे विराट समागम महाकुम्भ में सम्मिलित होकर पुण्य की डुबकी लगाने एवं पूजन अर्चन के बाद देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के बहादुरगंज स्थित आवास पर पहुंचे। जहां रक्षा मंत्री ने परिवारजनों के साथ ही पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात की। करीब 40 मिनट तक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंत्री नन्दी के आवास पर रहे। रक्षा मंत्री ने मंत्री नन्दी के सामाजिक कार्यों एवं राजनैतिक कार्यशैली की प्रशंसा की। मंत्री नन्दी एवं पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने रक्षा मंत्री को सपरिवार कुम्भ कलश प्रदान कर हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को संगम नगरी प्रयागराज पहुंचे। जहां हेलीपैड पर मंत्री नन्दी और अन्य जनप्रतिनिधियों ने रक्षा मंत्री की आगवानी की। रक्षा मंत्री एयरपोर्ट से सीधे संगम क्षेत्र में पहुंचे। जहां उन्होंने आस्था अध्यात्म एवं परम्परा के महापर्व महाकुम्भ में सम्मिलित होते हुए मां गंगा मां यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन संगम में डुबकी लगाई। स्नान के बाद रक्षा मंत्री ने बड़े हनुमान जी और अक्षयवट का दर्शन पूजन किया। इस दौरान प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी उनके साथ मौजूद रहे। रक्षा मंत्री संगम क्षेत्र से निकल कर बहादुरगंज स्थित मंत्री नन्दी के आवास पहुंचे। जहां मंत्री नन्दी पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता



नन्दी बेटे नमन और बेटी जान्हवी ने बुके साल और कुम्भ कलश भेंट कर अभिनन्दन किया। मंत्री नन्दी ने रक्षा मंत्री को अपने जनसम्पर्क कार्यालय का भ्रमण कराते हुए गरीब परिवारों की बेटियों की शादी में दिए जाने वाले बर्तन और साड़ी दिखाए। साथ ही विधानसभा क्षेत्र में माइक्रो मैनेजमेंट के माध्यम से वोटर लिस्ट पन्ना प्रमुख एवं बूथ मैनेजमेंट का अवलोकन कराया। इसके बाद मंत्री नन्दी ने शहर दक्षिणी विधानसभा के अंतर्गत आने वाले पांच मंडलों के वर्तमान एवं पूर्व मंडल अध्यक्षों से रक्षा मंत्री का परिचय व भेंट करवाया। रक्षा मंत्री के साथ प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर भी मौजूद रहे। मंत्री नन्दी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आगमन के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

### पुष्प वर्षा कर किया गया जोरदार स्वागत

प्रयागराज। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मंत्री नन्दी के बहादुरगंज स्थित आवास पहुंचने पर शहर वासियों ने जोरदार स्वागत किया। पुष्प वर्षा के साथ जोरदार नारों एवं जय श्रीराम के उद्घोष के बीच रक्षा मंत्री का अभिनन्दन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग सड़क किनारे खड़े रहे। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस एवं पीएसी के जवान बड़ी संख्या में तैनात रहे। संगम नगरी प्रयागराज धर्म एवं अध्यात्म के साथ ही अपने बेहतरीन स्वाद के लिए भी जाना जाता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंत्री नन्दी के घर पहुंचे तो उन्हें नाश्ते में प्योर इलाहाबादी नाश्ता दिया गया। मंत्री नन्दी ने अपने हाथों से सभी अतिथियों को नाश्ता दिया।

## राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा महाकुंभ मेले का आज करेंगे भ्रमण

**प्रयागराज।** महाकुंभ के मेले में कई मंत्रियों का रविवार को आगमन हो रहा है। भाजपा प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि आज 19 जनवरी को देर रात्रि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का कुंभ मेला क्षेत्र में लगे राजस्थान सरकार के पंडाल सेक्टर छह में आगमन होगा और वह दोपहर महाकुंभ मेले में भ्रमण करेंगे और दोपहर सवा दो बजे प्रयागराज एयरपोर्ट जाएंगे और जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के आबकारी विभाग के राज्य मंत्री नितिन अग्रवाल एक बजे सर्किट हाउस प्रयागराज आएंगे और दोपहर डेढ़ बजे सर्किट हाउस में आबकारी विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे और दोपहर 2रू45 पर महाकुंभ में स्थापित आबकारी विभाग के शिविर का शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज में आज 19 जनवरी को दोपहर बारह बजे खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में महिला एवं सहायता समूह एवं उद्यमियों के सम्मान समारोह में सूचना विभाग का संस्कृतिक पंडाल सेक्टर एक परेड ग्राउंड महाकुंभ प्रयागराज में शामिल होंगे और शाम चार बजे दिव्य प्रेम सेवा मिशन सेवा साधना शिविर सेक्टर छह में दिव्य प्रेम सेवा मिशन हरिद्वार द्वारा आयोजित महाकुंभ मंथन 2025 में शामिल होंगे। इसके अलावा देर रात्रि सर्किट हाउस में प्रयागराज के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह प्रयागराज में रहेंगे।

## महाकुम्भ में सात करोड़ से अधिक रुद्राक्ष से निर्मित 12 ज्योतिर्लिंगो के दर्शन के लिए उमड़े भक्त

**महाकुम्भ नगर।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ मेले के शिव नगरी में सात करोड़ 51 लाख रुद्राक्ष से निर्मित 12 ज्योतिर्लिंग विशेष रूप से श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहे हैं।महाकुम्भ के सेक्टर छह में निर्मित प्रत्एक ज्योतिर्लिंग 11 फुट उंन्चा, नौ फुट चौड़ा और सात फुट मोटा है, जिन्हें सात करोड़ 51 लाख रुद्राक्ष की मणियों की माला पहनाई गई है। इन रुद्राक्ष को 10,000 गांवों से पैदल घूम घूमकर भिक्षा में एकत्रित किया गया है।मौनी बाबा ने खुले आकाश में बने इन ज्योतिर्लिंगों के बारे में पीटीआई-भाषा से जानकारी साझा करते हुए बताया, आतंकवाद के नाश और बांग्लादेशी हिंदुओं की रक्षा की कामना से पूजा अनुष्ठान कर लौह से शिवलिंग को आकार दिया और उन पर रुद्राक्ष की मालाओं को लपेटा गया।

# तीन मंदिरों में शिवलिंग बजरंगबली की मूर्ति खंडित

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले के एक गांव में कुछ अराजक तत्वों ने तीन मंदिरों में बजरंगबली की मूर्ति और दो शिवलिंग को खंडित कर दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि हरीपुर बनवा गांव में हुई इस घटना पर तुरंत संज्ञान लेते हुए खंडित मूर्तियों की जगह नई मूर्तियां स्थापित की गईं जबकि खंडित मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा। लंभुआ के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अव्दुस सलाम ने बताया कि अराजकतत्वों ने मूर्तियों को खंडित किया था।उन्होंने बताया कि खंडित मूर्तियों की जगह नए शिवलिंग व मूर्ति स्थापित कराऐ गए हैं और प्राचीन मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार, हरीपुर बनवा गांव के चौराहे पर स्थित मंदिर में बजरंग बली की मूर्ति को शुक्रवार रात अराजकतत्वों ने खंडित कर दिया। पुलिस ने बताया कि शनिवार सुबह जब लोग मंदिर में पूजा करने के लिए पहुंचे तो मूर्ति खंडित किए जाने की जानकारी हुई और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस के अनुसार, मंदिर से कुछ दूर पर स्थित सड़क किनारे स्थापित शिवलिंग भी टूटा मिला, जिसे देखकर ग्रामीण आक्रोशित हो गए।पुलिस ने बताया कि इसी गांव के दिखौली मोड पर स्थित बाग में मौजूद बीस वर्ष पुराने शिवमंदिर में भी शिवलिंग खंडित मिला।पुलिस के मुताबिक, मंदिर के पुजारी राम प्रकाश जब सुबह पूजा करने गए तो मंदिर का दरवाजा टूटा हुआ और शिवलिंग खंडित मिला। पुलिस ने बताया कि शिवलिंग खंडित किए जाने की जानकारी मिलते ही दिखौली, हरीपुर तथा हरिनाथपुर के लोग एकत्रित हो गए, जिसके परिणामस्वरूप पुलिस बल को मौके पर तैनात किया गया।सूचना मिलते ही लंभुआ क्षेत्राधिकारी अब्दुस सलाम भी मौके पर पहुंचे। क्षेत्राधिकारी और देहात कोतवाल सतएन्द्र सिह की मौजूदगी में पूर्व प्रधान रिंकू यादव ने दो शिवलिंग और बजरंग बली की नई प्रतिमा स्थापित की।

## भड़काऊपोस्ट करने पर इमाम गिरफ्तार

बरेली। बरेली में पुलिस ने सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला पोस्ट करने के मामले में एक मस्जिद के इमाम को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।पुलिस के मुताबिक, घटना जिले के मीरगंज थानाक्षेत्र की है, जहां आरोपी द्वारा फेसबुक पर किया गया एक पोस्ट वायरल हो गया।पुलिस ने बताया कि आरोरी ने पोस्ट में हिंदू धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस पोस्ट के वायरल होने के बाद हिंदू समुदाय के लोगों में आक्रोश फैल गया। एक अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पुष्टि हुई कि यह पोस्ट आरोपी शरीफ अहमद ने अपनी फेसबुक आईडी से की थी।पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने और समुदायों के बीच वैमनस्य फैलाना के तहत मुकदमा दर्ज किया। अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि मीरगंज थाने में इमाम के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी शरीफ अहमद वर्तमान में मीरगंज की मोनी मिया मस्जिद में इमाम के पद पर हैं।

## युवाओं के सशक्तीकरण के लिए हाथ मिलाया

वाराणसी।ग्लोबल साउथ के बीच सहयोग को आगे बढ़ाने के लिएए भारत और तंजानिया ने दोनों देशों के युवाओं के सशक्तिकरण और कौशल के लिए हाथ मिलाया है। यह बात कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के सचिव श्री अतुल कुमार तिवारी ने पर्मानेन्ट सेक्रेटरी मिस कैरोलिन नोम्बो के नेतृत्व में आए तंजानियाई प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कही स्किलिंग ईकोसिस्टम को सुसज्जित करने और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में सहयोग के लिए समर्थन का आश्वासन देते हुएए श्री तिवारी ने तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन को 2023 में एक शीर्ष भारतीय विश्वविद्यालय से मानद डॉक्टरेट की उपाधि मिलने पर कहारू श्तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन की मानद डॉक्टरेट प्राप्त करने वाली पहली महिला के रूप में ऐतिहासिक उपलब्धि पर विचार करना वास्तव में प्रेरणादायक था।

## महिला ने बेटी को जहर देने के बाद फंदा लगा आत्महत्या की

बिजनौर। बिजनौर जिले में पति से विवाद के बाद एक महिला ने अपनी बेटी को कथित तौर पर जहर देने के बाद फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) संजीव वाजपेई ने बताया कि शनिवार पूर्वाह्न लगभग दस बजे गैरोला शिव गांव में अश्विनी की पत्नी निधि (27) ने अपनी बेटी भविया (छह) को जहरीला पदार्थ खिलाने के बाद कमरे में लगे पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।उन्होंने बताया कि अश्विनी अपनी मां को लेकर बैंक गया था और जब वह घर पर लौटा तो दरवाजा बंद मिला, जिसके बाद वह छत पर चढ़कर नीचे कमरे में पहुंचा। अधिकारी ने बताया कि अश्विनी अपने पत्नी और बेटी को अस्पताल ले गया, जहां चिकित्सको ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, पति-पत्नी में सुबह बहस हुई थी और अश्वनी का कहना है कि उसकी पत्नी बीमार रहती थी। अधिकारी ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और मामले की जांच की जा रही है।

## पारदर्शिता लाने की प्रतिबद्धता

वाराणसी। मीशो ने अपने दावे की प्रक्रियाओं में परिवर्तन किया है, जिससे विक्रेताओं को सशक्त बनाने और पारदर्शिता लाने के की इसकी प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। इन परिवर्तनों द्वारा तेजी से शिकायत निवारण, विकसित जाँच और सक्रिय उपाय संभव हो सकेंगेए जिससे विक्रेता समुदाय में विश्वास स्थापित होगा। मीशो ने क्लेम अनुमोदन प्रक्रिया में काफी सुधार किया हैए जिससे ज्यादातर मामलों में शिकायत निवारण में लगने वाला समय 70 प्रतिशत कम हो गया है। इस सुधार से विक्रेताओं को ज्यादा तेजी से समाधान मिले हैं, और 3.4 मिलियन वास्तविक दावों को मंजूरी मिल गई है। इससे सभी हितधारकों के लिए एक ज्यादा प्रभावशाली एवं सहयोगपूर्ण प्लेटफॉर्म का निर्माण करने की मीशो की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है।

## नाबालिग लड़के से दोस्तों ने किया कुकृत्य

देवरिया। देवरिया जिले में एक नाबालिग लड़के से उसके ही दोस्तों ने कथित तौर पर कुकृत्य किया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि इस संबंध में उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने बताया कि घटना रुद्रपुर थानाक्षेत्र के लखनघाट गांव की है, जहां तीन जनवरी को पीड़ित के गांव के रहने वाले दो लड़कों ने उससे कुकृत्य किया। उन्होंने बताया कि पीड़ित का महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में इलाज किया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन्हें जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। पीड़ित लड़के के परिजनों ने आरोप लगाया कि उनके बेटे के साथ उसके ही तीन दोस्तों ने कुकृत्य किया। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों ने उनके बेटे को नौकरी का झांसा देकर मुंबई बुलाकर पहले भी इस तरह की घटना को अंजाम दिया था। उन्होंने दावा किया कि आरोपियों ने उनके बेटे को नशीली दवाईयां देकर कुकृत्य किया, जिससे वह बीमार हो गया।

## जेल में सजायाफ्ता 76 वर्षीय कैदी की मौत

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले में एक फौजी हत्याकांड में सजायाफ्ता कैदी की जेल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। लगभग सवा तीन वर्ष पूर्व उसे उम्र कैद की सजा हुई थी। कोतवाली नगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्वाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, कोतवाली नगर निवासी रामनगर में फौजी अजय प्रताप सिंह की वर्ष 2009 में हत्या कर दी गई थी। मुकदमे के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम ने 30 सितंबर 2021 को गांव निवासी सत्यनारायन सिंह (76) पुत्र देवनारायन सिंह को उम्र कैद और एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाया था। वो तब से जेल में निरुद्ध था। जेल प्रशासन की माने तो शनिवार सुबह कैदी सत्यनारायन सिंह की तबीयत खराब हुई, जिसे उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। जेल के अधिकारियों का कहना है कि सीने में दर्द और सांस फूलने से बंदी का स्वास्थ्य खराब हुआ था। नगर कोतवाल नारद मुनि सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम में भेजा गया है।

# मानसिक रूप से अस्वस्थ युवती ने पिया तेजाब, मौत

**बरेली।**(भाषा) बरेली में कथित तौर पर मानसिक रूप से अस्वस्थ युवती की तेजाब पीने से अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह घटना भमोरा थाना क्षेत्र के कीरतपुर गांव में 16 जनवरी की रात को हुई और युवती की 17 जनवरी को जिला अस्पताल में मौत हो गई। मृतका के ताऊ प्रेमपाल ने बताया कि उनकी 19 वर्षीय भतीजी कुमारी पिलकुश ने बृहस्पतिवार रात घर के शौचालय में रखा तेजाब पी लिया। तेजाब पीने के कुछ देर बाद उसकी हालत खराब होने लगी, जिसके बाद परिवार के लोग उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। शुक्रवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि युवती का परिवार पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार नहीं था लेकिन पुलिस के समझाने पर वे राजी हो गए। शुक्रवार शाम को पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया गया। मृतका के ताऊप्रेमपाल के अनुसार कुमारी पिलकुश को दो साल पहले सिर में गंभीर चोट लग गई थी, परिजनों ने उसका इलाज करवाया लेकिन वह पूरी तरह से ठीक नहीं हो पाई थी।

## बस्ती में डंपर से टकराई कारअ उप निरीक्षक की मौत, हेड कांस्टेबल घायल

बस्ती। बस्ती जिले में एक कार और डंपर की टक्कर हो गई जिससे कार में सवार एक पुलिस उप निरीक्षक की मौत हो गई तथा हेड कांस्टेबल घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उप निरीक्षक हरि नारायण मिश्रा (57) गोरखपुर से कार से पैकोलिया थाने आ रहे थे तभी रास्ते में हैंया क्षेत्र में हैंया-बभनान मार्ग पर उनकी कार एक डंपर से टकरा गई। उसने बताया कि इस घटना में मिश्रा की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कार चला रहे हेड कांस्टेबल राम कुमार दुबे घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# महिला से दुष्कर्म मामले में कांग्रेस सांसद राकेश राठौर के खिलाफ दर्ज हुई प्राथमिकी

**भाषा।** सीतापुर

**उत्तर प्रदेश** के सीतापुर जिले में पुलिस ने शादी और राजनीति के जरिए लाभ दिलवाने का झांसा देकर एक महिला से कथित तौर पर दुष्कर्म करने के लिए स्थानीय कांग्रेस सांसद राकेश राठौर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि महिला की शिकायत पर राठौर के खिलाफ शुक्रवार को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64 (दुष्कर्म), 351(3) (आपराधिक धमकी देकर मनमानी करना), 127(2) (किसी व्यक्ति को गलत तरीके से प्रतिबंधित करना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने संवाददाताओं को बताया कि 15 जनवरी को दी गई शिकायत के आधार पर शहर कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस ने महिला का मेडिकल कराया और मजिस्ट्रेट के सामने उसका बयान दर्ज करावाया गया।अधिकारी ने बताया कि महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि सीतापुर से कांग्रेस सांसद राकेश राठौर ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया।शिकायतकर्ता ने कहा कि राठौर पिछले चार वर्ष से उससे शादी करने और राजनीति के जरिए लाभ पहुंचाने का झांसा देकर उसका यौन शोषण कर रहे थे। पीड़िता ने अपने आरोप के समर्थन में पुलिस को कॉल डिटेल और कॉल रिकॉर्डिंग भी मुहैया कराई है। अधिकारी ने बताया कि संबंधित मामले में साक्ष्य जुटाकर कानूनी कार्वाई की जाएगी।उन्होंने बताया कि महिला को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराई गई है हालांकि अब तक इस मामले में कांग्रेस सांसद की कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### बीएचयू छात्रा से दुष्कर्म का मामला

## चिकित्सक ने बयान दर्ज कराया अगली सुनवाई 20 जनवरी को

**वाराणसी।** वाराणसी में काशी हिंदू विश्विद्यालय (बीएचयू) की आईआईटी की छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में चिकित्सक द्वारा अदालत में बयान दर्ज कराए जाने के बाद मामले की अगली सुनवाई 20 जनवरी के लिए निर्धारित कर दी गई। जिला सहायक शासकीय अधिवक्ता (डीजीसी) मनोज गुप्ता ने बताया कि मामले में चिकित्सक अनामिका सिंह ने फास्ट ट्रैक अदालत के न्यायाधीश कुलदीप सिंह के समक्ष शुक्रवार को अपना बयान दर्ज कराया। महिला चिकित्सक ने अपने बयान में कहा कि जांच में पीड़िता के गुप्तांग में अंदरूनी चोट के कोई निशान नहीं मिले हालांकि बाहर कुछ खरोंच के निशान हैं लेकिन दुष्कर्म संबंधित हिंसा से इनकार नहीं किया जा सकता। मनोज गुप्ता ने बताया कि आरोपों पर बहस होने के बाद अगली सुनवाई 20 जनवरी के लिए निर्धारित कर दी गई। उन्होंने बताया कि अगली सुनवाई में भी आरोपी कुणाल के अधिवक्ता आरोप पर बहस करेंगे।काशी हिंदू विश्विद्यालय के आईआईटी की छात्रा अपने दोस्त के साथ एक नवंबर 2023 की रात को छात्रावास से बाहर घूमने के लिए निकली थी और इसी दौरान बुलेट बाइक पर सवार तीन युवकों ने उसे और उसके दोस्त को रोक लिया।ऐसा आरोप है कि युवकों ने बंदूक दिखाकर पीड़िता से सामूहिक दुष्कर्म किया था।छात्रा की शिकायत के आधार पर लंका थाने में तत्कालीन भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया हालांकि बाद में सामूहिक दुष्कर्म की धारा भी जोड़ दी गई थी।

# इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शेखर यादव राम मंदिर आंदोलन पर संगोष्ठी में शामिल नहीं होंगे

**महाकुंभ नगर।**(भाषा) इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शेखर यादव कुंभ मेला क्षेत्र में आयोजित संगोष्ठी में शामिल नहीं होंगे। एक आयोजक ने यह जानकारी दी।

न्यायमूर्ति यादव के पिछले वर्ष दिसंबर में विश्व हिंदू परिषद के एक कार्यक्रम में भाषण देने के बाद विवाद हुआ था। उन्हें 22 जनवरी को कुंभ मेला क्षेत्र में एक संगोष्ठी में मुख्य भाषण देना था लेकिन अब वह इसमें भाग नहीं लेंगे। आयोजकों के मुताबिक न्यायमूर्ति यादव ने 22 जनवरी को कार्य दिवस बताते हुए राष्ट्रीय संगोष्ठी: राम मंदिर आंदोलन और गोरक्षपीठ सेमिनार में शामिल होने में असमर्थता जताई। संगोष्ठी के संयोजक शशि प्रकाश सिंह ने कहा, "आयोजन समिति के कुछ सदस्यों ने न्यायमूर्ति यादव के इस कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति ली थी। चूंकि संगोष्ठी कार्य दिवस पर है इसलिए उन्होंने इसमें शामिल होने में असमर्थता जताई है और इस बारे में आयोजन समिति को सूचित कर दिया है। सिंह ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की पहली वर्षगांठ के अवसर पर यह संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक अशोक बेरी और विहिप के वरिष्ठ नेता बड़े दिनेश जी सिंह संगोष्ठी को संबोधित करेंगे। न्यायमूर्ति यादव ने आठ दिसंबर 2024 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पुस्तकालय हॉल में विहिप के विधि प्रकोष्ठ और उच्च न्यायालय इकाई के प्रांतीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा था कि समान नागरिक संहिता का मुख्य उद्देश्य सामाजिक सद्भाव, लैंगिक समानता और धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देना है। अगले दिन, न्यायाधीश के संबोधन के वीडियो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हुए, जिस पर कई हलकों से तीखी प्रतिक्रिया हुई और विपक्षी नेताओं ने उनके कथित बयान पर सवाल उठाए और इसे घृणा भाषण करार दिया। उच्चतम न्यायालय ने पिछले वर्ष 10 दिसंबर को समाचार रिपोर्टों पर संज्ञान लिया और इस मुद्दे पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय से रिपोर्ट मांगी। यादव प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले कोलेजियम के समक्ष पेश हुए और उनसे उनके बयानों पर अपना पक्ष रखने को कहा गया।

# महाकुम्भः अदाणी समूह के साथ मिलकर इस्कॉन लाखो श्रद्धालुओं को परोस रहा भोजन

**महाकुम्भ नगर।**(भाषा) महाकुम्भ मेले में पहली बार देश के दिग्गज कॉरपोरेट घराने अदाणी समूह का साथ पाकर इस्कॉन उत्साहित है और अब वह पहले की तुलना में कहीं अधिक क्षमता से श्रद्धालुओ को भोजन प्रसाद उपलब्ध करा रहा है। यहां सेक्टर 19 मे हर्षवर्धन मार्ग पर स्थित इस्कॉन के शिविर मे धार्मिक संगठन के निदेशक (सीएसआर) मधुकांत दास ने पीटीआई-भाषा को बताया कि एक रसोई में एक सत्र मे 30 से 35 हजार लोगों का खाना तैयार होता है। एक दिन मे तीन सत्रों में कुल मिलाकर एक लाख से अधिक लोगो के लिए खाना तैयार किया जाता है। उन्होने बताया कि इस्कॉन का भोजन प्रसाद पूरी तरह से संतुलित है जिसमे दाल, छोले या राजमा, सब्जी और रोटी-चावल के साथ ही मीठे मे हलवा या बूंदी के लड्डू शामिल है। ए भोजन मिट्टी के चूल्हे मे लकड़ी और गोबर के कंडो की आग पर तैयार किए जाते है जिससे इनका स्वाद लाजवाब है। दास ने बताया कि पूरे प्रयागराज मे 40 केंद्रों पर भोजन प्रसाद वितरण किया जा रहा है जिनमे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और कई होल्डिंग एरिया शामिल है जहां मुख्य स्नान पर्वो पर श्रद्धालुओं की भीड़ को रोका जाता है। उन्होने बताया कि भोजन प्रसाद के वितरण के लिए 100 गाड़ियां लगाई गई है जिन्हें अदाणी समूह की तरफ से उपलब्ध कराया गया है। अदाणी समूह और इस्कॉन की ओर से तीन से साढ़े तीन हजार स्वयंसेवक अपनी सेवाएं दे रहे है। पूरी परियोजना पर्यावरण-अनुकूल है और 45 दिनो तक चलने वाले इस मेले मे कही भी प्लास्टिक का उपयोग नही किया जा रहा है।

# स्वामित्व योजना संपत्ति कार्ड से कमजोर परिवार होंगे मजबूतः संजय निषाद

● स्वच्छता व नशा मुक्ति पर कैबिनेट मंत्री ने दिलाई शपथ



**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**कैबिनेट** मंत्री (मत्स्य पालन विभाग) उप्र डॉ. संजय निषाद की अध्यक्षता में जनपद में स्वामित्व योजनान्तर्गत संपत्ति कार्ड वितरण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक मेंहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष अमर राय, जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर, अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश उपस्थित रहे। केबिनेट मंत्री संजय निषाद की अध्यक्षता में स्वामित्व योजना अंतर्गत घरौनी वितरण कार्यक्रम जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम माननीय प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को माननीय केबिनेट मंत्री, विधायक, जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी सहित जनप्रतिनिधियों, एवं घरौनी के लाभार्थियों एवं ग्रामीण जनों द्वारा देखा एवं सुना गया।

तत्पश्चात केबिनेट मंत्री व विधायक मेंहदावल जी द्वारा घरौनी के लाभार्थियों को घरौनी कार्ड (संपत्ति कार्ड) का वितरण किया गया। जनपद में आज केबिनेट मंत्री, विधायक एवं जिलाधिकारी के कर कमलों द्वारा मेंहदावल तहसील के 05 लाभार्थियों सहित जनपद के तीनों तहसीलों में 42539 लाभार्थियों को सम्पत्ति कार्ड (घरौनी) वितरित किया गया। जनपद में इस प्रकार से आज तक 70 हजार से अधिक लाभार्थियों को स्वामित्त कार्ड वितरित किया गया।

कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद द्वारा लाभार्थियों व ग्रामीण जनों को स्वच्छता व नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। उन्होंने बताया कि स्वामित्व योजना को पंचायती राज मंत्रालय, राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग और भारतीय सर्वेक्षण विभाग के संयुक्त प्रयासों से लागू किया जा रहा है।

# स्वामित्व योजना के अंतर्गत घरौनी वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**अमेठी।** स्वामित्व योजना के अंतर्गत तैयार किए गए प्रॉपर्टी कार्ड (घरौनी) का वितरण कार्यक्रम आज जनपद की समस्त तहसीलों व ब्लॉकों में किया गया। मुख्य कार्यक्रम जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में राजीव गांधी पेट्रोलियम इंस्टीट्यूट संस्थान जायस में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को स्वच्छता व नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा वर्तमान समय में सरकार की चल रही योजनाएं फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी बनवाने की अपील की गई। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के सजीव प्रसारण के उपरांत जनपद में सभी जगह अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा लाभार्थियों को घरौनी का वितरण किया गया। आज जनपद में 571 राजस्व गांवों के कुल 23548 लाभार्थियों को घरौनी का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्वामित्व योजना से जहां एक तरफ ग्रामीण जनों के भूमि विवाद संबंधी विवादों का समाधान होगा वहीं दूसरी तरफ ग्राम पंचायत की भूमि का स्पष्ट मानचित्र प्राप्त होगा जिससे गांव के आधारभूत संरचना के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं को बनाना आसान होगा।

# राज्यमंत्री व जिलाधिकारी ने लाभार्थियों को प्रदान किया घरौनी प्रमाण पत्र

**संवाददाता।** श्रावस्ती, भिनगा



**महत्वाकांक्षी** स्वामित्व योजना कार्यक्रम का शुभारम्भ देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा नई दिल्ली एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री जी द्वारा लोक भवन लखनऊ से वर्चुअल माध्यम से किया गया जिसमें देशभर के लगभग 65 लाख ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनियों) का वितरण डिजिटल माध्यम से किया गया।

उक्त कायक्रम के तहत जनपद में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज उप्र दानिश आजाद अंसारी जी लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन पहुंचेंजहां उनका विधायक रामफेरन पाण्डेय सदस्य विधान परिषद पद्मसेन चौधरी जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने अगुवानी कर स्वागत किया ततपश्चात उन्होंने गार्ड की सलामी भी ली। तत्पश्चात् मंत्री एवं माननीय जनप्रतिनिधियों ने कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान राज्यमंत्री जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी ने तहसील भिनगा के अन्तर्गत कुल 592 ग्रामीण आवासीय अभिलेख-सम्पत्ति कार्ड (घरौनियों) का प्रमाण पत्र वितरित किया इसी क्रम में जनपद के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री ने कहा कि देश एवं प्रदेश सरकार गरीबों के उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है गरीबों को जरूरी सुविधाओं के लिए मुसीबत ना उठानी पड़े इसके लिए सरकार दृढ़ संकल्पित है इस योजना में टेक्नोलॉजी की मदद लेकर ग्रामीणों को घरों का मालिकाना हक दिलाया जा रहा सरकारी योजनाओं से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को एक नई गति मिल रही है।

जमीनों के कागज दिखाकर ग्रामीण बैंक से ऋण ले सकते हैं। इस प्रकार अब घर के स्वामित्व को लेकर विवाद नहीं होंगे तथा लोग पूरे हक के साथ कह सकेंगे कि यह हमारा घर है।

# जिलाधिकारी ने जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा का लिया जायज़ा



**श्रावस्ती।** जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए जनपद के पांचों विकास खण्डों में बनाये गये परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश परीक्षा सम्पन्न करायी गई। जिसके तहत जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने परीक्षा केंद्र अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज भिनगा का निरीक्षण कर चल रही परीक्षा का जायजा लिया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों व शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने परीक्षा कक्ष में जाकर परीक्षार्थियों से बात कर उनके नाम आदि की जानकारी ली निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्ष में बच्चे अव्यवस्थित ढंग से बैठे पाये गये जिस पर जिलाधिकारी ने कक्ष निरीक्षक को कड़ी फटकार लगायी तथा लापरवाही बरतने वाले कक्ष निरीक्षक महेन्द्र यादव व महेन्द्र प्रताप एवं केन्द्र स्तरीय पर्यवेक्षक अनुराग दीक्षित के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में प्रत्येक दशा में नकल विहीन परीक्षा करायी जाय यदि इसमें किसी भी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा लापरवाही बरतने की शिकायत पायी गयी तो उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने प्रधानाचार्य एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया है कि परीक्षा केन्द्र के अन्दर किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ले जाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है, इसका पूर्णयतः ध्यान रखा जाए। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 06 के प्रवेश हेतु आयोजित की जा रही है।

# एनटीपीसी ऊंचाहार की ओर से 4 गांव के आंगनवाड़ी केन्द्रों का हुआ शुभारम्भ

**संवाददाता।** ऊंचाहार



**एनटीपीसी** ऊंचाहार के नैगम सामाजिक दायित्व की ओर से खुर्रमपुर, गंगेहरा गुलालगंज, बीकरगढ़ मुरारमऊ व सराय परसू गांव की चार आंगनवाड़ी केन्द्रों का शुभारंभ परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा द्वारा किया गया। शुभारंभ से पूर्व इन आंगनवाड़ी केन्द्रों का सौंदर्यीकरण करवाया गया व साथ ही साथ बच्चों को बैठने के लिए मेज-कुर्सी और खेलने के लिए ट्राइसाइकिल एवं खिलौने, बच्चों के खाने के लिए बर्तन, पज़ल्स, खेल-कूद और पढ़ाई-लिखाई की अन्य सामग्री जैसे एजुकेशनल मैप, पंचतंत्र की किताबें, व्हाइट बोर्ड व नम्बर ब्लॉक आदि का भी वितरण किया गया। इस कार्य का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होने वाली आंगनवाड़ी केन्द्रों का सौंदर्यीकरण कर आंगनवाड़ी केन्द्रों में ग्रामीण बच्चों की संख्या को बढ़ाना है।

इस अवसर पर परियोजना प्रमुख श्री छाबड़ा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि एनटीपीसी का प्रयास है कि नैगम सामाजिक दायित्व के तहत परियोजना के आसपास के गांवों के विभिन्न वर्गों के विकास के लिए नवीन जनकल्याण कार्य लगातार किए जाएं। इसी श्रृंखला में हमने आंगनवाड़ी केन्द्रों में आने वाले आसपास के गांवों के बच्चों के लिए ये अभिनव प्रयास किया है।

हमारा विश्वास है कि हमारे इस प्रयास से ग्रामीण बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनका सर्वांगीण विकास भी हो। मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा ने आंगनवाड़ी केन्द्र में आने वाले बच्चों से बातचीत की और उन्हें नियमित तौर पर आंगनवाड़ी आने के लिए एवं केन्द्र में एनटीपीसी द्वारा दी गई सुविधाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर गंगेहरा गुलालगंज गांव के प्रधान अजय मासूम, सराय परसू के प्रधान रामफेर, बीकरगढ़ मुरारमऊ के प्रधान प्रतिनिधि जितेन्द्र सिंह, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ. दिशा अवस्थी, नैगम सामाजिक दायित्व की प्रबंधक स्नेहा त्रिपाठी व कार्यपालक सोनाली वर्लयानी उपस्थित रही।

## इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षाएं अब 1 फरवरी से

**अमेठी।** माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षा अब 01 फरवरी से संपन्न होगी कार्यालय सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार 22 से 30 जनवरी के मध्य में होने वाली राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की 2025 की परीक्षा दृष्टिगत माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा संचालित होने वाली 2025 इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए अब 01 फरवरी से 16 फरवरी तक दो चरणो में परीक्षा सम्पन्न होगी। 1 फरवरी से 8 फरवरी तक पहले चरण में अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, कानपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर वाराणसी तथा गोरखपुर मंडल में, 9 फरवरी से 16 फरवरी तक दूसरे चरण में आगरा सहारनपुर बरेली लखनऊ झांसी चित्रकूट अयोध्या आजमगढ़ देवीपाटन व बस्ती मंडलों में प्रयोगात्मक परीक्षाएं संपन्न होगी। परीक्षा प्रभारी राकेश कश्यप ने बताया कि जिले इंटरमीडिएट की परीक्षाएं आयोजित की जाएगी।

## क्विक न्यूज

### शादी की खुशियां मातम में बदली, करंट से युवक की मौत

**नसीराबाद, रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की शाम घर में बारात आने की तैयारियां चल रही थी। परिवार का हर सदस्य शाम को बारात आने की खुशी का इंतजार कर रहे थे।लेकिन इसी बीच एक हादसे से पूरे परिवार की खुशियां मातम में बदल दी।बारात वाले दिन सुबह टेंट लगाने और घर की साफ सफाई का कार्य चल रहा था। कि अचानक परिवार का एक युवक करंट की चपेट में आकर जमीन पर गिर पड़ा। और बेहोश हो गया। परिजनों ने उसे देखा तो तुरंत इलाज के लिए युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद ले गए जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। नसीराबाद थाना क्षेत्र के गांव पूरे निहाली दुबे मजरे आलमपुर निवासी अनिल कुमार मिश्र (50) के चचेरे भाई की नातिन दीपा की आज शनिवार को लालगंज अझारा से बारात आनी थी।जहां घर में बारात की तैयारी को लेकर हंसी खुशी के बीच साफ सफाई आदि का कार्य चल रहा था। इसी दौरान अनिल मिश्रा पुत्र स्वर्गीय शिव दुलारे मिश्रा करंट की चपेट में आ गए।

### चार दिन लापता किशोर सड़क दुर्घटना का हुआ शिकार

**संवादसूत्र, बछरावां।** बीते मंगलवार से मानसिक विक्षिप्त किशोर अचानक घर से गायब हो गया। जिसका शनिवार सुबह लखनऊ प्रयागराज हाइवे पर चुरुवा गांव के पास क्षत विक्षत अवस्था में शव मिला है । जिसकी जानकारी होते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। शनिवार सुबह लखनऊ प्रयागराज हाइवे पर चुरुवा गांव के पास एक किशोर का शव क्षत विक्षत अवस्था में पुलिस को पड़े होने की जानकारी मिली । तो मौके पर पहुंची पुलिस शव की पहचान करने का प्रयास करने में जुट गई । इस बीच रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए । और शव की पहचान चंदन उम्र 13 वर्ष के रूप में की है । उन्होंने बताया कि भुइयन खेड़ा मजरे रानीखेड़ा थाना शिवगढ़ से मानसिक रूप से विक्षिप्त किशोर मंगलवार को अचानक घर से गायब हो गया । पिता मैकूलाल पुत्र की तलाश लगातार इधर-उधर भटक रहा था । पुत्र की फोटो के आधार पर जगह-जगह लोगों को जानकारी की गई । पर कोई सूचना नही मिल पाई । पूर्व में घटनास्थल के पास ही स्थित एक होटल पर भी मृतक के पिता के द्वारा फोटो दी गई थी । इस फोटो की पहचान पर होटल संचालक ने फोन पर दुर्घटना की सूचना परिजनों को दी ।

# माड़री गौशाला में सप्ताह भर में दर्जन भर गौवंशों की मौत की जांच कराने की मांग

**संवाददाता।** जालौन, उरई

**सर्दी** के मौसम में गोशाला में गोवंशीय पशुओं की मौतें होना शुरू हो गई हैं। ग्राम मांड़री स्थित गोशाला में बीते एक सप्ताह में एक दर्जन से अधिक गोवंशों की मौत होने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। मौत के बाद गोवंशों के शवों को ट्रैक्टर से घसीटकर हुए गोशाला से बाहर माइनर में फेंका जा रहा है। मृत गोवंशों का अंतिम संस्कार न होने से ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने मृत गोवंश को सम्मान के साथ दफ्न कराने की मांग जिलाधिकारी से की है।

शासन स्तर के साथ ही जिलाधिकारी स्तर पर भी लगातार गोशालाओं के संचालन में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए जाते रहते हैं। गोशालाओं में सर्दियों के मौसम में सर्दी से बचाव की पर्याप्त व्यवस्था के साथ ही नियमित पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के भी निर्देश दिए जाते हैं। इतना ही नहीं अधिकारी स्वयं समय समय पर इन गोशालाओं का निरीक्षण करते हैं। इसके बाद भी गोशालाओं में व्यवस्थाएं नहीं सुधर नहीं हैं और सर्दी के मौसम में गोवंशों की मौत की खबरें आने लगी हैं।

ग्रामीण शैलेंद्र कुमार, राम बिहारी, राम लखन, रामलला, सौरभ निवासीगण पहाड़पुरा बताते हैं कि ग्राम मांडरी में गोशाला दुर्दशा का शिकार है। एक सप्ताह से ज्यादा समय से लगातार गोवंशों की मौत हो रही है। गोशाला में गोवंशों की मौत ही नहीं हो रही है। मृत गोवंशों के शव के साथ अमानवीय व्यवहार भी किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि मृत गोवंश को ट्रैक्टर से बांधकर रास्ते में घसीटते हुए शव को बाहर निकाला जाता है। साथ ही शव को दफ्नाने की जगह माइनर में फेक दिया जाता है। माइनर में पड़े गोवंशों के शवों को कुत्ते नोच नोंचकर खा रहे हैं।

इसके बाद भी भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। बीते एक सप्ताह में एक दर्जन से अधिक गोवंशों की मौत चुकी है। माइनर में पड़े गोवंशों के शवों से दुर्गंध आ रही है। दुर्गंध के चलते आसपास के किसान परेशान हैं।

ग्रामीणों ने डीएम से मांग करते हुए कहा कि गोशाला में मृत गोवंशों की जांच कराई जाए और गोवंशों की मौत के जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये।

साथ ही मृत गोवंश को सम्मान के साथ दफ्न कराने के लिए जिम्मेदारों को निर्देशित किया जाए। प्रधान प्रतिनिधि भगवती शरण ने बताया कि उन्हें इस संबंध में जानकारी नहीं है।

## दिव्यांग, वृद्धा, विधवा पेंशन राशि पांच हजार रुपये प्रतिमाह की जाए

**जालौन, उरई।** दिव्यांग, वृद्धा व विधवा पेंशन की धनराशि को बढ़ाकर पांच हजार रुपये प्रतिमाह किए जाने के लिए समाजसेवी ने राष्ट्रपति को पत्र लिखा। समाजसेवी देवीदयाल वर्मा ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को पत्र भेजकर लिखा कि भारत के लगभग सभी राज्यों में वृद्धजनों, दिव्यांगों एवं विधवा महिलाओं को उनके भरण पोषण के लिए पेंशन दिए जाने का प्रावधान है। लेकिन वर्तमान में जो पेंशन की धनराशि दी जा रही है। वह एक तरह से मजाक ही है। प्रदेश सरकार ने पेंशन धनराशि को एक हजार रुपये दिए जाने का प्रावधान किया है। लेकिन आज के मंहगाई वाले युग में एक हजार रुपये में भरण पोषण होना मुश्किल है। इस मंहगाई के दौरान में कोई निराश्रित, बुजुर्ग अथवा विधवा कैसे एक हजार रुपये प्रतिमाह में अपना जीवन यापन कर सकता है यह सोचनीय है। इसलिए यह जरूरी है कि तार्किक रूप से भरण पोषण लायक पेंशन का प्रावधान किया जाए।

# कोल्ड स्टोरेज के सफल संचालन से कृषि एवं व्यापार को मिलेगी मदद



**उरई, जालौन।** जनपद के कोल्ड स्टोरेज व्यवसाय से जुड़े उद्यमियों की एक बैठक शिक्षक एवं व्यापारी नेता अशोक कुमार राठौर के जेल रोड स्थित आवास पर संपन्न हुई जिसमें जिले के कोल्ड स्टोरेज के उद्यमी शामिल हुए। बैठक में समस्त स्टोरेज संचालक इस बात से सहमत रहे कि जनपद में कृषि एवं व्यापार की उन्नति हेतु कोल्ड स्टोरेज की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक को संबोधित करते हुए अशोक राठौर ने कहा कि जनपद के किसानों एवं व्यापारियों को उनकी फसल का उचित मूल्य प्राप्त हो इसके लिए कोल्ड स्टोरेज पूरी मदद करेंगे। बैठक में जय माँ कोल्ड स्टोरेज से अशोक राठौर, धर्मेन्द्र सिंह जादौन, मिथला कोल्ड स्टोरेज से उदयन त्रिवेदी, राजा गढ़गुवां, आकिल रायल कोल्ड स्टोरेज से अकील अहमद, पुण्डरीक कोल्ड स्टोरेज से रमेशचंद्र नगाइच, अमित शुक्ला, माही कोल्ड स्टोरेज गौरव राठौर, शांति कोल्ड स्टोरेज से बालजी गुर्जर, श्री कृष्णा कोल्ड स्टोरेज से भूपेन्द्र सिंह यादव, दीपेन्द्र यादव, बेतवा कोल्ड स्टोरेज से लल्ला तिवारी, जालौन कोल्ड एंड प्रोसेस स्टोरेज से विपुल महेश्वरी, ब्रह्मानंद कोल्ड स्टोरेज से जयपाल सिंह सहित दो दर्जन व्यापारी रहे।

# रेलवे बोर्ड के सदस्य बृज मोहन अग्रवाल ने किया आरेडिका का दौरा



**रायबरेली।** रेलवे बोर्ड के सदस्य (ट्रैक्शन एवं रॉलिंग स्टॉक) एवं पदेन सचिव भारत सरकार बृज मोहन अग्रवाल ने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली का दौरा किया। श्री अग्रवाल ने कोच एवं फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन के संबंध में आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उत्पादन एवं गुणवत्ता संबंधी कई मुददों पर चर्चा हुई। ज्ञात हो कि श्री अग्रवाल वर्ष-2022 में आरेडिका के महाप्रबंधक भी रह चुके हैं। इनके कार्य काल में आरेडिका में बहुत सारे सुधार किए गये। सदस्य (ट्रैक्शन एवं रॉलिंग स्टॉक) ने शेलशॉप, बोगीशॉप, व्हीलशॉप एवं फर्निशिंगशॉप आदि का निरीक्षण किया।

शेलशॉप में निरीक्षण के दौरान तैयार हो रहे दीन-दयालु, एसी3, चेयरकार, एवं लगेज रैक के निर्माण में होने वाली बेल्डिंग की गुणवत्ता के सुधार हेतु कुछ आवश्यक सुझाव दिए। श्री अग्रवाल ने अपने दौरे के दौरान सामान्य यात्रियों के सफर के लिए बनने वाले स्लीपर एवं दीन दयालू कोचों की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। आने वाले समय में प्रत्येक ट्रेन में जनरल एवं स्लीपर क्लास के कोचों की संख्या बढाई जा रही है जिससे यात्रियों के लिए सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित की जा सके।

# छापामारी कर अवैध खनन करते एक जेसीबी सहित 4 ट्रैक्टर पकड़े

**संवाददाता।** कालपी, जालौन



**प्रशासन** की तमाम प्रयासों के बाद भी अवैध खनन का मामला कम होता नजर नहीं आ रहा है। क्षेत्रीय लेखपाल के साथ नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला ने कालपी तहसील के ग्राम भदरेखी में औचक तरीके से छापा मारकर मिट्टी के अवैध खनन का मामला पकड़ लिया। टीम ने मौके से एक जेसीबी मशीन सहित चार ट्रैक्टर पकड़कर सीज करने की कार्रवाई की है।

मालूम हो कि कालपी तहसील के ग्राम भदरेखी में अवैध मिट्टी खनन के मामले की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला के नेतृत्व में क्षेत्रीय लेखपाल एसके महान एवं राजस्व कर्मचारी की टीम के द्वारा भदरेखी की में छापा मारा गया, छापे के दौरान जेसीबी मशीन तथा ट्रैक्टरों से अवैध खनन किया जा रहा था। टीम को देख करके अवैध खनन कारोबारियों में हड़कम्प मच गया तथा वह मौके से भाग जाने में सफल रहे। नायब तहसीलदार की सूचना पर संबंधित थाना पुलिस को मौके पर बुलाया गया। छापेमारी के दौरान राजस्व एवं पुलिस टीम ने मौके से अवैध मिट्टी के खनन में लिप्त जेसीबी मशीन नंबर यूपी-92-एटी-7542 को पकड़ लिया।

इसके अलावा मिट्टी खनन में शामिल चार ट्रैक्टर नंबर यूपी-71-एस-5117 व यूपी-92-पी-6543 तथा दो बिना नंबरों के ट्रैक्टर शामिल थे। जेसीबी तथा चारों ट्रैक्टरों को आटा थाने में पुलिस अभिरक्षा में खड़ा कर सीज करने की कार्यवाही की है। इस मामले को लेकर सम्बन्धित जिला खनिज अधिकारी तथा अन्य विभागों के जिम्मेदारों को आवश्यक कार्यवाही करने के लिये सूचना भी भेजी जा चुकी है।

समझा जाता है कि प्रशासन कि इस कार्रवाई से मिट्टी का अवैध खनन करने वाले लोगों को भी चिन्हित कर कार्यवाही हो सकती है। मालूम हो कि पिछले सप्ताह प्रशासन ने अवैध खनन परिवहन करते हुए दर्जन ट्रकों को पकड़कर कार्रवाई की गई थी।

# परमात्मा में आसक्ति ही मनुष्य को दिलाती है मोह माया से मुक्ति



**कोंच, जालौन।** उरई रोड स्थित पूर्व ब्लॉक प्रमुख ऐंद्रकुमार सिंह निरंजन के हाता में चल रही श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में शनिवार को सप्तम दिवस की विश्राम वेला में कथा व्यास पं. राजेश्वर महाराज ने सुदामा चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा कि परमात्मा बिना मांगे ही भक्तों को सब कुछ प्रदान कर देता है। जिस प्रकार भगवान द्वारिकाधीश ने अपने परम भक्त और बालसखा सुदामा को बिना मांगे ही दो लोकों का ऐश्वर्य प्रदान कर दिया था। उन्होंने कहा, परमात्मा में आसक्ति मनुष्य को सांसारिक मोह माया से मुक्त करने वाली है और जीव भवबंधन से पार पा जाता है।

कथा प्रवाह को आगे बढ़ाते हुए कथा व्यास ने पौंड्रक और जरासंध वध की कथाएं सुनाईं। उन्होंने रुक्मिणी हरण और भगवान द्वारिकाधीश से उनके विवाह की कथा का रोचक वर्णन किया। सुदामा चरित्र की कथा में उन्होंने कहा, ब्राह्मण सुदामा भगवान द्वारिकाधीश के परम भक्त और बालसखा हैं। साधनहीन होते हुए भी वह भगवान में पूरी तरह आसक्त हैं और भगवान का गुणगान करते हुए भिक्षा में जो कुछ भी मिल जाता उसी में संतुष्ट रहते हुए वह अपनी गृहस्थी की गाड़ी खींच रहे हैं। एक बार जिद करके उनकी पत्नी ने उन्हें द्वारिकाधीश के पास जाने के लिए विवश कर दिया तो वह अनमने मन से तैयार हो गए। मित्र के घर खाली हाथ न जाना पड़े सो उनकी पत्नी ने पड़ोसियों से मांग कर लाए गए तंदुल एक पोटली में बांध कर सुदामा को दे दिए। हरिनाम स्मरण करते हुए वे द्वारिकापुरी पहुंचते हैं। वहां पहुंचने पर द्वारिकाधीश ने उनका भव्य स्वागत किया।

# अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अंतर्गत सहकारी संवाद का मिनौरा में आयोजन

**संवाददाता।** उरई, जालौन

**मिनौरा** सहकारी संघ उरई द्वारा आयोजित सहकारी संवाद कार्यक्रम में सहकारिता के महत्व और इसके वैश्विक योगदान पर चर्चा के दौरान इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि वर्ष 2025 को अंतरर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया गया है। यह घोषणा सहकारिता के महत्व को पहचानने और इसे वैश्विक विकास के केंद्र में लाने का प्रतीक है।

सहकारी संवाद की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सहकारी फेडरेशन के उपाध्यक्ष दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री रमाशंकर जायसवाल ने कहा, अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष का यह अवसर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "सहकार से समृद्धि" के दृष्टिकोण को साकार करने का सुनहरा अवसर है। सहकारिता के माध्यम से न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाया जा सकता है, बल्कि वैश्विक स्तर पर एक आत्मनिर्भर और समृद्ध समाज का निर्माण भी किया जा सकता है। उन्होंने सहकारी आंदोलन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने के लिए भारत की भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

सहकारी संवाद में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति ने अपने संबोधन में कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष हमें यह याद दिलाने का अवसर है कि सहकारिता केवल आर्थिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं को सशक्त बनाने और समाज में लैंगिक समानता लाने का भी एक प्रभावी साधन है। भारत में सहकारी आंदोलन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। संवाद में विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने कहा कि अंतरर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष हमें यह प्रेरणा देता है कि हम स्थानीय स्तर पर सहकारी संगठनों को मजबूत करें, ताकि वे वैश्विक सहकारी आंदोलन में योगदान दे सकें।

सहकारिता न केवल आर्थिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह सामाजिक समरसता और पर्यावरण संरक्षण का भी प्रमुख आधार है। कार्यक्रम में सहकारिता को वैश्विक आंदोलन के रूप में प्रोत्साहित करने और इसे समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए विशेष रणनीतियों पर चर्चा हुई। जिला सहकारी बैंक लि. जालौन महा प्रबंधक भानु प्रताप सिंह ने कहा कि सहकारी संस्थाओं के सदस्यों को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के महत्व से अवगत कराने और इसे सामूहिक प्रयासों से सफल बनाने का आह्वान किया।

जिला सहकारी बैंक जालौन के निदेशक युद्धवीर सिंह कंथरिया ने कहा कि अंतरर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष का यह अवसर हम सभी के लिए प्रेरणा है कि हम सहकारिता के माध्यम से समाज के हर वर्ग को सशक्त करें।

# भारत को चीन की बढ़ती क्षमताओं की अभिव्यक्ति के लिए तैयार रहना होगा

भाषा। नई दिल्ली



**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत-चीन संबंध 2020 के बाद की सीमा स्थिति से उत्पन्न जटिलताओं से खुद को अलग करने की कोशिश कर रहे हैं और संबंधों के दीर्घकालिक विकास पर अधिक विचार किए जाने की जरूरत है। पिछले दशकों में चीन के साथ भारत के संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए जयशंकर ने कहा कि पिछले नीति-निर्माताओं की गलत व्याख्या , चाहे वह आदर्शवाद या व्यावहारिक राजनीति की अनुपस्थिति से प्रेरित हो, ने चीन के साथ न तो सहयोग और न ही प्रतिस्पर्धा में मदद की है। मुंबई में नानी पालकीवाला व्याख्यान में उन्होंने कहा कि पिछले दशक में इसमें स्पष्ट रूप से बदलाव आया है। विदेश मंत्री ने कहा कि आपसी विश्वास, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता दोनों पक्षों के बीच संबंधों का आधार बने रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि संबंधों के दीर्घकालिक विकास पर अधिक विचार किए जाने की आवश्यकता है। जयशंकर ने कहा, ऐसे समय में जब भारत के अधिकतर देशों के साथ रिश्ते मजबूत हो रहे हैं, भारत को चीन के साथ संतुलन स्थापित करने में एक विशेष चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इसका एक बड़ा कारण यह है कि दोनों देश उन्नति कर रहे हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि निकटतम पड़ोसी होने और एक अरब से अधिक आबादी वाले दो समाजों के रूप में, भारत-चीन के बीच संबंध कभी भी आसान नहीं हो सकते। उन्होंने कहा, लेकिन सीमा विवाद, इतिहास के कुछ बोझ और भिन्न सामाजिक-राजनीतिक प्रणालियों ने इसे और भी तीखा बना दिया। पिछले नीति-निर्माताओं द्वारा गलत व्याख्या, चाहे वह आदर्शवाद से प्रेरित हो या व्यावहारिक राजनीति की गैरमौजूदगी से, वास्तव में चीन के साथ न तो सहयोग और न ही प्रतिस्पर्धा में मदद मिली है। उन्होंने कहा, पिछले दशक में इसमें स्पष्ट रूप से बदलाव आया है। अभी, संबंध 2020 के बाद की सीमा स्थिति से उत्पन्न जटिलताओं से खुद को अलग करने की कोशिश कर रहे हैं। जयशंकर ने कहा कि भले ही इस पर ध्यान दिया जा रहा है, लेकिन संबंधों के दीर्घकालिक विकास पर अधिक विचार किए जाने की आवश्यकता है। जयशंकर ने कहा कि भारत को चीन की बढ़ती क्षमताओं की अभिव्यक्ति के लिए तैयार रहना होगा, खासकर उनके लिए जो सीधे भारत के हितों पर असर डालते हैं। जयशंकर ने तर्क दिया कि अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए भारत की व्यापक राष्ट्रीय क्षमताओं का अधिक तेजी से विकास आवश्यक है। पिछले साल 21 अक्टूबर को बनी सहमति के बाद, भारतीय और चीनी सेनाओं ने डेमचोक और देपसांग के दो शेष गतिरोध स्थलों से सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी कर ली।

# पिछले दशक में ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति बढ़कर 22.4 घंटे हुई: मनोहर लाल

**नई दिल्ली।( भाषा )** केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि पिछले एक दशक में ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति में नौ घंटे और शहरी क्षेत्रों में 1.4 घंटे का उल्लेखनीय सुधार हुआ है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, बिजली मंत्रालय के लिए संसद सदस्यों की परामर्शदात्री समिति की बृहस्पतिवार को हुई बैठक में पुनर्रेखित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के कार्यान्वयन पर चर्चा की गई। इस बैठक में मंत्री ने बताया कि पिछले एक दशक में शहरी क्षेत्रों में बिजली की उपलब्धता 22 घंटे से बढ़कर 23.4 घंटे हो गई है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 12.5 घंटे से बढ़कर 22.4 घंटे हो गई है। आरडीएसएस योजना के बारे में मंत्री ने कहा कि स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं और वितरण कंपनियों दोनों को लाभ होगा क्योंकि इससे बिलिंग त्रुटियां कम होंगी, ऊर्जा दक्षता बढ़ेगी और उपयोगकर्ताओं को अधिक सुविधा मिलेगी। मनोहर लाल ने कहा कि मंत्रालय ने नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के साथ समन्वय में पीएम सूर्य घर योजना के तहत छतों पर सौर इकाइयां (आरटीएस) लगाने समय उपभोक्ताओं को होने वाली मुश्किलें कम करने के लिए कई उपाय किए हैं। उन्होंने कहा, इन उपायों में 10 किलोवाट तक के कनेक्शनों के लिए तकनीकी व्यवहार्यता अध्ययन की शर्त को हटाना, 10 किलोवाट तक के आरटीएस प्रतिष्ठानों के लिए भार वृद्धि को लागू करना आदि शामिल हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, आरडीएसएस योजना के तहत विभिन्न राज्यों में 29 नवंबर तक लगभग 73 लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा चुके हैं। हालांकि 11 राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों में एक भी स्मार्ट प्रीपेड मीटर नहीं लगे हैं।जुलाई, 2021 में शुरू की गई पुनरेखित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के तहत 3.3 लाख करोड़ रुपए के परिव्यय से मार्च, 2025 तक लगभग 25 करोड़ स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाने हैं।

## अगले पांच साल में भारत का वाहन उद्योग दुनिया में पहले स्थान पर होगा: गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने वाहन उद्योग में अब तक सर्वाधिक 4.5 करोड़ रोजगार पैदा होने का जिक्र करते हुए शनिवार को कहा कि भारत का वाहन उद्योग अगले पांच साल में दुनिया में पहले स्थान पर होगा। गडकरी ने यहां वाहन डीलरों के निकाय फाडा के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय वाहनों की मांग वैश्विक स्तर पर बहुत अधिक है।उन्होंने कहा, भारतीय वाहन उद्योग का आकार अब 22 लाख करोड़ रुपए का है। मुझे पूरा विश्वास है कि पांच साल के भीतर भारतीय वाहन उद्योग दुनिया में नंबर एक बन जाएगा। वर्तमान में अमेरिकी वाहन उद्योग का आकार 78 लाख करोड़ रुपए है, इसके बाद चीन (47 लाख करोड़ रुपए) और भारत (22 लाख करोड़ रुपए) का स्थान आता है। गडकरी ने कहा कि जब उन्होंने 2014 में परिवहन मंत्रालय का कार्यभार संभाला था, तब वाहन उद्योग का आकार 7.5 लाख करोड़ रुपए था जो अब बढ़कर 22 लाख करोड़ रुपए हो चुका है। उन्होंने फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के कार्यक्रम में कहा कि वाहन उद्योग ने अब तक 4.5 करोड़ नौकरियां पैदा की हैं, जो देश में सबसे अधिक हैं। उन्होंने कहा, वाहन उद्योग राज्य सरकार और भारत सरकार को जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) के हिस्से के रूप में अधिकतम राजस्व भी दे रहा है। उन्होंने बताया कि भारत में बनने वाले सभी दोपहिया वाहनों में से 50 प्रतिशत का निर्यात किया जाता है।

## नवीनीकृत चिकित्सा उपकरणों के आयात की अनुमति नहीं: सीडीएससीओ

**नई दिल्ली।** पहले इस्तेमाल किए जा चुके चिकित्सा उपकरणों के देश में अनियमित प्रवाह को रोकने के लिए शीर्ष औषधि नियामक सीडीएससीओ ने सीमा शुल्क विभाग को सूचित किया है कि नवीनीकृत चिकित्सा उपकरणों के आयात की अनुमति नहीं है।सीमा शुल्क के प्रधान आयुक्त को लिखे पत्र में केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने कहा है कि सभी चिकित्सा उपकरणों को चिकित्सा उपकरण नियम, 2017 के तहत विनियमित किया जाता है। सीडीएससीओ ने कहा, हालांकि, उक्त नियमों के तहत नवीनीकृत चिकित्सा उपकरणों के विनियमन के लिए कोई विशिष्ट प्रावधान नहीं है। इसलिए, ऐसे उपकरणों के आयात के लिए कोई लाइसेंस जारी नहीं किया जाता है और इन्हें बिक्री तथा वितरण के लिए चिकित्सा उपकरण नियमों के तहत आयात नहीं किया जा सकता है। चिकित्सा उपकरणों के निर्माताओं ने इस कदम का स्वागत करते हुए कहा है कि यह निर्णायक स्पष्टीकरण रोगी सुरक्षा के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के लिए डिज़ायन किए गए नियामकीय ढांचे को मजबूत करता है। पीएचडीसीसीआई में चिकित्सा उपकरण समिति के पूर्व चेयरपर्सन डॉ. सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि सीडीएससीओ का यह निर्णय चिकित्सा प्रौद्योगिकी में भारत की श्रीवास्तव ने कहा, देश में नवीनीकृत चिकित्सा उपकरणों को अनुमति देने से स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता खतरे में पड़ जाती, स्थानीय नवाचार हतोत्साहित होता और मेक इन इंडिया पहल की भावना कमजोर होती। इनवॉल्यूशन हेल्थकेयर के प्रबंध निदेशक गौरव अग्रवाल ने कहा कि सीडीएससीओ का निर्णायक स्पष्टीकरण नियामक ढांचे को मजबूत करता है, जो रोगी सुरक्षा के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के लिए डिज़ायन किया गया है। इसके साथ ही स्वदेशी विनिर्माण की वृद्धि के लिए एक मजबूत माहौल भी तैयार करता है।

## डेटा सेंटर परिसर स्थापित करने के लिए तेलंगाना सरकार, एसटीटी ग्लोबल के बीच समझौता

**हैदराबाद।** एसटीटी ग्लोबल डेटा सेंटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने 3,500 करोड़ रुपए के निवेश से मुचेर्ला क्षेत्र के मीरखानपेट में अत्याधुनिक डेटा सेंटर परिसर स्थापित करने के लिए तेलंगाना सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।तेलंगाना के उद्योग मंत्री डी. श्रीधर बाबू और एसटी टेलीमीडिया ग्लोबल डाटा सेंटर (एसटीटी जीडीसी) के समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ब्रूनो लोपेज की उपस्थिति में इस समझौता ज्ञापन पर सिंगापुर में हस्ताक्षर किए गए। शनिवार को जारी बयान के अनुसार, एआई से लैस डेटा सेंटर परिसर में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियां होंगी, जिनकी लक्षित क्षमता 100 मेगावाट तक होगी। ए प्रौद्योगिकियां भविष्य की वृद्धि के लिए पर्याप्त मापनीयता प्रदान करेंगी। यह देश की सबसे बड़ी डेटा सेंटर परियोजनाओं में से एक होगी।यह परियोजना देश के डिजिटल परिवर्तन को समर्थन देने के लिए एसटीटी जीडीसी इंडिया की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है और वैश्विक प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे के लिए पसंदीदा गंतव्य के रूप में तेलंगाना की स्थिति को मजबूत करती है।इस फैसले का स्वागत करते हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा, मैं एसटीटी ग्लोबल को इस निर्णय के लिए बधाई देता हूं। हैदराबाद जल्द ही डेटा सेंटर की राजधानी के रूप में उभरेगा।

# वैष्णव ने बुलेट ट्रेन परियोजना में समुद्र के नीचे की सुरंग के काम का गहन निरीक्षण किया

**मुंबई, ठाणे। (भाषा)** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुंबई-अहमदाबाद उच्च गति रेल गलियारे (बुलेट ट्रेन परियोजना) के तहत समुद्र के नीचे निर्माणाधीन सुरंग का शनिवार को निरीक्षण किया और परियोजना की प्रगति पर संतोष जताया।परियोजना के तहत 21 किलोमीटर लंबी सुरंग में ठाणे क्रीक के नीचे सात किलोमीटर का हिस्सा शामिल है। यह सुरंग बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) स्टेशन को शिलफाटा से जोड़ेगी। समुद्र के नीचे बनी यह सुरंग देश में अपनी तरह की पहली सुरंग है। वैष्णव ने नवी मुंबई के घनसोली में संवाददाताओं से कहा कि समुद्र के नीचे सुरंग का डिजाइन तैयार कर लिया गया है और इसका निर्माण बड़ी सावधानी से किया जा रहा है। उन्होंने कहा, सुरंग के डिजाइन और इसमें इस्तेमाल की जा रही प्रौद्योगिकी की मदद से दो ट्रेनें 250 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गुजर सकती हैं। हवा और प्रकाश के साथ पर्यावरण संरक्षण का भी ध्यान रखा गया है। परियोजना के 340 किलोमीटर लंबे हिस्से पर निर्माण कार्य अच्छी गति से चल रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस परियोजना में ट्रेन कोलकाता मेट्रो की नदी के नीचे बनी सुरंग में संचालित ट्रेनों के मुकाबले कही अधिक रफ्तार से गुजर सकेंगी। वैष्णव ने कहा, इस परियोजना में नदियों पर पुल निर्माण और स्टेशन के बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण प्रगति देखी जा रही है। बीकेसी में स्टेशन एक इंजीनियरिंग चमत्कार है, जिसमें 10 भूमिगत तल और सात जमीन से ऊपर के तल हैं। हाई-स्पीड रेल परियोजना तय समय पर चल रही है। इसका निरीक्षण और अनुमोदन जापानी विशेषज्ञ कर रहे हैं।

रेल मंत्री ने कहा कि मध्यम वर्ग के लिए किफायती, कुशल परिवहन साधन उपलब्ध कराने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना धीरे-धीरे साकार हो रहा है।

वैष्णव ने कहा कि देश में पहली बार हाई-स्पीड रेल मार्ग के पूरा होने से मुंबई और अहमदाबाद सहित मार्ग में पड़ने वाले शहरों की अर्थव्यवस्थाएं एकीकृत होंगी और शहरी विकास को काफी बढ़ावा मिलेगा।उन्होंने कहा, इस गलियारे के साथ बनने वाले स्टेशन शहरी विकास को बढ़ावा देंगे और यात्रा के समय को महत्वपूर्ण रूप से कम करके दैनिक यात्रियों की उत्पादकता बढ़ाएंगे। हाई-स्पीड ट्रेन को एक परिवहन परियोजना के रूप में न देखकर अर्थव्यवस्था के एकीकरण के रूप में देखें। यह भारत के बुनियादी ढांचे और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देगी।

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन मार्ग 508 किलोमीटर लंबा है। इस मार्ग पर महाराष्ट्र में मुंबई, ठाणे, विरार, बोईसर और गुजरात में वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आनंद, अहमदाबाद और साबरमती समेत कुल 12 स्टेशन प्रस्तावित हैं।लगभग 1.08 लाख करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली इस परियोजना का मुख्य आकर्षण समुद्र के नीचे 21 किलोमीटर लंबी सुरंग है।

## किसानों को धान का बोनस देने से पहले ड्रोन से सर्वेक्षण कराएंगे: मप्र मुख्यमंत्री

**सिवनी।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार को कहा कि राज्य में किसानों को धान का बोनस जारी करने से पहले सर्वेक्षण करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कदम किसानों की कठिनाइयों को दूर करने और यह सुनिश्चित करने का एक प्रयास है कि कोई भी किसान छूट न जाए।मुख्यमंत्री ने सिवनी में स्वामित्व योजना से संबंधित एक कार्यक्रम में कहा, धान बोनस के वितरण में समस्याएं सामने आती हैं। इसलिए, सरकार ने धान की खेती का ड्रोन सर्वेक्षण कराने का फैसला किया है। धान बोनस का मतलब आमतौर पर फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के अतिरिक्त दी जाने वाली राशि से है।उन्होंने कहा, हम बोनस की राशि सभी किसानों के बैंक खाते में डालेंगे। कोई भी वंचित नहीं रहेगा।

# आयुष्मान भारत के तहत 70 वर्ष, उससे अधिक आयु के छह करोड़ नागरिक लाए गए: नड्डा

भाषा। अहमदाबाद



**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने शनिवार को कहा कि आयुष्मान भारत के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के छह करोड़ नागरिक आ चुके हैं तथा यह बीमा कार्यक्रम अब भारत की 45 प्रतिशत आबादी को कवर करता है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले साल अक्टूबर में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों के लिए स्वास्थ्य कवरेज को मंजूरी दी थी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में हमने आयुष्मान भारत के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के छह करोड़ लोगों को जोड़ा है। अब, 62 करोड़ से अधिक लोग, या भारत की 45 प्रतिशत से अधिक आबादी, स्वास्थ्य बीमा में नहीं बल्कि पांच लाख रुपए की वार्षिक कवरेज वाली स्वास्थ्य आश्वासन योजना के तहत कवर की गई है। भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) अहमदाबाद में आयोजित आईआईएम-ए हेल्थकेयर समिट 2025 में उन्होंने इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे 4.2 करोड़ से अधिक नागरिकों को लाभ हुआ है। नड्डा ने कहा, ए गरीब लोग हैं- रिक्शा चालक, रेहड़ी-पटरी वाले, बस चालक, कंडक्टर, लिफ्टमैन, सुरक्षा गार्ड, नाई, मोची, जिन्होंने शायद कभी अपने स्वास्थ्य की देखभाल के बारे में सोचा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि क्षय रोग (टीबी) के खिलाफ अपनी लड़ाई में भारत ने मामलों की दर में 17.7 प्रतिशत की कमी (2015 में प्रति 1,00,000 जनसंख्या पर 237 से 2023 में प्रति 1,00,000 जनसंख्या पर 195 मामले तक) हासिल की है, जो वैश्विक गिरावट दर 8.3 प्रतिशत से दोगुनी से भी अधिक है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2025 तक टीबी को खत्म करने का लक्ष्य रखा है और एआई व एक्स-रे उपकरणों के उपयोग के माध्यम से इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। नड्डा ने कहा कि जहां तक सस्ती दवाओं का सवाल है, भारत अमेरिका (थोक आपूर्ति का 46 प्रतिशत) और ब्रिटेन (मांग का 25 प्रतिशत) की मांगों को पूरा कर रहा है और भारत में निर्मित दवाएं अपनी प्रभावकारिता और लागत प्रभावशीलता के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने कहा कि 2017 की स्वास्थ्य नीति को रोकथाम, संवर्धन, उपचारात्मक देखभाल, पुनर्वास और वृद्धावस्था देखभाल पर ध्यान केंद्रित करते हुए समग्र दृष्टिकोण के साथ तैयार किया गया था। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, 2017 से पहले हम केवल तृतीयक, प्राथमिक और माध्यमिक स्वास्थ्य सेवा के बारे में बात करते थे, लेकिन कभी समग्र स्वास्थ्य सेवा के बारे में नहीं सोचते थे। प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में, हमारे पास 1.73 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर हैं, जो निवारक और संवर्धक स्वास्थ्य सेवा के लिए जमीनी स्तर पर पहला संपर्क बिंदु है। नड्डा ने कहा कि गर्भवती महिलाओं और बच्चों की निगरानी करने वाली वेब आधारित प्रणाली मदर एंड चाइल्ड ट्रैकिंग सिस्टम (एमसीटीएस) ने टीकाकरण और अन्य कार्यक्रमों के बारे में 5 करोड़ से अधिक बच्चों और 3 करोड़ से अधिक माताओं की निगरानी की है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 30 वर्ष की आयु के लोगों की जांच की सुविधा है ताकि उन्हें विभिन्न बीमारियों के प्रति उनकी संवेदनशीलता के बारे में पता चल सके।

# वाहन प्रदर्शनी में इलेक्ट्रिक वाहनों का दबदबा कायम

**नई दिल्ली।** (भाषा) राष्ट्रीय राजधानी में चल रहे भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 के दूसरे दिन शनिवार को भी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) आकर्षण का मुख्य केंद्र बने रहे। विनफास्ट और बीवाईडी जैसी कई कंपनियों ने यात्री वाहन खंड में अपने उत्पाद पेश किए जबकि वेव मोबिलिटी ने सौर ऊर्जा से चलने वाली इलेक्ट्रिक मिनीकार एवा को पेश किया। वाणिज्यिक वाहनों की श्रेणी में जेबीएम इलेक्ट्रिक वेहिकल्स ने लक्जरी कोच गैलेक्सी सहित चार नई इलेक्ट्रिक बसें पेश कीं। वहीं ईकेए मोबिलिटी ने अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार करने के उद्देश्य से एक इलेक्ट्रिक ट्रक और छह सीटों वाला सार्वजनिक परिवहन वाहन पेश किया।

वाहन प्रदर्शनी के दूसरे दिन दक्षिण कोरियाई कंपनी हुंदै मोटर कंपनी ने टीवीएस मोटर कंपनी के साथ मिलकर भारत के लिए अंतिम गंतव्य वाले परिवहन समाधानों के विकास में साझेदारी की संभावना तलाशने की घोषणा की। इस दिशा में अभी तक कोई बाध्यकारी समझौता नहीं किया गया है। इस दौरान हुंदै मोटर ने अंतिम गंतव्य तक पहुंचाने वाले एक वाहन के कॉन्सेप्ट मॉडल को भी पेश किया। वियतनाम की कंपनी विनफास्ट ऑटो ने अपनी दो इलेक्ट्रिक एसयूवी वीएफ 7 और वीएफ 6 का अनावरण करते हुए कहा कि ए दोनों मॉडल इस साल के अंत तक भारतीय बाजार में आए जाएंगे। ए कंपनी के भारत में उतारे जाने वाले पहले वाहन होंगे। विनफास्ट इस समय तमिलनाडु के तूतीकोरिन में 50 करोड़ डॉलर की लागत से अपना विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने में लगी हुई है। उसे उम्मीद है कि 2025 की दूसरी छमाही में यह संयंत्र बनकर तैयार हो जाएगा जिसके बाद वह उत्पादों को पेश करेगी।विनफास्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) फान सान चाउ ने कहा कि कंपनी भारत में अपने निवेश के लिए सरकार के साथ बातचीत कर रही है ताकि नई ईवी नीति के तहत प्रोत्साहन के लिए विचार किया जा सके। कंपनी भारत में उत्पादित ईवी का निर्यात पश्चिम एशिया और अफ्रीकी बाजारों में करना चाह रही है। चीन की दिग्गज ईवी कंपनी बीवाईडी ने भी अपने इलेक्ट्रिक एसयूवी सीलॉयन 7 को पेश करने के साथ उसकी बुकिंग शुरू करने की भी घोषणा की। इसके अलावा कंपनी ने सीलॉयन 6 और बीवाईडी सुपर प्लग-इन हाइब्रिड ईवी एवं यांगवांग यू8 को भी पेश किया।

बीवाईडी इंडिया के इलेक्ट्रिक यात्री वाहन कारोबार प्रमुख राजीव चौहान ने कहा, हम ऐसे उत्पादों के साथ उद्योग को बदलने में अग्रणी होने के लिए उत्साहित हैं जो न केवल प्रेरित करते हैं बल्कि हरित भविष्य में सार्थक योगदान भी देते हैं। हम जनवरी के भीतर अपने डीलरशिप नेटवर्क का विस्तार 40 तक करने और 2025 तक अपने नेटवर्क को और भी बढ़ाने के लिए तैयार हैं। वाणिज्यिक वाहन खंड में जेबीएम इलेक्ट्रिक ने लक्जरी कोच गैलेक्सी सहित चार नई इलेक्ट्रिक बसें पेश कीं। इसने एक इंटरसिटी बस एक्सप्रेस, लो फ्लोर इलेक्ट्रिक मेडिकल मोबाइल यूनिट ई-मेडीलाइफ और ई-स्काईलाइफ भी पेश किए। जेबीएम ग्रुप के वाइस चेयरमैन निशांत आर्य ने कहा कि कंपनी हरित परिवहन के लिए प्रौद्योगिकी-आधारित समाधान देना जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि कंपनी बस व्यवसाय की कुल आय का तीन-चार प्रतिशत लगातार शोध एवं विकास पर निवेश कर रही है। ईकेए मोबिलिटी ने भी अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार करने के उद्देश्य से एक इलेक्ट्रिक ट्रक और छह सीटों वाले सार्वजनिक परिवहन वाहन की झलक दिखाई। ईकेए मोबिलिटी के संस्थापक और चेयरमैन सुधीर मेहता ने कहा, इलेक्ट्रिक बसों, ट्रकों और छोटे वाणिज्यिक वाहनों की हमारी नवीनतम शृंखला व्यवसायों और सार्वजनिक परिवहन के लिए अभिनव, लागत प्रभावी और पर्यावरण के अनुकूल समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ईवी निर्माता वेव मोबिलिटी ने सौर ऊर्जा से चार्ज होने वाली इलेक्ट्रिक मिनी-कार एवा को 3.25 लाख रुपए की आकर्षक शुरुआती कीमत पर पेश किया। तीन सीट वाले इस वाहन को कंपनी ने तीन संस्करणों में पेश किया है। वेव मोबिलिटी के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी नीलेश बजाज ने कहा कि कंपनी इसका वाणिज्यिक उत्पादन अगले साल के मध्य से शुरू करना चाहती है। हालांकि इच्छुक ग्राहक इसकी प्री-बुकिंग अभी से कर सकते हैं।

# पेज 1 का शेष

## आरजी कर....

शामिल नहीं हुए थे। इस घटना के बाद विरोध-प्रदर्शन में सबसे आगे रहे कनिष्ठ चिकित्सकों ने पीड़िता के माता-पिता द्वारा लगाए गए बड़े षड्यंत्र के आरोपों की आगे की जांच का अनुरोध किया है। एक कनिष्ठ चिकित्सक ने कहा, बहुत सारे अनुत्तरित प्रश्न हैं। आरोप है कि अपराध स्थल के साथ छेड़छाड़ की गई थी और इसमें प्रभावशाली लोग शामिल थे, इसकी पूरी जांच होनी चाहिए। यह सिर्फ आंशिक न्याय है। लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। इस फैसले पर मिली-जुली राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आईं। भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने फैसले का स्वागत किया, लेकिन पीड़िता के परिवार द्वारा लगाए गए षड्यंत्र के आरोपों की आगे की जांच का अनुरोध भी किया। उन्होंने कहा, हमें खुशी होती अगर आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त विनीत गोयल को भी आज सजा सुनाई जाती। हमें जांच करनी चाहिए कि अपराध में कोई और शामिल था या नहीं। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ सांसद सौगत रॉय ने भी फैसले का स्वागत किया और रॉय को कठोरतम सजा देने की मांग की, ताकि मिसाल कायम हो सके। मामले की शुरुआत में जांच कर रही कोलकाता पुलिस ने 10 अगस्त को रॉय को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले महिला चिकित्सक का शव अस्पताल के सेमिनार रूम में मिला था। बाद में कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। जांच एजेंसी ने आरोपी के लिए मृत्युदंड की मांग की थी। प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या के मामले में 12 नवंबर को बंद कमरे में सुनवाई शुरू हुई और 50 गवाहों से पूछताछ की गई। सुनवाई नौ जनवरी को समाप्त हुई। इस अपराध के कारण देश भर में आक्रोश फैल गया और कोलकाता में कनिष्ठ चिकित्सकों ने पीड़िता के लिए न्याय और राज्य सरकार द्वारा संचालित अस्पतालों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की मांग करते हुए लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन किया था। कोलकाता और कुछ अन्य शहरों में नागरिक संगठनों के सदस्यों ने भी इस भयावह घटना के खिलाफ प्रदर्शन किया और मृत महिला चिकित्सक के लिए न्याय की मांग करते हुए आधी रात को रैलियां निकालीं, जिन्हें रिक्लेम द नाइट कहा गया। इस घटना के कारण भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) जैसे विपक्षी दलों ने कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर निशाना साधा था।

## किराएदार...

साथ ही होली और दिवाली पर एक सिलेंडर मुफ्त देने का भी वादा किया है। भाजपा ने कहा कि वह 60 से 70 वर्ष की आयु के लोगों के लिए वरिष्ठ नागरिक पेंशन 2,000 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये करेगी; तथा वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं, दिव्यांगों और 70 वर्ष से अधिक आयु के निराश्रित लोगों के लिए सहायता राशि 2,500 रुपये से बढ़ाकर 3,000 रुपये कर दी गई है। केजरीवाल ने दिल्ली भर के किरायेदारों द्वारा उठाई गई चिंताओं को उजागर किया और कहा कि किरायेदार अक्सर दिल्ली के स्कूलों, अस्पतालों और मुफ्त बस सेवाओं की प्रशंसा करते हैं, लेकिन वे अन्य निवासियों को मिलने वाली मुफ्त बिजली और पानी की सेवाएं न मिलने पर पीड़ा व्यक्त करते हैं। आप प्रमुख ने कहा, 'दिल्ली में कई किरायेदार पूर्वांचल से आते हैं। वे किराए पर रहते हैं और प्राय: बहुत गरीब पृष्ठभूमि से आते हैं। मैंने ऐसे उदाहरण देखे हैं जहां एक ही इमारत में सैकड़ों किरायेदार रहते हैं। जल्द ही इन सभी लोगों को मुफ्त बिजली और पानी का लाभ भी मिलने लगेगा। आप ने अपने अभियान को कल्याणकारी पहलों के इर्द-गिर्द तैयार किया है, तथा मुफ्त सुविधाओं और बेहतर सार्वजनिक सेवाओं को अपनी मुख्य ताकत के रूप में प्रस्तुत किया है। पार्टी ने महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से एक योजना शुरू की है, जिसमें वादा किया गया है कि यदि वह दोबारा चुनी गयी तो उनका भत्ता बढ़ाकर 2,100 रुपये कर दिया जाएगा।

## केजरीवाल की..

जोर दिया कि राजनीतिक दलों को ऐसे आयोजनों के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) कार्यालय में एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से अनुमति के लिए आवेदन करना होगा। इसमें आगे कहा गया कि इस समय पुलिस द्वारा ऐसी अनुमति न तो दी जा सकती है और न ही अस्वीकार की जा सकती है। डॉक्यूमेंट्री 'अनब्रेकेबल', जो केजरीवाल के नेतृत्व के दौरान आप की यात्रा और उनके कारावास के दौरान और उसके बाद पार्टी की गतिविधियों को दर्शाती है, का प्रदर्शन प्यारेलाल भवन, आईटीओ में सुबह 11.30 बजे होना था। इसका समय दिल्ली विधानसभा चुनावों के साथ मेल खाता है, जिससे राजधानी में राजनीतिक चर्चा तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी ने शनिवार को एक्स पर लिखा कि केजरीवाल पर भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा के 'लोगों' ने हमला किया। आप ने आगे आरोप लगाया कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे भाजपा के प्रवेश वर्मा ने अपने समर्थकों से आप नेता पर हमला करवाया ताकि वह चुनाव प्रचार न कर सकें। साथ ही कहा कि दिल्ली की जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने अरविंद केजरीवाल पर पत्थर फेंके ताकि वे प्रचार न कर सकें। भाजपा सुन लो, अरविंद केजरीवाल तुम्हारे कायराना हमले से पीछे हटने वाले नहीं हैं। दिल्ली की जनता तुम्हें मुंहतोड़ जवाब देगी। केजरीवाल के पार्टी सहयोगी मनीष सिसोदिया ने इस हमले को लेकर भाजपा की निंदा की। घटना के कथित वीडियो में केजरीवाल को एक वाहन में बैठे देखा जा सकता है और पुलिसकर्मी वाहन के लिए रास्ता साफ कर रहे हैं। वीडियो में दिखाया गया है कि एक काले रंग की एसयूवी को दोनों ओर से सुरक्षाकर्मियों ने घेर रखा है, जबकि कुछ प्रदर्शनकारी कार का रास्ता रोकने की कोशिश कर रहे हैं। वीडियो में दिखाया गया है कि एक बड़ा पत्थर एक छोर से उड़ता हुआ आता है और जिस कार में केजरीवाल बैठे हैं उसकी छत पर गिरता है।

## इजराइल...

जिस पर पहले चरण के दौरान बातचीत की जाएगी। हमास ने कहा है कि वह स्थायी युद्धविराम और इजरायल की पूर्ण वापसी के बिना शेष बंदियों को रिहा नहीं करेगा। मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित और इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार द्वारा हस्ताक्षरित युद्धविराम योजना के अनुसार, यह आदान-प्रदान रविवार को शाम 4 बजे (14.00आईएसडी) से शुरू होगा। प्रत्येक आदान-प्रदान के दौरान, बंधकों के सुरक्षित पहुंचने के बाद इजरायल द्वारा कैदियों को रिहा कर दिया जाएगा। योजना के अनुसार पहले चरण के दौरान, 33 जीवित और मृत इजरायली बंधकों के बदले में लगभग 1,900 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया जाएगा।

## सैफ अली...

इस बीच, गुरुवार रात मुंबई पुलिस के समक्ष दर्ज कराए गए बयान में सैफ अली खान की पत्नी अभिनेत्री करीना कपूर खान ने कहा कि हालांकि आभूषण खुले में पड़े थे, लेकिन हमलावर ने किसी भी आभूषण को हाथ नहीं लगाया। करीना ने पुलिस को बताया, हमलावर आक्रामक था। मैंने उसे सैफ पर बार-बार हमला करते देखा... हमारी प्राथमिकता सैफ को अस्पताल ले जाने की थी। सामने आए एक वीडियो में करीना यह कहती हुई सुनाई दे रही हैं कि उनके पति सैफ के अस्पताल जाने के बाद वह घबरा गई थीं और उनकी बहन करिश्मा उन्हें अपने घर ले गईं। करीना का यह बयान कि घुसपैठिये ने आभूषणों को हाथ नहीं लगाया, आश्चर्यजनक था, क्योंकि पुलिस का कहना था कि हमले के पीछे लूटपाट का उद्देश्य था। दरअसल, महाराष्ट्र के गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने शुक्रवार को मीडियाकर्मियों से कहा था, सैफ अली खान पर हमले में किसी आपराधिक गिरोह की संलिप्तता नहीं है। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि घटना के पीछे लूटपाट का मकसद था।

# संपत्ति कार्ड से गरीबी उन्मूलन में मिलेगी मदद : मोदी

● प्रधानमंत्री ने 65 लाख से अधिक स्वामित्व संपत्ति कार्ड बांटे

भाषा। नई दिल्ली





**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए और कहा कि इससे आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा गरीबी उन्मूलन में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कार्यक्रम को संबोधित किया और कुछ लाभार्थियों से बातचीत भी की और कहा कि इस योजना से लोगों को ऋण और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण भूमि डिजिटलीकरण प्रौद्योगिकी और सुशासन की शक्ति का लाभ उठाकर ग्रामीण सशक्तिकरण को आगे बढ़ा रहा है। ए संपत्ति कार्ड 10 राज्यों – छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू कश्मीर तथा लद्दाख के 50,000 से अधिक गांवों के लाभार्थियों को वितरित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, आज 65 लाख कार्ड वितरित किए जाने के बाद अब गांवों में लगभग 2.24 करोड़ लाभार्थियों के पास स्वामित्व संपत्ति कार्ड होंगे। उन्होंने कहा, संपत्ति अधिकार दुनिया भर में एक बड़ी चुनौती है। कई साल पहले संयुक्त राष्ट्र ने एक अध्ययन किया था, जिसमें पता चला था कि कई देशों में लोगों के पास संपत्ति के अधिकार के लिए कानूनी दस्तावेज नहीं हैं। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि गरीबी उन्मूलन के लिए संपत्ति अधिकार महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक प्रख्यात अर्थशास्त्री ने कहा था कि गांवों में संपत्ति एक मृत पूंजी है, क्योंकि लोग इसके साथ कुछ नहीं कर सकते और यह उनकी आय बढ़ाने में भी मदद नहीं कर सकती। उन्होंने कहा, भारत में भी इस चुनौती का असर देखने को मिला। गांवों में लोगों के पास लाखों-करोड़ों (रुपए) की संपत्ति होती है, लेकिन उनके पास उसके कागजात नहीं होते। झगड़े होते थे, संपत्ति हड़प ली जाती थी और बैंक भी उस पर ऋण नहीं देते थे। उन्होंने कहा, पिछली सरकारों को इस संबंध में कुछ कदम उठाने चाहिए थे, लेकिन कुछ खास नहीं किया गया। मोदी ने कहा कि दलित, पिछड़े वर्ग और आदिवासी इस कानून से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। स्वामित्व योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि इसमें ड्रोन का उपयोग करके गांवों में घरों और जमीनों का मानचित्रण करना और ग्रामीणों को आवासीय संपत्तियों के कानूनी दस्तावेज प्रदान करना शामिल है। उन्होंने कहा कि इस योजना के लाभ अब दिखाई देने लगे हैं। मोदी ने कहा, भारत में छह लाख से अधिक गांव हैं, जिनमें से लगभग आधे में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा, कानूनी संपत्ति अधिकार मिलने के बाद लाखों लोगों ने ऋण लिया है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने जाफना में सांस्कृतिक केंद्र का नाम तिरुवल्लुवर के नाम पर रखने का स्वागत किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को श्रीलंका के जाफना में एक सांस्कृतिक केंद्र का नाम तमिल कवि और संत तिरुवल्लुवर के नाम पर रखे जाने का स्वागत किया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह महान तिरुवल्लुवर को श्रद्धांजलि के साथ भारत और श्रीलंका के लोगों के बीच गहरे सांस्कृतिक, भाषाई, ऐतिहासिक और सभ्यतागत संबंधों का प्रमाण है। श्रीलंका स्थित भारतीय दूतावास ने उस समारोह की तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें सांस्कृतिक केंद्र का नामकरण तिरुक्कुरल के लेखक के नाम पर किया गया। तिरुक्कुरल तमिल भाषा का एक प्रसिद्ध साहित्य है, जिसमें जीवन के विभिन्न पहलुओं पर सूक्तियां दी गई हैं।

# आंध्र प्रदेश में रविवार को एनआईडीएम दक्षिणी परिसर का उद्घाटन करेंगे शाह

भाषा। अमरावती

**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह रविवार को अन्य परियोजनाओं के साथ-साथ राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम) के दक्षिणी परिसर और विजयवाड़ा के निकट राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की 10वीं बटालियन परिसर का उद्घाटन करेंगे। गृह मंत्री, कृष्णा जिले के कोंडापवुलुरू में एनडीआरएफ के 20वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह रविवार को एनडीआरएफ के 20वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। इस अवसर पर शाह 200 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। एनआईडीएम के दक्षिणी परिसर और एनडीआरएफ की 10वीं बटालियन परिसर का उद्घाटन करने के अलावा, वह सुपौल (9वीं बटालियन) में क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र (आरआरसी) परिसर का उद्घाटन करेंगे। वह आरआरसी गोरखपुर (एनडीआरएफ की 11वीं बटालियन) की आधारशिला भी रखेंगे और 11 क्षेत्रीय भाषाओं में आपदा जागरूकता वीडियो जारी करेंगे। दक्षिण भारत की जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के तहत राज्य के कृष्णा जिले में एनआईडीएम का दक्षिणी परिसर स्थापित किया है। बाद में, शाह हैदराबाद में राष्ट्रीय पुलिस अकादमी (एनपीए) में एक नए एकीकृत इनडोर शूटिंग रेंज की आधारशिला रखेंगे, जहां आईपीएस परिवीक्षाधीन अधिकारियों को फायरिंग कौशल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा, शाह एक अलंकरण समारोह, पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में भाग लेंगे। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और गृह राज्य मंत्री बी संजय कुमार भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।



## ओडिशा में विद्यालय में झूले से गिरकर 10 वर्षीय बच्चे की मौत

**जाजपुर (ओडिशा)।** ओडिशा के जाजपुर जिले मे शनिवार को विद्यालय परिसर में झूले से गिरकर चौथी कक्षा के एक छात्र की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतक लड़के की पहचान दानागड़ी प्रखंड के बागपतिया उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र सौम्यरंजन साहू के रूप मे हुई है। पुलिस ने बताया कि 10 वर्षीय छात्र स्कूल के समय अपने कुछ दोस्तों के साथ झूले पर खेल रहा था तभी वह अचानक गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि छात्र को पास के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## मणिपुरः एनपीपी विधायक एन. काइसी का निधन

**इंफाल।** मणिपुर के पूर्व मंत्री एवं नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) विधायक एन. काइसी का लंबी बीमारी के बाद शनिवार को यहां निधन हो गया। वह 58 वर्ष के थे। काइसी एक नगा थे एवं सेनापति जिले के तदुबी निर्वाचन क्षेत्र से विधायक और एनपीपी के प्रदेश अध्यक्ष भी थे। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने काइसी के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि मणिपुर के लोगों के प्रति उनकी सेवा को हमेशा याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने काइसी के आवास पर जाकर संवेदना जताई। सिंह ने कहा, काइसी मृदुभाषी, बहुत अच्छे इंसान और अच्छे नेता थे। जब वे बीमार थे तब मैंने उनसे दो बार संपर्क किया था। उनके निधन का मुझे बहुत दुख है। मुख्यमंत्री सिंह ने बाद में सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, मैं तदुबी विधानसभा क्षेत्र के सम्मानित विधायक एन. काइसी के निधन से बहुत दुखी हूं। मणिपुर के लोगों के लिए उनकी सेवा और हमारे राज्य के कल्याण के लिए उनकी प्रतिबद्धता को हमेशा याद रखा जाएगा।

## मारुति सुजुकी ने पेश की पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में व्यापक इलेक्ट्रिक ईको-समाधान के साथ अपनी पहली बी-ईवी (बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन) एसयूवी - ई विटारा को पेश किया है। ई विटारा को हार्टेक्ट-ई प्लेटफॉर्म पर तैयार किया गया है, जो शानदार परफॉर्मेंस और बेहतरीन रेंज के साथ उच्च स्तर का आराम और सुरक्षा प्रदान करता है। इसे प्रीमियम नेक्सा चैनल के माध्यम से बाजार में उतारा जाएगा। प्रीमियम नेक्सा चैनल में पेश किए जाने के लिए तैयार, ई विटारा नेक्सा के नवीनता, बेहतरता और प्रीमियम ग्राहक अनुभव जैसे मूल्यों पर आधारित है। इस पेशकश पर बोलते हुए तोशीहीरो सुज़ुकी, रिप्रेजेंटेटिव डायरेक्टर एंड प्रेसिडेंट, सुज़ुकी मोटर कॉरपोरेशन, ने कहा हमारा उद्देश्य तीन प्रमुख रणनीतियों के जरिए ग्राहकों के लिए बीईवी (बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन) को आकर्षक बनाना है। पहली रणनीति है, बेहतरीन प्रदर्शन के लिए एक खास बीईवी प्लेटफॉर्म बनाना। दूसरी, ग्राहकों की जरूरतों के मुताबिक सही उत्पादों का विकास करना और तीसरी, वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं का लाभ उठाकर उत्पादन को एक ही स्थान पर केंद्रित करना।

## केरल में बेटे ने बीमार मां की हत्या की

**कोझिकोड (केरल)।** थमारास्सेरी में 53 वर्षीय एक महिला की उसके बेटे ने कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह दुखद घटना पुथुप्पडी में सुबैदा की बहन के घर पर घटी, जहां वह बड़ी सर्जरी के बाद आराम कर रही थी। मृतक महिला का बेटा आशिक (24) हाल ही में बेंगलुरु से लौटा था। अधिकारियों ने बताया कि वह नशे का आदी था और बेंगलुरु में अपनी लत का इलाज करा रहा था। हालांकि, पुलिस ने कहा कि जांच के बाद आगे की जानकारी दी जाएगी।

## हिरासत में मौतः सीबीआई अदालत ने हिमाचल के आईजी और सात अन्य पुलिसकर्मियों को दोषी ठहराया

भाषा। चंडीगढ़

**हिमाचल प्रदेश के** कोटखाई में 2017 में नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या के एक आरोपी की हिरासत में मौत के मामले में शनिवार को यहां एक विशेष अदालत ने प्रदेश के पुलिस महानिरीक्षक और सात अन्य पुलिसकर्मियों को दोषी ठहराया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) मामलों की विशेष न्यायाधीश अलका मलिक 27 जनवरी को सजा सुनाएगी। सीबीआई अदालत ने आईजी जहूर हैदर जैदी, तत्कालीन पुलिस उपाधीक्षक मनोज जोशी, तत्कालीन उपनिरीक्षक राजिंदर सिंह, तत्कालीन सहायक उपनिरीक्षक दीपचंद शर्मा, तत्कालीन हेड कांस्टेबल मोहन लाल, सूरत सिंह, रफी मोहम्मद और तत्कालीन कांस्टेबल रंजीत सटेटा को दोषी ठहराया। अदालत ने तत्कालीन पुलिस अधीक्षक डीडब्ल्यू नेगी को बरी कर दिया। उनके वकील रवींद्र पंडित ने यह जानकारी दी। सीबीआई के लोक अभियोजक अमित जिंदल ने बताया कि आरोपियों को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) के साथ 120–बी, 330 (स्वीकारोक्ति करवाने के लिए जानबूझकर चोट पहुंचाना), 348 (स्वीकारोक्ति करवाने के लिए गलत तरीके से बंधक बनाना) और 195 (झूठे साक्ष्य देना) सहित विभिन्न धाराओं के तहत दोषी ठहराया गया है। सूरज की हिरासत में मौत के मामले में जैदी और सात अन्य को गिरफ्तार किया गया था। सूरज को 18 जुलाई, 2017 को कोटखाई पुलिस थाने में मृत पाया गया था।

# असम के मुख्यमंत्री व छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष ने राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की

भाषा। नई दिल्ली

**असम के** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष रमन सिंह ने शनिवार को राष्ट्रपति भवन में द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।राष्ट्रपति कार्यालय ने मुलाकात की तस्वीरें एक्स पर साझा कीं।कार्यालय ने एक पोस्ट में कहा, असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। एक अन्य पोस्ट के अनुसार, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने भी राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की।



## मणिपुर के राज्यपाल भल्ला ने शाह से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने राज्य में संवैधानिक पद पर नियुक्त किए जाने के बाद, पहली बार शनिवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। सूत्रों ने बताया कि बैठक के दौरान भल्ला ने शाह को मणिपुर की मौजूदा स्थिति से अवगत कराया, जहां मई 2023 से हिंसा हो रही है। पिछले महीने राज्यपाल के रूप में अपनी नियुक्ति के बाद, भल्ला विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से मिल रहे हैं और उनसे पूर्वोत्तर राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करने के तरीके पर प्रतिक्रिया ले रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि उन्होंने राज्य में कानून–व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा के लिए कम से कम दो बैठकों की अध्यक्षता की और समझा जाता है कि उन्होंने सुरक्षा बलों को आवश्यक निर्देश भी दिए। माना जा रहा है कि भल्ला को अशांत राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मई 2023 से मणिपुर में इंफाल घाटी स्थित बहुसंख्यक मेइती समुदाय और आसपास की पहाड़ियों पर रहने वाले कुकी–जो समुदाय के बीच जातीय हिंसा में 260 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हुए हैं।

## जनसुराज पार्टी का लक्ष्य गोडसे के दौर में गांधी की विचारधारा को पुनर्जीवित करना : प्रशांत किशोर

**पटना।** जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने मुस्लिम समुदाय में अपनी पैठ बनाने के लिए शनिवार को कहा कि उनके संगठन का लक्ष्य गोडसे के दौर में गांधी की विचारधारा को पुनर्जीवित करना है। किशोर ने पटना के हज भवन में जन सुराज बेदारी कारवां अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य गोडसे के दौर में गांधी की विचारधारा को पुनर्जीवित करना है। बेदारी कारवां गांधी की विचारधारा पर आधारित कारवां है क्योंकि गांधी की विचारधारा से ही मुस्लिम समाज के लोगों का विकास हो सकता है। किशोर ने आरोप लगाया कि पुलिस जानबूझकर अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं को निशाना बना रही है।

# अधीर ने कहाः आरोपी की दोषसिद्धि से संतुष्ट होने का कोई कारण नहीं दिखता

भाषा। कोलकाता



**कांग्रेस के वरिष्ठ** नेता अधीर रंजन चौधरी ने शनिवार को कहा कि आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु चिकित्सक से बलात्कार और हत्या के मामले में एक आरोपी को दोषी करार दिए जाने से उन्हें संतुष्ट होने का कोई कारण नहीं नजर आता। कोलकाता की एक अदालत ने मुख्य आरोपी संजय रॉय को सरकारी अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक से बलात्कार और उसकी हत्या के मामले में घटना के 162 दिन बाद दोषी करार दिया है। चौधरी ने कहा, अदालत के इस निर्णय से संतुष्ट होने का मुझे कोई कारण नजर नहीं आता। हो सकता है कि इस मामले में जांच की गई हो, मुकदमा चला हो और आरोपी को दोषी करार दिया गया हो। लेकिन, जब सबूतों के साथ इतनी छेड़छाड़ हुई है, तो आपको समझना होगा कि इसमें बड़े लोग थे जिन्हें राज्य सरकार के साथ–साथ पुलिस का भी संरक्षण प्राप्त था। मामले की सुनवाई करने वाली सियालदह अदालत मामले में सोमवार को सजा सुनाएगी। वर्ष 1990 में हेतल पारेख बलात्कार और हत्या मामले का जिक्र करते हुए चौधरी ने कहा, इस मामले में भी दोषी को मौत की सजा हो सकती है। कोलकाता में पहले भी मौत की सजा देखने को मिली है, जब धनंजय (चटर्जी) को फांसी दी गई थी। लेकिन सब कुछ होने के बाद भी कहूंगा कि मैं संतुष्ट नहीं हूं। उस मामले में आरोपी धनंजय चटर्जी को मौत की सजा दी गई थी।

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर किसानों की झड़प का मामला सुलझाः बीएसएफ

**मालदा( प.बंगाल )।** भारत–बांग्लादेश सीमा पर शनिवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की सीमा चौकी के नजदीक दोनों देशों के किसानों के बीच कहासुनी के बाद हुई संक्षिप्त झड़प की वजह से तनाव पैदा हो गया। केंद्रीय अर्धसैनिक बल ने यह जानकारी दी। बल ने एक बयान में कहा कि बीएसएफ और उसके बांग्लादेशी समकक्ष बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) ने तत्काल हस्तक्षेप किया और जल्द ही स्थिति को नियंत्रित कर लिया। बीएसएफ के मुताबिक यह घटना पूर्वाह्न करीब 11:45 बजे हुई जब अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास काम कर रहे भारतीय किसानों ने बांग्लादेशी किसानों पर फसल चोरी करने का आरोप लगाया।

# राहुल गांधी ने बिहार में भाजपा-संघ को पराजय देने का संकल्प लिया

भाषा। पटना

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से इंडिया गठबंधन के घटक दलों के साथ मिलकर क्रांतिकारी बिहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)–राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) के विचार को हराने का आह्वान किया।बिहार में इस वर्ष विधानसभा चुनाव होना है।राहुल ने पटना स्थित कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में एक कार्यक्रम के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, संविधान की रक्षा सिर्फ कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता कर सकता है। कांग्रेस पार्टी की विचारधारा नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान वाली विचारधारा है और दूसरी तरफ भाजपा–आरएसएस की विचारधारा नफरत व हिंसा की विचारधारा है। भाजपा का मुकाबला सिर्फ कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता और उसकी विचारधारा कर सकती है। राहुल ने बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा, अगला चुनाव बिहार में है और यह एक क्रांतिकारी प्रदेश है। देश में जब भी बदलाव होता है तो उसकी शुरुआत बिहार से होती है। यह विचारधारा की लड़ाई है। आप सबको तैयार हो जाना चाहिए। हम भाजपा और आरएसएस की विचारधारा को बिहार में इंडिया गठबंधन के साथ खड़े होकर हराएंगे। राहुल ने बिहार की राष्ट्रीय जनतांत्रिक सरकार (राजग) सरकार पर आरोप लगाया, बिहार प्रश्न पत्र लीक का केंद्र बन गया है। यहां पर पूरा तंत्र बिक गया है।



### राहुल ने लालू, तेजस्वी, राबड़ी यादव से मुलाकात की

**पटना।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को यहां अपने बिहार दौरे के दौरान राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद, तेजस्वी यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से मुलाकात की।लोकसभा मे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को तेजस्वी यादव ने पटना के 10 सर्कुलर रोड स्थित राबड़ी देवी के सरकारी आवास पर आमंत्रित किया था।तेजस्वी ने राहुल के साथ मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा, मैने उनसे (राहुल) कहा था कि हमारे संबंधित कार्यक्रम पूरे होने के बाद मेरा पूरा परिवार उनसे मिलकर प्रसन्न होगा। उन्होंने कहा था कि वह हमारे घर आएंगे। राहुल, बीपीएससी परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों से मुलाकात और पार्टी के राज्य मुख्यालय मे एक समारोह को संबोधित करने के बाद 10, सर्कुलर रोड पहुंचे।पिछले वर्ष लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद राहुल का यह पहला बिहार दौरा था।कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के साथ पार्टी की राज्य इकाई के कई अन्य नेता भी मौजूद थे।राहुल के इस दौरे से उम्मीद जताई जा रही है कि इस वर्ष के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राजद और कांग्रेस के बीच संबंधो मे नरमी आएगी।

## मप्र : संविधान-आंबेडकर रैलियों के जरिए भाजपा और कांग्रेस का होगा आमना-सामना

भाषा। भोपाल

**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) और कांग्रेस की संविधान और इसके निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर को लेकर राजनीतिक लड़ाई जारी है और इसी कड़ी में अगले कुछ दिन में दोनों दलों के शीर्ष नेताओं के मध्य प्रदेश में कई कार्यक्रम हैं। सत्तारूढ़ भाजपा की ओर से केंद्रीय मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा, नितिन गडकरी सहित अन्य नेता पार्टी द्वारा शुरू संविधान गौरव अभियान के तहत 20–21 जनवरी को जनसभाओं को संबोधित करेंगे। पार्टी के एक नेता ने शनिवार को पीटीआई–भाषा को बताया कि इन नेताओ के कार्यक्रमों को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा। भाजपा ने 11 जनवरी को मध्य प्रदेश में संविधान गौरव अभियान की शुरुआत की थी। कांग्रेस 27 जनवरी को इंदौर के पास बाबा साहब आंबेडकर की जन्मस्थली महू में एक जनसभा आयोजित करेगी जिसमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा हिस्सा लेंगे।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) में मध्य प्रदेश और असम के राजनीतिक मामलों के प्रभारी महासचिव जितेन्द्र सिंह ने पिछले सप्ताह कहा था कि महू में कांग्रेस संविधान और लोगों के अधिकारों को बचाने के उद्देश्य से जय बापू–जय भीम–जय संविधान अभियान की शुरुआत करेगी।आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को महू की सैन्य छावनी में हुआ था, जिसे अब आधिकारिक तौर पर डॉ. आंबेडकर नगर के नाम से जाना जाता है।मध्य प्रदेश भाजपा मीडिया प्रकोष्ठ के प्रमुख आशीष अग्रवाल ने पीटीआई–भाषा को बताया, संविधान गौरव अभियान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और वरिष्ठ नेता इसमें हिस्सा लेंगे। अभियान 25 जनवरी को समाप्त होगा। इस बीच, कांग्रेस की छात्र इकाई नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय प्रवक्ता विराज यादव ने कहा कि पार्टी की 27 जनवरी की विशाल रैली में कई राज्यों के मुख्यमंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी)के सदस्य भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि रैली में बड़ी संख्या में लोगों को जोड़ने के लिए मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रमुख जीतू पटवारी के नेतृत्व में तैयारियां की जा रही हैं। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं ने भाजपा पर आरोप लगाया था कि सत्तारूढ़ पार्टी 400 से अधिक सीट चाहती है ताकि संविधान में बदलाव कर आरक्षण को समाप्त किया जा सके। हाल में विपक्ष ने अमित शाह पर संसद में भाषण के दौरान आंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाकर उनके खिलाफ अपना हमला तेज कर दिया था।

## झारखंड में गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों के लिए शिशु शक्ति खाद्य पैकैट का वितरण शुरू

**रांची।** झारखंड सरकार ने गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों के लिए शिशु शक्ति खाद्य पैकेट का वितरण शनिवार से शुरू कर दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि शिशु शक्ति नामक खाद्य पैकेट, सरकार द्वारा वर्तमान मे उपलब्ध कराए जा रहे राशन की तुलना में ऊर्जा, प्रोटीन और सूक्ष्म पोषक तत्वों से भरपूर है। अधिकारी के मुताबिक, इस योजना का उद्देश्य राज्य को कुपोषण मुक्त बनाना है। राज्य सरकार में मंत्री दीपक बिरुआ और सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर प्रखंड में पायलट परियोजना के तौर पर इस पहल की शुरुआत की है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, शिशु शक्ति आहार स्थानीय रूप से उपलब्ध अनाज, दालों, मेवों और बाजरे से बनाया जाता है। इसे छह महीने से छह साल के बीच के गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को उम्र के हिसाब से उचित मात्रा में दिए जाने पर बेहतर परिणाम देने के लिए तैयार किया गया है। राज्य के महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की निदेशक समीरा एस ने कहा कि यह पायलट परियोजना अगले चार महीने तक चलेगी तथा इसकी व्यवहार्यता की निरंतर रूप से निगरानी की जाएगी।

## कर्ज का जालः पत्नी-बेटे की जान लेने के बाद व्यक्ति ने खुद भी आत्महत्या का प्रयास किया

**पुणे।** कर्ज देने वालों के ‍उत्पीड़न‍ से तंग आकर एक व्यक्ति ने भारी मात्रा में नींद की दवा देकर पत्नी और बेटे की कथित तौर पर जान ले ली और इसके बाद खुद आत्महत्या का प्रयास किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुणे शहर के निकट चिखली निवासी वैभव हांडे का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मौतों के सिलसिले में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जिनकी पहचान संतोष कदम, सुरेखा कदम, संतोष पवार और जावेद खान के रूप में हुई है। वैभव ने अपनी शिकायत में कहा कि उसने अपनी पत्नी शुभांगी हांडे (36) और नौ वर्षीय बेटे धनराज को सुबह नींद की कई गोलियां दी, जिससे उनकी मौत हो गई। इसके बाद वैभव ने अपने फ्लैट में पंखे से लटककर खुदकुशी करने की कोशिश की। शुक्रवार की रात वैभव ने अपने 14 वर्षीय बेटे के मोबाइल फोन पर एक नोट भेजा था जिसमें उसने अपनी इस योजना की जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सुबह मैसेज पढ़कर किशोर घबरा गया और अपने परिवार के बारे में जानने के लिए पड़ोसियों को फोन किया।

## श्रद्धा मिश्रा बनीं सारेगामापा 2025 की विनर

**मुंबई।** अपनी कमाल की परफॉर्मेंस और ऑडियंस मेंटर्स का दिल जीतते हुए श्रद्धा मिश्रा ने इस सीज़न की ट्रॉफी और अपना पहला ओरिजिनल सॉन्ग भी हासिल किया। पांच महीने की मेहनत, सुर और ताल को निखारने की लगन और मंच पर एक से बढ़कर एक शानदार परफॉर्मेंस के बाद, ज़ी टीवी के सारेगामापा के टॉप फाइनलिस्ट्स ने ग्रैंड फिनाले में अपनी आखिरी दमदार प्रस्तुति दी। इस जबर्दस्त मुकाबले में मुंबई की श्रद्धा मिश्रा ने सबको पीछे छोड़ते हुए इस सीज़न का खिताब अपने नाम किया। ट्रॉफी जीतने के बाद दर्शकों की तालियों और खुशी के शोर के बीच श्रद्धा ने अपने सपने को सच होते देखा। सुभाश्री देबनाथ और उज्ज्वल मोतीराम गजभर पहले और दूसरे रनर-अप रहे। ग्रैंड फिनाले की धमाकेदार शुरुआत टॉप 6 फाइनलिस्ट्स, श्रद्धा मिश्रा, उज्ज्वल मोतीराम गजभर, सुभाश्री देबनाथ, बिदिशा हतिमुरिया, पार्वती मीनाक्षी और महर्षि सनत पंड्या की ज़बर्दस्त परफॉर्मेंस से हुई। उनकी एंट्री ने ऐसा माहौल बना दिया कि ऑडियंस सीट से उठ खड़ी हुईं। इस मौके पर सचिन.जिगर, सचेत,पर्परा और गुरु रंधावा ने अपने सुपरहिट गानों पर परफॉर्मेंस देकर फिनाले में चार चांद लगा दिए। फिनाले के दौरान जाने-माने सिंगर्स उदित नारायण और कविता कृष्णमूर्ति ने अपनी मौजूदगी और गानों से शो को और खास बना दिया। वहीं क्रिकेट स्टार हरभजन सिंह ने अपने मज़ेदार किस्सों और भांगड़ा से पूरे माहौल को धमाकेदार बना दिया। हरभजन ने फिनाले में आईएलटी ट्रॉफी 20 ट्रॉफी का अनावरण भी किया जिससे शो का जोश दोगुना हो गया।

## जेएसडब्ल्यू एनईवी पोर्टफोलियो का विस्तार

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने दो नए मॉडलों के लांच के साथ ऐक्सैसिबल लक्ज़री के नए युग में कदम रखा है। ये नए मॉडल हैं. भारत की पहली ऑलइलेक्ट्रिक रोडस्टर एमजी साइबरस्टर और भारत की पहली इलेक्ट्रिक थ्री.रो प्रेसिडेंशियल लिमोज़ीन एमजी एम9य इन्हें इस साल लॉन्च किया जाना है। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में प्रस्तुत किए गए नए लक्जरी ब्रांड चैनल एमजी सिलेक्ट के तहत डेब्यू करते हुए ये नए मॉडल भारत में मोबिलिटी के एक नए युग की शुरुआत करने के कंपनी के विज़न को दर्शाते हैं . जो इंटेलीजेंटए सस्टेनेबल और ग्राहक.केंद्रित है। एमजी साइबरस्टर और एम9 के लिए प्री.रिजर्वेशन आज से शुरू हो रहे हैं और ग्राहक लॉग इन करके इन दोनों कारों को प्री.बुक कर सकते हैं। इन दो नए मॉडलों के साथए ब्रांड के पास जल्द ही विभिन्न सैगमेंट्स में पांच अलग.अलग मॉडलों के साथ सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो होगाए जिसमें एमजी विंडसर भी शामिल रहेगी जो अपने लॉन्च के बाद से सबसे ज्यादा बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार है, इसके अलावा शामिल होंगे. एमजी कॉमेट और एमजी ज़ैडएस। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में दो नए मॉडल का अनावरण करते हुएए जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के निदेशक पार्थ जिंदल ने कहा कि जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया विरासत और आधुनिकता को एकजुट करने वाले दो शानदार विशुद्ध इलेक्ट्रिक वाहनों का अनावरण करके देश में ऐक्सैसिबल लक्ज़री के कॉन्सेप्ट को नए सिरे से परिभाषित कर रही है। इस एक्सपो में जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के सीईओ एमेरिटस राजीव चाबा ने कहा कि जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया में इनोवेशन हमारे ब्रांड का एक मुख्य स्तंभ है।

## लातूर जिले में सरपंच के साथ भीड़ ने की मारपीट

**लातूर (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र में लातूर जिले के एक गांव मे शनिवार को एक सरपंच पर भीड़ ने कथित तौर पर हमला कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। इंस्पेक्टर सुधीर सूर्यवंशी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि शेडोलवाड़ी गांव के सरपंच शेख रुबाब की शिकायत पर निलंगा पुलिस थाने में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। रुबाब पर कुछ लोगों ने हमला किया, जिन्होंने आरोप लगाया कि उनमें से एक के रिश्तेदार को गांव में एक खंभे से विद्युत करंट लगा था। उन्होंने ग्राम सेवक एनएस पाटिल के साथ भी मारपीट की और पंचायत कार्यालय में तोड़फोड़ की। घटना का वीडियो वायरल हो गया है। सूर्यवंशी ने कहा कि बाशिद पठान, वाजिद पठान और मेहबूब पठान पर भारतीय न्याय संहिता के तहत हमला करने, जानबूझकर चोट पहुंचाने और शांति भंग करने के आरोप मे मामला दर्ज किया गया है। मामले मे अभी तक कोई गिरफ्तारी नही हुई है।

## आईआईटी का वार्षिक स्टार्टअप महोत्सव शुरू

कानपुर। आईआईटी कानपुर के प्रमुख वार्षिक स्टार्टअप उत्सव, अभिव्यक्ति ने उद्यमिता और नवाचार का जश्न मनाते हुए अपने नवीनतम संस्करण की शुरुआत की। पहले दिन प्रभावशाली चर्चाएँ, इक्साइटिंग प्रोडक्ट लॉन्च और महत्वपूर्ण सहयोग देखने को मिले, जिसमें दूरदर्शी लीडर, उद्योग विशेषज्ञ, शिक्षाविद और छात्र एक साथ आए।उद्घाटन समारोह में भारत के वैश्विक नेतृत्व को आकार देने में नवाचार की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए एक प्रेरक माहौल स्थापित किया गया। प्रोफेसर मणींद्र अग्रवाल, निदेशक आईआईटी कानपुर ने कहा, आईआईटी कानपुर में, हम मानते हैं कि आज हम जो नवाचार करते हैं, वे कल के भारत का निर्माण करेंगे। यह उत्सव सहयोग की शक्ति को दर्शाता है कि जब प्रतिभाशाली दिमाग एक साथ आते हैं तो क्या हासिल किया जा सकता है। आइए हम मिलकर ऐसे समाधान तैयार करें जो न केवल समस्याओं का समाधान करें बल्कि हमारे देश के लिए नई संभावनाओं के द्वार भी खोलें।

# ट्रंप ने यूक्रेन में युद्ध खत्म करने का निश्चय किया

लेकिन रूस और यूक्रेन के रुख से हो सकती है दिक्कत

भाषा। वाशिंगटन



**अमेरिका** के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन में शांति समझौता करने का संकल्प लिया है, लेकिन पदभार ग्रहण करने की उनकी तैयारी के बीच शांति की यह पहल पहले की तरह ही दूर की कौड़ी जान पड़ती है। रूस और यूक्रेन तीन साल से चल रही लड़ाई के समापन पर केंद्रित किसी भी संभावित बातचीत से पहले वार्ता की मेज पर अपनी स्थिति मजबूत बनाने के लिए युद्ध के मैदान में बढ़त बना लेने की कोशिश में जुटे हैं। पिछले साल रूसी सेना धीरे-धीरे लेकिन लगातार यूक्रेनी सुरक्षा बलों को धकेलती आगे बढ़ती रही है तथा पूर्व और दक्षिण में चार क्षेत्रों पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने की कोशिश कर रही है। रूस ने युद्ध की शुरुआत में जबरन इन क्षेत्रों का विलय कर लिया था, लेकिन वह कभी पूरी तरह से कब्ज़ा नहीं कर पाया। वह यूक्रेन के ऊर्जा नेटवर्क एवं अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को कमज़ोर करने की कोशिश में ताबड़तोड़ मिसाइलें और ड्रोन दाग रहा है। बदले में यूक्रेन ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र में अपनी पैठ का विस्तार करने की कोशिश की है। यूक्रेन ने रूसी तेल केंद्रों और मॉस्को की युद्ध मशीन के लिए महत्वपूर्ण अन्य प्रमुख लक्ष्यों को मिसाइलों और ड्रोनों से निशाना बनाया है। दोनों ही पक्षों ने वार्ता के सिलसिले में ऐसा रूख अपना लिया है जहां समझौते की गुजाइंश बहुत कम बची है। चुनाव प्रचार के दौरान महज 24 घंटे के अंदर युद्ध रूकवा देने का ऐलान करने वाले ट्रंन ने इस माह के शुरू में यह समयसीमा बदल दी और उम्मीद जताई कि छह माह में शांति वार्ता हो सकती है। यूक्रेन में उनके नामित दूत कीथ केल्लोग का कहना है कि शांति समझौता 100दिनों में हो सकता है।

## रूस के हमले में कीव में चार की मौत



**कीव।** रूस ने शनिवार तड़के यूक्रेन की राजधानी कीव पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया जिसमें कम से कम चार लोग मारे गए। यूक्रेन की वायु सेना के अनुसार रूस ने 39 ड्रोन और चार बैलेस्टिक मिसाइलें दागीं। यूक्रेनी हवाई रक्षा बलों ने दो मिसाइल और 24 ड्रोन को मार गिराया। एक बयान में कहा गया कि 14 ड्रोन सिम्युलेटर के बारे में भी कोई जानकारी नहीं है। कीव सिटी मिलिट्री एडमिनिस्ट्रेशन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि शेवचेनकिव्स्की जिले में एक मिसाइल के गिरने से चारों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि देस्न्यांस्की जिले में भी मिसाइलों का मलबा गिर रहा है। कीव के महापौर विटाली क्लित्स्को ने कहा कि शेवचेनकिव्स्की जिले में घरों की खिड़कियां टूट गईं और एक आवासीय भवन के प्रवेश द्वार पर धुआं उठ रहा है , साथ ही एक जल आपूर्ति पाइपलाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई।

# मां द्वारा दी गई बाइबल का इस्तेमाल करते हुए राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे ट्रंप

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के दौरान अपनी मां द्वारा दी गई बाइबल और लिंकन बाइबल का इस्तेमाल करेंगे। शपथ ग्रहण समारोह से जुड़ी समिति ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ट्रंप की मां ने 1955 में न्यूयॉर्क के जमैका में फर्स्ट प्रेस्बिटेरियन चर्च में प्राइमरी स्कूल की पढ़ाई के दौरान उन्हें बाइबल दी थी जिसके कवर के निचले हिस्से में ट्रंप का नाम लिखा है। समिति ने बताया कि इसके अलावा शपथ ग्रहण समारोह में लिंकन बाइबल का भी इस्तेमाल किया जाएगा। लिंकन बाइबल का पहली बार इस्तेमाल मार्च 1861 को 16वें राष्ट्रपति (अब्राहम लिंकन) के शपथ ग्रहण समारोह में किया गया था। उसके बाद से अब तक इसका इस्तेमाल केवल तीन बार किया गया है। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा अपने दोनों शपथ ग्रहण समारोह में जबकि ट्रंप ने 2017 में अपने प्रथम शपथ ग्रहण समारोह में लिंकन बाइबल का इस्तेमाल कर चुके हैं। समिति ने कहा कि उपराष्ट्रपति पद के लिए चुने गए जे डी वेंस अपनी नानी की पारिवारिक बाइबल का इस्तेमाल करेंगे।

## अमेरिकी संसद हिंसा के कुछ प्रतिवादियों को ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने की अनुमति मिली

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप की हार के उपरांत उनके हजारों समर्थकों द्वारा यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद) पर हमला किए जाने की घटना के लगभग चार साल बाद अब कुछ समर्थकों को ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए वाशिंगटन जाने की अनुमति दी गई है। एसोसिएटेड प्रेस द्वारा की गई न्यायालय के रिकॉर्ड की समीक्षा के अनुसार छह जनवरी 2021 को यूएस कैपिटल पर हमला करने के आरोपी या दोषी कम से कम 20 प्रतिवादियों ने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए अनुमति मांगी है, जो सोमवार को वाशिंगटन में आयोजित होगा। इनमें से अधिकतर समारोह में शामिल होने के लिए जा सकते हैं, जबकि कुछ को अनुमति नहीं दी गई है।अधिकतर मामलों में, न्याय विभाग के अभियोजकों ने दलील दी कि यूएस कैपिटल हिंसा के याचिकाकर्ताओं को वाशिंगटन जाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि वे अदालत की निगरानी में हैं। न्यायाधीशों ने कम से कम 11 प्रतिवादियों को शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने की अनुमति दे दी है जबकि कम से कम सात अन्य के अनुरोधों को अस्वीकार कर दिया है। माना जा रहा है कि शपथ ग्रहण समारोह वाले दिन ट्रंप यूएस कैपिटल के हमलावरों को माफी देने की घोषणा कर सकते हैं।

## ईरान में एक व्यक्ति ने दो न्यायाधीशों की हत्या की

**दुबई।** ईरान की राजधानी तेहरान में शनिवार को एक व्यक्ति ने दो प्रमुख कट्टरपंथी न्यायाधीशों की गोली मारकर हत्या कर दी। सरकारी मीडिया की खबर से यह जानकारी मिली। देश में न्यायपालिका पर यह दुर्लभ हमला है। सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने बताया कि इस गोलीबारी में न्यायाधीश मौलवी मोहम्मद मोगीसेह और न्यायाधीश अली रजिनी की मौत हो गई। इरना के मुताबिक, इस हमले में एक न्यायाधीश का अंगरक्षक भी घायल हो गया। समाचार एजेंसी के मुताबिक, बाद में हमलावर ने खुद को भी गोली मारकर अपनी जान दे दी। न्यायाधीश रजिनी की 1999 में हत्या करने की कोशिश की गई थी, लेकिन वह प्रयास विफल रहा था। दोनों ही न्यायाधीश कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा चलाने और उन्हें कठोर सजा देने के लिए जाने जाते थे।

## अब नई आर1300 जीएस एडवेंचर भारत में

**मुंबई।** नई बीएमडब्ल्यू आर1300 जीएस एडवेंचर भारत में लॉन्च हो गई है। यह एडवेंचर मोटरसाइकिल कंप्लीटली बिल्ट-अप यूनिट के रूप में उपलब्ध होगी और इसकी डिलीवरी अप्रैल 2025 से शुरू होगी। विक्रम पावाह प्रेसिडेंट और सीईओए बीएमडब्ल्यू इंडिया ने कहा कि नई बीएमडब्ल्यू आर1300 जीएस बड़ी एडवेंचर मोटरसाइकिल्स की दुनिया में नया मानदण्ड है। नई एडवेंचर जीएस सबसे बड़ी ट्रैवल एंड्यूरो के पोर्टफोलियो में एक अजेय चट्टान है। दो दशकों से भी ज्यादा समय से लैट ट्विन बॉक्सर इंजन वाली बड़ी बीएमडब्ल्यू जीएसएडवेंचर लंबी दूरी की मोटरसाइकिल यात्राओं का पर्याय रही है। इसे कई तरह के मानक इक्विपमेंट से सुसज्जित किया गया है, यह बेहद व्यक्तिगत है और यह आपको एक शानदार मोटरसाइकिल अनुभव का आनंद लेने के लिए आमंत्रित करती है। नई बीएमडब्ल्यू आर1300 जीएस एडवेंचर, पहले से ही वास्तविक एडवेंचर का पर्याय है - यह रॉक सॉलिड है। नई बीएमडब्ल्यू आर1300 जीएस एडवेंचर की इंट्रोडक्ट्री एक्स-शोरूम कीमत रूपये 22,95,000 से शुरू होती है इसके अतिरिक्त, व्यक्तिगत पसंद के लिए तीन ऑप्शम स्टाइल भी उपलब्ध हैं।

# दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ने कोर्ट में दलील पेश की

अपनी रिहाई के लिए बोले यून

भाषा। सियोल



**महाभियोग का** सामना कर रहे दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून ने शनिवार को सियोल के एक न्यायाधीश के समक्ष अपनी रिहाई के लिए दलील पेश की। वहीं, अदालत ने इस बात पर विचार किया कि उनकी औपचारिक गिरफ्तारी के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसी के अनुरोध को स्वीकार किया जाए या नहीं। यून के आवास पर कानून प्रवर्तन एजेंसी ने एक व्यापक अभियान चलाकर उन्हें बुधवार को हिरासत में लिया था। उन पर 3 दिसंबर को मार्शल लॉ की घोषणा से जुड़े संभावित विद्रोह के आरोप हैं। इस घोषणा के कारण 1980 के दशक के अंत में देश में लोकतंत्रीकरण के बाद सबसे गंभीर राजनीतिक संकट उत्पन्न हुआ है। उच्च पदस्थ अधिकारियों के लिए भ्रष्टाचार जांच कार्यालय, जो पुलिस और सेना के साथ संयुक्त जांच का नेतृत्व कर रहा है, ने सियोल पश्चिमी जिला न्यायालय से यून की औपचारिक गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी करने का अनुरोध किया। यून के वकीलों ने बताया कि करीब पांच घंटे तक बंद कमरे में चली सुनवाई के दौरान उन्होंने (यून ने) न्यायाधीश के समक्ष करीब 40 मिनट तक अपनी दलील पेश की। उनकी कानूनी टीम और भ्रष्टाचार रोधी एजेंसियों ने इस प्रश्न पर एक दूसरे की दलीलों का खंडन किया कि उन्हें हिरासत में रखा जाना चाहिए या नहीं। हालांकि, वकीलों ने उनकी विशिष्ट टिप्पणियों को साझा नहीं किया। उम्मीद है कि न्यायाधीश शनिवार देर रात या रविवार सुबह तक कोई फैसला सुना देंगे। यून का काफिला शनिवार शाम अदालत से हिरासत केंद्र की ओर जाता देखा गया, जहां यून फैसले का इंतजार करेंगे। अगर यून को गिरफ्तार कर लिया जाता है, तो जांचकर्ता उनकी हिरासत अवधि को 20 दिनों तक बढ़ा सकते हैं, जिस दौरान वे अभियोग के लिए मामले को सरकारी अभियोजकों को सौंप देंगे। यदि अदालत जांचकर्ताओं के अनुरोध को अस्वीकार कर देती है, तो यून को रिहा कर दिया जाएगा। यून को सियोल के पास उइवांग स्थित एक हिरासत केंद्र से पुलिस और राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा द्वारा न्याय मंत्रालय की नीली वैन में अदालत ले जाया गया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी के बीच यून के हजारों समर्थकों ने पास की सड़कों पर रैली निकाली और उनकी रिहाई के लिए बैनर लहराए और नारे लगाए। सुनवाई के लिए अदालत में जाने से पहले यून ने पत्रकारों से बात नहीं की। वहीं, शनिवार सुबह तक यह स्पष्ट नहीं था कि यून सुनवाई में भाग लेना चाहेंगे या नहीं। राष्ट्रपति के वकीलों में से एक यून काब-क्यून ने बताया कि बचाव पक्ष के वकीलों ने हिरासत केंद्र में यून से मुलाकात की और उन्होंने न्यायाधीश के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की अपनी कानूनी टीम की सलाह स्वीकार कर ली। वकील ने कहा कि राष्ट्रपति को यह दलील देनी थी कि उनका (मार्शल लॉ लागू करने संबंधी) आदेश उनकी शक्तियों का वैध प्रयोग था और विद्रोह के आरोप आपराधिक अदालत या संवैधानिक न्यायालय के समक्ष टिक नहीं पाएंगे, जो उन्हें औपचारिक रूप से पद से हटाने या पुन: बहाल करने पर विचार कर रहा है। यून के रक्षा मंत्री, पुलिस प्रमुख और कई शीर्ष सैन्य कमांडरों सहित नौ लोगों को मार्शल लॉ लागू करने में उनकी भूमिका के लिए हिरासत में लिया गया। उन्हें अभ्यारोपित किया जा चुका है। यह संकट उस वक्त शुरू हुआ, जब यून ने विधाई गतिरोध तोड़ने के प्रयास के तहत सैन्य शासन लागू किया तथा नेशनल असेंबली और निर्वाचन कार्यालयों में सैनिकों को भेज दिया। गतिरोध केवल कुछ घंटों तक चला, जब सांसदों ने सैन्य शासन हटाने के लिए मतदान किया। विपक्ष के प्रभुत्व वाली संसद ने 14 दिसंबर को उनके खिलाफ महाभियोग चलाने के लिए मतदान किया। अगर यून को औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया जाता है, तो यह हिरासत में एक विस्तारित अवधि की शुरुआत हो सकती है।

## इजराइल ने 700 से अधिक फलस्तीनी बंधकों की सूची जारी की

**यरुशलम।** इजरायल के न्याय मंत्रालय ने 700 से अधिक फलस्तीनी कैदियों की सूची प्रकाशित की है, जिन्हें गाजा में हमास के साथ संघर्ष को रोकने वाले समझौते के तहत रिहा किया जाना है। यह सूची इजराइल के पूर्ण मंत्रिमंडल द्वारा युद्ध विराम समझौते को मंजूरी दिए जाने के कुछ घंटों बाद जारी की गई।मंत्रालय ने कहा कि फलस्तीनी कैदियों को रविवार को स्थानीय समयानुसार शाम चार बजे से पहले रिहा नहीं किया जाएगा, जिस दिन आदान-प्रदान शुरू होना है।इस सूची में हमास और इस्लामी आतंकवादी समूहों के सदस्य शामिल हैं, जिनमें से कुछ आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं और हत्या जैसे गंभीर अपराधों में दोषी हैं। मारवान बरगौती (64) का नाम शामिल नहीं है, जो इजराइल द्वारा बंदी बनाया गया सबसे प्रमुख कैदी है। बरगौती को कई फलस्तीनी आगामी वर्षों में अपने राष्ट्रपति पद के प्रमुख उम्मीदवार के तौर पर देखते हैं। बरगौती 2000 के दशक के प्रारंभ में दूसरे फलस्तीनी विद्रोह के दौरान पश्चिमी तट में एक नेता था। हमास ने मांग की है कि इजराइल किसी भी युद्ध विराम समझौते के तहत उसे रिहा करे।

## अंतरराष्ट्रीय समुदाय लेबनान की मदद करेगा: गुतारेस

**बेरूत।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय लेबनान की मदद करेगा। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि इससे यह देश तेजी से संभलेगा और फिर से पश्चिम एशिया का केंद्र बनेगा। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने शनिवार को लेबनान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जोसेफ औन के साथ बेरूत में एक बैठक के बाद यह टिप्पणी की। पिछले सप्ताह औन के निर्वाचन के बाद सरकार बनाने के लिए एक नए प्रधानमंत्री का नाम भी नामित किया गया था।लेबनान 26 महीनों तक बिना राष्ट्रपति के रहा था। यह इस छोटे से देश में आंतरिक विभाजन का नतीजा था।गुतारेस ने कहा कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को नामित करने से लेबनानी संस्थानों को मजबूत करना और देश भर में लेबनानी सेना को तैनात करना संभव होगा। सेना की तैनाती वाले क्षेत्रों में वे क्षेत्र भी शामिल हैं, जहां से इजराइली सैनिक वापस जाएंगे। गुतारेस ने कहा, जैसे ही संघर्ष समाप्त होगा, पुनर्निर्माण शुरू हो जाएगा। इजराइल और हमास के बीच युद्ध के कारण लेबनान में 4000 से अधिक लोगों की मौत हुई है और 16 हजार से अधिक लोग घायल हुए हैं।

## सूडान में हिंसा को रोकने के लिए पूरे देश में रात्रि कर्फ्यू

**जुबा।** साउथ सूडान की राजधानी जुबा में सूडानी कारोबारियों के प्रतिष्ठानों में लूटपाट और हिंसा के बाद पूरे देश में रात्रि कर्फ्यू लगाया गया है। पुलिस प्रमुख जनरल अब्राहम मन्युयात ने शुक्रवार को कहा कि जुबा और अन्य प्रमुख शहरों में लूटपाट की घटनाओं को रोकने के लिए स्थानीय समयानुसार शाम छह बजे से सुबह तक कर्फ्यू लागू रहेगा। अब व्यापारियों को दुकानें शाम पांच बजे तक बंद करनी होंगी। सरकारी टेलीविजन पर मन्युयात ने कहा, हम सभी बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखेंगे। माना जाता है कि इस सप्ताह की शुरुआत में सूडान में स्थानीय लड़ाकों द्वारा की गई साउथ सूडान के नागरिकों की कथित हत्याओं के बाद ही यहां सूडान के नागरिकों को निशाना बनाते हुए हिंसा की गई। गेजीरा प्रांत जैसे क्षेत्रों में साउथ सूडान के नागरिकों को कथित तौर पर निशाना बनाए जाने को लेकर राष्ट्रपति की प्रेस सचिव लिली एडहेउ मार्टिन मैनियल ने देश के लोगों से संयम बरतने की अपील की।

## पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर के पहले पति ने बच्चों से मिलाने के लिए भारत सरकार से मदद मांगी

**कराची।** चार बच्चों के साथ 2023 में गैर कानूनी तरीके से भारत गई पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर के पहले पति ने पड़ोसी देश की सरकार से अपने बच्चों से मिलने और उन्हें अपने पास रखने में मदद करने की अपील की है। सीमा अपने प्रेमी के साथ रहने के लिए भारत आई थी, जिससे उनकी मुलाकात ऑनलाइन माध्यम से हुई थी।सीमा (32)सिंध प्रांत के जैकोबाबाद की रहने वाली है और मई 2023 में अपने बच्चों को लेकर कराची स्थित अपने घर से नेपाल के रास्ते भारत आई थी। वह जुलाई 2023 में तब सुर्खियों में आईं जब भारतीय अधिकारियों ने उसे उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में भारतीय नागरिक सचिन मीणा (27) के साथ रहते हुए पाया। सचिन का दावा है कि दोनों ने शादी कर ली है। दोनों का संपर्क 2019 में ऑनलाइन खेल पबजी खेलते समय हुआ था। सीमा और सचिन को जुलाई 2023 में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। सीमा पर अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने का आरोप है जबकि सचिन पर अवैध प्रवासी को शरण देने का आरोप लगाया गया था।सीमा के पहले पति गुलाम हैदर ने हाल में एक वीडियो संदेश में विदेश मंत्री एस जयशंकर से न्याय दिलाने की अपील की। हैदर ने दावा किया कि वह प्रमुख पाकिस्तानी वकील और मानवाधिकार कार्यकर्ता अंसार बर्नी की मदद से 2023 के अंत से अपने बच्चों का संरक्षण हासिल करने की कोशिश कर रहा है। बर्नी ने पिछले वर्ष फरवरी में पुष्टि की थी कि हैदर ने उनसे मदद मांगी थी तथा भारतीय अदालतों में कानूनी कार्यवाही शुरू करने के लिए एक भारतीय वकील की सेवा ली थी।

# ओहायो के गवर्नर पद का चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं विवेक रामास्वामी

भाषा। वाशिंगटन



**भारतीय-अमेरिकी** नेता विवेक रामास्वामी ओहायो के गवर्नर पद का चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं। मीडिया में आई अनेक खबरों में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। रामास्वामी ने इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से उम्मीदवारी पेश की थी लेकिन बाद में वह इस दौड़ से हट गए थे। रामास्वामी को नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति जे डी वेंस का करीबी माना जाता है। ट्रंप ने उन्हें टेस्ला के मालिक एलन मस्क के साथ मिलकर शासन में सुधार की दिशा में काम करने की जिम्मेदारी सौंपी है। वाशिंगटन पोस्ट ने सूत्रों के हवाले से बताया कि रामास्वामी, ओहायो के गवर्नर पद के लिए चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं जिसकी घोषणा भी वह जल्द कर सकते हैं। रामास्वामी की इस योजना के बारे में जानकारी रखने वाले उनके एक करीबी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर वाशिंगटन पोस्ट को बताया, वह (रामास्वामी) जल्द ही गवर्नर पद के लिए चुनाव लड़ने की घोषणा करेंगे। उन्हें बताया, घोषणा का मसौदा तैयार है। अगर वह चुने जाते हैं, तो वह ओहायो के गवर्नर माइक डेविन की जगह लेंगे। ओहायो में चुनाव नवंबर 2026 में होने हैं।

# भारतीय सिनेमा एवं खेल भावना: भारत-ब्रिटेन संबंध में फिल्मों की भूमिका को लेकर मनाया जश्न

भाषा। लंदन

**लंदन स्थित** भारतीय उच्चायोग भारतीय सिनेमा एवं खेल भावना (स्पिरिट ऑफ इंडियन सिनेमा एंड स्पोर्ट्स) का इस सप्ताहांत जश्न मना रहा है जिसके तहत मशहूर फिल्मों के एक मिनी-महोत्सव का अयोजन किया गया। इन फिल्मों में देश की खेल उपलब्धियों को दिखाने के साथ-साथ इस बात पर भी प्रकाश डाला गया है कि भारत और ब्रिटेन के बीच नजदीकी संबंध में फिल्म उद्योग की भी एक भूमिका रही है। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी द्वारा शुक्रवार शाम को इस महोत्सव का उद्घाटन किया गया। कबीर खान द्वारा निर्देशित फिल्म 83 के प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी। इस फिल्म में रणवीर सिंह वर्ष 1983 में क्रिकेट विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के कप्तान कपिल देव की भूमिका में हैं। इसके बाद शनिवार को 2016 की हिट फिल्म दंगल का प्रदर्शन किया गया जिसमें आमिर खान ने पहलवान महावीर सिंह फोगाट की भूमिका निभाई है।

## सेनहाइज़र गणतंत्र दिवस में देगा दुनिया को उपहार

**मुंबई।** ऑडियो तकनीक में अग्रणी सेनहाइज़र 13 जनवरी से शुरू होने वाली रिपब्लिक डे सेल 2025 के दौरान अपने प्रीमियम उत्पाद रेंज पर रोमांचक डील्स की पेशकश कर रहा हैए जिसमें प्राइम और नॉन.प्राइम सदस्य दोनों शामिल हैं। प्राइम सदस्य 12 जनवरी की मध्यरात्रि से इन ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं। सेन्हाइज़र के शीर्ष.रेटेड उत्पादों पर 24 महीने तक की नो कॉस्ट और चुनिंदा बैंक कार्ड के साथ अतिरिक्त छूट का लाभ उठाएँ, जिसमें पॉडकास्टिंग के लिए प्रोफ़ाइल स्ट्रीमिंग सेट बूम आर्म के साथ प्रो ओपन बैक स्टूडियो हेडफ़ोनए डिजिटल वायरलेस, माइक्रोफ़ोन सिस्टम,कॉपर हेडफ़ोन वायरलेस शामिल हैं। पॉडकास्टर्स और स्ट्रीमर्स के लिए डिज़ाइन किया गया है जो उपयोग की आसानी से समझौता किए बिना असाधारण ऑडियो गुणवत्ता की मांग करते हैं। यह तीन आवश्यक नियंत्रण प्रदान करता है गेन कंट्रोल, मिक्स कंट्रोल और वॉल्यूम कंट्रोल। एडजस्टेबल टिल्ट फ़ंक्शन और बहुमुखी माउंटिंग विकल्प टेबल स्टैंड या बूम आर्म आपके सेटअप के लिए लचीलापन प्रदान करते हैं। अपनी बेहतरीन साउंड क्वालिटी और बेहतरीन डिज़ाइन के लिए मशहूर हैं। खास कॉपर फ़िनिश के साथए ये प्रीमियम ओवर.ईयर हेडफ़ोन स्टाइल और परफ़ॉर्मेंस का मिश्रण हैं। आकस्मिक श्रोताओं और ऑडियोफाइल्स दोनों के लिए डिज़ाइन किए गए वे उच्च निष्ठा ध्वनि और असाधारण आराम प्रदान करते हैं। एक्विपपड़ विथ एडवांस्ड ऑडियो टेक्नोलॉजीए ये हेडफ़ोन समृद्ध, विस्तृत ध्वनि प्रदान करते हैं। जो हर सुनने के अनुभव को वास्तव में इमर्सिव बनाते हैं। गायकों और प्रस्तुतकर्ताओं के लिए डिज़ाइन किया गयाए यह ऑल.इन.वन वायरलेस सिस्टम बिना किसी सीमा के क्रिस्टल.क्लियर ऑडियो प्रदान करता है। सहज स्थिर रिसीवर की बदौलत इसे सेट करना बहुत आसान है।

## हूती विद्रोहियों ने इजराइल के रक्षा मंत्रालय को निशाना बनकर किया मिसाइल हमला

**यरुशलम।** यमन के हूती विद्रोहियों ने दावा किया है कि उन्होंने इजराइल के रक्षा मंत्रालय को निशाना बनाकर एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी है। शनिवार की सुबह मिसाइल के कारण मध्य इजराइल में सायरन बजने लगे। इजराइल की सेना ने कहा कि छर्रे गिरने से मामूली क्षति हुई है।इजराइल की सेना ने शनिवार को यमन से एक और मिसाइल दागे जाने की सूचना दी, जिससे दक्षिणी इजराइल में सायरन बज उठा, हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# ब्यूटी पार्लर में बाल धुलवाने से बीपीएसएस का खतरा

भाषा। लंदन



फील गुड करने और बालों की चमक बढ़ाने के लिए लोग अक्सर हेयर स्पा का सहारा लेते हैं। हालांकि, ब्यूटी पार्लर या सैलून में हेयर स्पा की प्रक्रिया के बाद बालों की धुलाई ब्यूटी पार्लर स्ट्रोक सिंड्रोम (बीपीएसएस) नाम की एक गंभीर दुर्लभ स्वास्थ्य जटिलता का कारण बन सकती है। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि ब्यूटी पार्लर या सैलून में बालों की धुलाई के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले बैकवॉश बेसिन पर एक विशेष कोण पर सिर टिकाकर बैठने या लेटने से न सिर्फ गर्दन में दर्द और चोट की समस्या उभर सकती है, बल्कि कुछ मामलों में व्यक्ति के स्ट्रोक का भी शिकार होने का खतरा रहता है। अमेरिकी न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. माइकल वेनट्रॉब ने 1993 में पहली बार बीपीएसएस की पहचान की थी। उन्होंने पाया था कि स्ट्रोक से जुड़े गंभीर लक्षणों से जूझ रहे उनके कुछ मरीजों में ब्यूटी पार्लर या सैलून में बालों में शैंपू कराने के बाद ए समस्याएं उभरी थीं। स्ट्रोक एक तरह का मस्तिष्काघात है, जो मस्तिष्क में खून का प्रवाह घटने पर होता है। यह आमतौर पर मस्तिष्क में प्रमुख रक्त वाहिका में खून का थक्का जमने या उसके फटने के कारण होता है, जिससे कोशिकाओं को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन, ग्लूकोज व अन्य पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं और वे दम तोड़ देती हैं। ब्यूटी पार्लर या सैलून में बाल धोने की प्रक्रिया के दौरान ग्राहकों से अक्सर कुर्सी पर बैठकर अपना सिर और गर्दन पीछे लगे बैकवॉश बेसिन पर टिकाने के लिए कहा जाता है। अध्ययनों से पता चलता है कि बैकवॉश बेसिन की कठोर सतह पर एक विशेष कोण पर सिर और गर्दन टिकाए रखना बीपीएसएस का कारण बन सकता है। दरअसल, शैंपू के दौरान सिर और गर्दन को बार घुमाने की जरूरत पड़ती है और उसमें झटका भी महसूस होता है। इससे गर्दन के पास रीढ़ की हड्डी के ऊपरी हिस्से में मौजूद हड्डियां उस रक्त वाहिका को दबा सकती हैं, जो मस्तिष्क के निचले और पिछले हिस्से में खून की आपूर्ति करती है। बीपीएसएस के कुछ मामलों के लिए रीढ़ की हड्डी के विभिन्न हिस्सों पर उभरे हड्डी के छोटे-छोटे टुकड़ों को जिम्मेदार पाया गया है, जिनके कारण आसपास की धमनियां या तो दब या फिर फट सकती हैं। स्ट्रोक के मामले अक्सर बुजुर्गों या उच्च रक्तचाप, डायबिटीज और उच्च कोलेस्ट्रॉल की समस्या से जूझ रहे लोगों में सामने आते हैं, लेकिन कम उम्र के स्वस्थ लोग भी इसका शिकार हो सकते हैं। अध्ययन भले ही दिखाते हैं कि 50 साल से अधिक उम्र की महिलाओं में बीपीएसएस के मामले सबसे ज्यादा दर्ज किए जाते हैं और रक्त वाहिकाओं का सकरा होना तथा रीढ़ की हड्डी के गर्दन के पास वाले हिस्से में गांठें उभरना इसका जोखिम बढ़ाने वाले मुख्य कारक हैं। हालांकि, उम्र और स्वास्थ्य स्थिति से परे यह समस्या किसी में भी उभर सकती है।

## थाइरॉइड और एनीमिया गंभीर स्वास्थ्य चुनौती

भारत में लगभग 42 मिलियन लोग थायरॉइड से जुड़ी बीमारियों से प्रभावित हैं, जिनमें हाइपोथायरॉइडिज्म सबसे आम है यह बीमारी 10 में से 1 वयस्क को होती है। हाइपोथायरॉइडिज्म के मरीजों में से 41.8प्रतिशत एनीमिया से भी पीड़ित होते हैं। इन दोनों बीमारियों का इलाज न होने पर जीवन की गुणवत्ता और उत्पादकता पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। एनीमिया तब होता है जब शरीर में लाल रक्त कणिकाओं की संख्या सामान्य से कम हो जाती है यह स्थिति अक्सर हाइपोथायरॉइडिज्म के साथ देखी जाती है। हाइपोथायरॉइडिज्म में थायरॉइड ग्रंथि पर्याप्त थायरॉइड हॉर्मोन नहीं बनाती, जो शरीर के मेटाबॉलिज्म को नियंत्रित करते हैं। एबॉट इंडिया की मेडिकल अफेयर्स हेड डॉ. रोहिता शेट्टी ने बताया भारत में हाइपोथायरॉइडिज्म और एनीमिया जैसी स्वास्थ्य समस्याएं आम हैं, लेकिन इन्हें समय पर पहचानकर और सही इलाज से नियंत्रित किया जा सकता है। डॉ. ऋषि शुक्ला, कंसल्टेलन्ट एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, सेंटर फॉर डायबिटीज एण्ड एंडोक्राइन डिसीज, कानपुर ने बताया हाइपोथायरॉइडिज्म और एनीमिया की समस्या लगातार ब? रही है 15 से 49 साल की महिलाओं में एनीमिया के मामले 2015-16 में 53प्रतिशत थे जो 2019-2021 में बढ़कर 57प्रतिशत हो गए। लोगों को इन दोनों बीमारियों के बीच के संबंध को समझना चाहिए, ताकि सही समय पर बीमारी की पहचान हो सके और इलाज सुनिश्चित किया जा सके।सर्दियों में शरीर को गर्मी बनाए रखने और तापमान नियंत्रित करने के लिए थायरॉइड हॉर्मोन की अधिक जरूरत होती है। ऐसे में हाइपोथायरॉइडिज्म के लक्षण और गंभीर हो सकते हैं। इनमें वजन बढ़ना, थकान, डिप्रेशन, त्वचा और बालों का रूखा होना, ठंड बर्दाश्त न कर पाना और हाथ-पैरों में झुनझुनी शामिल हैं। महिलाओं में इस बीमारी की संभावना पुरुषों से तीन गुना ज्यादा होती है, जबकि बुजुर्ग भी इसके प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं।

## कैंसर के बाद होने वाली विकृति को दूर करने में मदद करती है प्लास्टिक सर्जरी

देश भर में मरीजों को बेहतर उपचार सेवाएं पहुंचाने के लिए जारी अपोलो की पहल के तहत दिल्ली के डॉक्टरों ने वाराणसी में आकर चिकित्सा की नई तकनीकों और अत्याधुनिक प्रक्रियाओं के बारे में बताया। इस दौरान नई दिल्ली स्थित इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के विशेषज्ञों ने कैंसर और प्लास्टिक सर्जरी के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कैंसर के बाद मरीज को होने वाली विकृति को दूर करने में प्लास्टिक सर्जरी मददगार है। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित एक सम्मेलन में इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के एस्थेटिक प्लास्टिक और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ.कुलदीप सिंह और कैंसर चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. पी के दास ने अपने अपने क्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण सफलताओं के बारे में बताया। कैंसर देखभाल और प्लास्टिक सर्जरी से जुड़ी तकनीकों में प्रगति को लेकर भी उन्होंने जानकारियां दी। एक तरफ डा. सिंह ने प्लास्टिक और पुनर्निर्माण सर्जरी के बढ़ते महत्व को लेक चर्चा करते हुए भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया। वहीं दूसरी ओर डॉ दास ने कीमोथेरेपी में उभरती प्रगति को संबोधित करते हुए कैंसर के सटीक उपचारों और मरीजों को मिलने वाले फायदों के बारे में बताया। दोनों ही विशेषज्ञों का कहना है कि कैंसर के उपचार और उसके बाद की रिकवरी में सुधार के लिए बहु.विषयक दृष्टिकोण अपनाना बहुत जरूरी होता है। वहीं नई दिल्ली स्थित इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ पीके दास ने कहा कि अगर हम कैंसर के इलाज में कीमोथेरेपी को लेकर बात करें तो बीते कुछ समय में नाटकीय परिवर्तन आया है।

# बुमराह की उपलब्धता फिटनेस पर, शमी की वापसी

## ●जायसवाल को पहली बार मिला वनडे में मौका

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की टीम की घोषणा







**भाषा। मुंबई**

**अनुभवी तेज** गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को शनिवार को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की टीम में शामिल किया गया था लेकिन उनकी उपलब्धता फिटनेस पर निर्भर करेगी जबकि प्रतिभाशाली सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को पहली बार वनडे टीम का हिस्सा बनाया गया है जिसमें चोट से उबरने कर लंबे समय के बाद मोहम्मद शमी की भी वापसी हुई है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में खेले गए पांचवें टेस्ट के दौरान बुमराह पीठ में ऐंठन के कारण दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर सके थे। अजित अगरकर की नेतृत्व वाली चयन समिति ने इस 31 वर्षीय बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू वनडे श्रृंखला और 19 फरवरी से शुरू होने वाले आईसीसी के प्रमुख आयोजन में शामिल किया है। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल को टीम का उप-कप्तान नियुक्त किया गया है जिसमें तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को जगह नहीं मिली है। कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि बुमराह टीम में शामिल है लेकिन उनकी मौजूदगी फिटनेस हासिल करने पर निर्भर करेगी। रोहित ने कहा, अनुभव को देखे तो सिर्फ सिराज ही है जो इस टीम में नहीं है। हमने काफी सोच विचार कर टीम का चयन किया है। हम बुमराह के बारे में सुनिश्चित नहीं हैं कि वह खेलेंगे या नहीं। हम एक ऐसी टीम चुनना चाहते थे जहां हमारे पास दोनों विकल्प हों, कोई नई गेंद से (प्रभावी) गेंदबाजी करे और कोई ओवरों में रनों पर अंकुश लगाए। रोहित को उम्मीद है कि अनुभवी तेज गेंदबाज शमी और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह बुमराह का समर्थन करेंगे और अगर बुमराह टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे तो यह दोनों उनकी कमी को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा, जाहिर है हम अभी बुमराह की मौजूदगी को लेकर स्पष्ट नहीं है। हम चाहते है कि अर्शदीप आखिरी ओवरों में प्रभावी गेंदबाजी करे और हमने देखा (विश्व कप 2023 में और हाल के घरेलू मैचों के दौरान) है कि शमी के पास नई गेंद से क्या करने की क्षमता हैं। शमी 2023 विश्व कप के बाद पहली बार एकदिवसीय टीम में वापसी कर रहे हैं। इस अनुभवी तेज गेंदबाज ने अपनी पूरी लय हासिल नहीं करने के बावजूद घरेलू मैचों (रणजी ट्रॉफी, सैयद मुश्ताक अली टी20 और विजय हजारे ट्रॉफी) में अच्छा प्रदर्शन किया है। रोहित ने कहा, अर्शदीप ने बहुत अधिक वनडे मैच नहीं खेले हैं, लेकिन वह लंबे समय से सफेद गेंद का क्रिकेट खेल रहे हैं। उनके पास भी अब अच्छा अनुभव है। भारतीय कप्तान ने कहा, उन्होंने सफेद गेंद वाले क्रिकेट में कुछ मुश्किल ओवर फेंके हैं। मुझे निश्चित रूप से लगता है कि उनके पास दबाव से निपटने की क्षमता है और शमी सफेद गेंद क्रिकेट के दिग्गज हैं और उन्होंने हाल ही में (वनडे) विश्व कप में जो किया वह शानदार था। रोहित ने सिराज के चयन से चूकने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि पुरानी गेंद से प्रभाव कम होने के कारण वह ऐसा टीम में जगह बनाने में विफल रहे।

### चार स्पिनरों के फार्मूले पर निर्भरता के कारण सिराज बाहर : रोहित

**मुंबई।** स्पिन पर भारत की निर्भरता और पुरानी गेंद से मोहम्मद सिराज के प्रभावित नही कर पाने के कारण चैम्पियंस ट्रॉफी टीम से उन्हे बाहर रहना पड़ गया। भारत ने 19 फरवरी से शुरू हो रहे आठ टीमों के टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्ईय टीम का शनिवार को ऐलान किया। भारत को अपने सारे मैच दुबई मे खेलने है। दुबई की पिचें तेज गेंदबाजों की ज्यादा मदद नही करती लिहाजा भारत ने वेस्टइंडीज मे हुए टी20 विश्व कप की तरह चार स्पिनरों कुलदीप यादव, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और वॉशिंगटन सुंदर को चुना है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा , हम ऐसी टीम चाहते थे जिसमें हमारे पास दोनों विकल्प हो यानी नई गेंद से गेंदबाजी का और डैथ ओवरों का भी।

## बुमराह उन्हें आराम करने को कहा गया: अगरकर



**मुंबई।** मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने शनिवार को कहा कि जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो वनडे के लिए फिट नहीं हो पाएंगे जिसके कारण हर्षित राणा को उनकी जगह शामिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि वे मुख्य तेज गेंदबाज की स्थिति पर मेडिकल टीम से अपडेट का इंतजार कर रहे हैं। बुमराह को हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला के बाद होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल किया गया है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के साथ एक प्रेस कांफ्रेंस में अगरकर ने कहा, बुमराह को पांच सप्ताह के लिए आराम करने को कहा गया है जिससे वह इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो वनडे के लिए उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। हम उनकी फिटनेस का इंतजार कर रहे हैं और हमें मेडिकल टीम से उनकी स्थिति के बारे में फरवरी की शुरुआत में पता चलेगा। बुमराह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के अंत में चोटिल हो गए थे और पीठ की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण सिडनी में अंतिम टेस्ट की दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर पाए थे जिसके बाद उनका स्कैन किया गया था। उनकी फिटनेस के बारे में हमें शायद अगले हफ्ते या उससे ज्यादा समय में उनकी फिटनेस के बारे में और जानकारी मिलेगी। बेहतर होता अगर बीसीसीआई इसके बारे में अपडेट करे। मैं जो बताऊं हो सकता है वह सही नहीं हो। मैं गलत नहीं हूं क्योंकि मुझे पता है कि उन्हें पांच हफ्ते के लिए गेंदबाजी से दूर रहने के लिए कहा गया था जो फरवरी के पहले हफ्ते की शुरुआत है। उन्होंने कहा, हमें शायद उस समय तक थोड़ा और पता चलेगा। मुझे यकीन है कि बीसीसीआई फिजियो से कुछ कह सकता है। ब्रिसबेन टेस्ट में भारत की हार के बाद कप्तान रोहित ने पिछले महीने मोहम्मद शमी की फिटनेस स्थिति पर बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से जवाब मांगा था। शनिवार को अगरकर ने भी यही बात कही। उन्होंने कहा, बेहतर होगा कि मेडिकल विभाग से जवाब आए। लेकिन हमें यही समय सीमा बताई गई है। उम्मीद है कि इसके बाद वह ठीक हो जाएंगे। हमें पूरी उम्मीद है। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अंतिम टीम 11 फरवरी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को सौंपनी होगी। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू होगी। इसस पहले भारत छह, नौ और 12 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ तीन द्विपक्षीय वनडे मैच खेलेगा। पिछले साल अगस्त में श्रीलंका दौरे के बाद से भारतीय टीम की यह 50 ओवर की पहली श्रृंखला होगी।

### टकाले ने रचा इतिहास, डकार रैली पूरी करने वाले पहले भारतीय बने

**रियाद (सऊदी अरब)।** शीर्ष रेसर संजय टकाले ने क्लासिक कारों की श्रेणी में प्रतिष्ठित डकार रैली को पूरा करने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रच दिया। कॉम्पैनी सहरिएन टीम के फ्रांस के सह-चालक मैक्सिम राउड के साथ टकाले ने लगभग 7,453 किमी की कठिन प्रतियोगिता में असाधारण निरंतरता और कौशल का प्रदर्शन करते हुए 14 चरण के रेस के क्लासिक कारों की श्रेणी में 10 वां जबकि ओवरऑल 18वां स्थान हासिल किया। उन्होंने टोयोटा लैंड क्रूजर एचजेडजे78 से रेस के आखिरी चरण को पांचवे स्थान पर रहते हुए खत्म किया। डकार रैली का यह 47वां जबकि सऊदी अरब में छठा सत्र है।

### बीएमडब्ल्यू का स्पोर्ट्स व्हीकल भारत में

**नई दिल्ली।** ऑटो एक्सपो में ऑल न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स 3 को लॉन्च किया गया। बीएमडब्ल्यू ग्रुप प्लांट चेन्नई में स्थानीय रूप से उत्पादित, यह स्पोर्ट्स एक्टिविटी व्हीकल देश में पेट्रोल और डीजल दोनों पावरट्रेन्स में उपलब्ध होगा। ऑल.न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स 3 को पूरे भारत में बीएमडब्ल्य डीलरशिप और डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडाटबीएमडब्ल्यूडाटइन पर बुक किया जा सकता है। डिलीवरीज अप्रैल 2025 से शुरू होगी। अब अपने चौथे पीढ़ी के अवतार में ऑल.न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स 3 ने भारत में नए सिरे से प्रपोर्शन्सए आधुनिक डिजिटलीकरण और सर्वश्रेष्ठ ड्राइविंग डायनैमिक्स के साथ भारत में प्रवेश किया है। विक्रम पावाहए प्रेसिडेंट और सीईओए बीएमडब्ल्यू इंडिया ने कहा कि ऑल.न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स 3 के लॉन्च के साथ आधुनिकता, उपस्थिति और स्पोर्टिंग फ्लेयर अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच गए हैं। प्रतिष्ठित स्पोर्ट्स एक्टिविटी व्हीकल की चैथी पीढ़ी के रूप मेंए एक्स 3 एक नए युग की शुरुआत करता है। अब पहले से भी बढ़ाए इसने खुद को एक दोबारा सोची समझी गई डिजाइनए असाधारण लग्जरी और नए डिजिटल कैरेक्टर के साथ फिर से खोज लिया है। लेकिन कुछ चीजें नहीं बदलती हैं । वर्सेटाइल ऑल.न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स 3 उत्कृष्ट आल.टेरेन परफॉर्मेंस पावर और दक्षता प्रदान करती है। एडवेंचर आपका बेसब्री से इंतजार कर रहा है।श्कार की एक्सशोरूम कीमत है ऑल.न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स 3 एक्सड्राईव 20 एम स्पोर्ट रूपये 75,80, 000 एवं आल न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स 3 एक्सड्राईव 20 डी एम स्पोर्ट रूपये 77, 80, 000 पैकेजेज में कंडीशन बेस्ड सर्विस ;ब्ैठद्ध और मेंटेनेंस वर्क शामिल है, जिनकी योजनाएं 3 साल / 40,000 किमी से शुरू होती हैं।

### सनराइजर्स ईस्टर्न ने डरबन सुपर जॉइंट्स को हराया

**डरबन।** गत चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने लगातार तीन हार के बाद वापसी करते हुए किंग्समीड में खेले गए एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच मे डरबन सुपर जॉइंट्स पर 58 रन से शानदार जीत हासिल की।सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर मे पांच विकेट पर 165 रन बनाए और इसके बाद सुपर जॉइंट्स को 107 रन पर आउट कर दिया।इंग्लैंड के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जैक क्रॉली ने 29 गेंदो मे 34 रन बनाकर सनराइजर्स को अच्छी शुरुआत दिलाई जबकि टॉम एबेल ने 39 गेंदों मे 57 रन बनाए।पिछले मैच मे अर्धशतक जड़ने वाले मार्को यानसन ने एक बार फिर बल्लेबाजी मे शानदार प्रदर्शन करते हुए 26 गेंदों पर नाबाद 36 रन बनाकर सनराइजर्स को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। सुपर जॉइंट्स की तरफ से स्पिनर नूर अहमद ने 24 रन देकर चार विकेट लिए।सुपर जॉइंट्स के बल्लेबाज हालांकि टिक्कर नही खेल पाए और उसकी पूरी टीम 18.1 ओवर मे आउट हो गई।

# सिनर, रुने, स्वियातेक और मोंफिल्स चौथे दौर में

## ● ऑस्ट्रेलियाई ओपन

**भाषा। मेलबर्न**





गत चैंपियन यानिक सिनर ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अमेरिका के 46वीं रैंकिंग वाले मार्कोस गिरोन को 6-3, 6-4, 6-2 से हराकर चौथे दौर में अपनी जगह पक्की की। विश्व की दूसरे नंबर की महिला खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने बेहतरीन खेल का नजारा पेश करते हुए ब्रिटेन की एम्मा राडुकानु पर आसान जीत दर्ज की जबकि गाएल मोंफिल्स ने 38 साल की उम्र में भी अपना दमदार खेल दिखाते चौथे दौर में जगह बनाई। सिनर की यह लगातार 17वीं जीत है। इटली के 23 साल के खिलाड़ी ने चौथी बार इस ग्रैंड स्लैम के चौथे दौर में जगह बनाई है। उनके सामने विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज होल्गर रूने की चुनौती होगी। डेनमार्क के रूने ने मियोमिर केकमानोविच को पांच सेट तक चले मुकाबले में 6-7, 6-3, 4-6, 6-4, 6-4 से शिकस्त दी। स्वियातेक ने मैच के अंतिम 11 गेम जीतकर अमेरिकी ओपन में 2021 की चैंपियन राडुकानु को 6-1, 6-0 से हराया। पिछले साल डोपिंग मामले के कारण एक महीने का निलंबन स्वीकार करने वाली स्वियातेक ने चार बार फ्रेंच ओपन और 2022 में अमेरिकी ओपन का खिताब जीता था। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हालांकि वह अभी तक सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई है। स्वियातेक ने मैच के बाद कहा, मैंने कुछ अच्छे शॉट लगाए और बाद में मैंने सोचा कि मैं इसी के लिए अभ्यास करती हूं। शुरू से ही मुझे लगा कि मैं अच्छा खेल रही हूं और इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो भी ओन्स जाबेउर को 6-4, 3-6, 6-4 से हराकर चौथे दौर में पहुंच गई हैं। नवारो ने 2024 की शुरुआत से अब तक डब्ल्यूटीए स्तर पर 30 तीन सेट वाले मैच खेले हैं, जो इस अवधि में किसी भी खिलाड़ी से सबसे अधिक हैं। इस बीच अमेरिका के 20 वर्षीय खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रूस के करेन खाचानोव को 6-3, 7-6 (5), 6-2 से हराकर पुरुष एकल के चौथे दौर में प्रवेश किया। मिशेलसन ने पहले दौर में स्टेफानोस सितसिपास को हराया था। मिशेलसन ने मैच के बाद कहा, मैंने अविश्वसनीय रूप से अच्छा प्रदर्शन किया। मैं वास्तव में नहीं जानता कि क्या हो रहा है। मैं बहुत खुश हूं। इसे बयां करने के लिए अभी मेरे पास बहुत शब्द नहीं हैं। मिशेलसन अगले दौर में ऑस्ट्रेलिया के आठवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनाउर का सामना करेंगे जिन्होंने 31वें वरीय फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 5-7, 7-6 (3), 6-3, 6-3 से हराया। पिछले साल अमेरिकी ओपन के उपविजेता और यहां चौथी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज़ बाहर हो गए हैं। उन्हें 38 वर्षीय गेल मोंफिल्स ने 3-6, 7-5, 7-6 (1), 6-4 से हराया। मोंफिल्स साल के पहले ग्रैंड स्लैम के चौथे दौर में पहुंचने वाले 38 साल या इससे अधिक उम्र के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने इस तरह से रोजर फेडरर की बराबरी की। स्वियातेक अगले दौर में जर्मनी की 128वीं रैंकिंग वाली ईवा लिस का सामना करेगी। लिस ने जैकलीन क्रिस्टियन को 4-6, 6-3, 6-3 से हराया।महिला एकल में छठी वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना और नौवीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना भी चौथे दौर में पहुंच गए हैं।

# पहले टी20 मैच के लिए भारत और इंग्लैंड की टीमें कोलकाता पहुंची



**कोलकाता।** विश्व चैम्पियन भारतीय टीम और यहां दौरे पर आई इंग्लैंड टीम बुधवार को होने वाले पहले टी20 मैच के लिए यहां पहुंच गई। ऐतिहासिक ईडन गार्डंस पर तीन साल बाद पहला टी20 मैच हो रहा है। दोनों टीमों के बीच पांच टी20 और तीन वनडे मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। एसए 20 खेलकर आए इंग्लैंड के हरफनमौला लियाम लिविंगस्टान सबसे पहले पहुंचे जो दक्षिण अफ्रीका से सीधे आए थे। जोस बटलर की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम के बाकी सदस्य दुबई से शाम को यहां पहुंचे। टीम इंडिया के खिलाड़ी अपने अपने शहरों से आए हैं। नीतिश कुमार रेड्डी और रिंकू सिंह 4 . 30 पर पहुंचे। उसके बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा आए। मुख्य कोच गौतम गंभीर और बाकी खिलाड़ी शाम को पहुंचे। करीब चौदह महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर रहे शमी और हरफनमौला हार्दिक पंड्या देर रात को पहुंचेंगे। दोनों टीमें पहले मैच से पूर्व तीन अभ्यास सत्रों में भाग लेंगी। दूसरा टी20 चेन्नई में 25 जनवरी को और तीसरा दो फरवरी को मुंबई में खेला जाएगा।

## अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप: बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया ने जीत दर्ज की

**कुआलालंपुर।** बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप के बारिश से प्रभावित शुरुआती दिन जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीका ने अहम मैच में न्यूजीलैंड को हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया जबकि बांग्लादेश ने कम स्कोर वाले मैच में नेपाल को पांच विकेट से हराया। काओइमहे ब्रे ने सिर्फ एक रन खर्च कर तीन विकेट झटके जिससे ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को आसानी से हराया। मलेशिया में खराब मौसम के कारण तीन मैच रद्द कर दिए गए। इंग्लैंड और आयरलैंड का मुकाबले में और सात गेंद का खेल हुआ होता तो मैच का परिणाम निकल जाता। टूर्नामेंट में पदार्पण कर रहे नाइजीरिया और समोआ तथा अमेरिका और पाकिस्तान का मैच खराब मौसम के कारण शुरू नहीं हो सका। बांग्लादेश ने ग्रुप डी के मैच में नेपाल को 18.2 ओवर में 52 रन पर आउट करने के बाद 13.2 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। नेपाल के लिए सना परवीन ने 32 गेंद में सबसे ज्यादा 19 रन बनाए जबकि सीमान केसी (10) दोहरे अंक में रन बनाने वाली टीम की सिर्फ दूसरी बल्लेबाज रही। नेपाल के पांच बल्लेबाज रन आउट हुए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने भी 11 रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे ।

### सात्विक-चिराग हारे इंडिया ओपन में भारतीय अभियान खत्म

**नई दिल्ली।** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी का अभियान शनिवार को यहां इंडिया ओपन सुपर 750 में मलेशिया के गोह सेज फेई और नूर इज्जुद्दीन से सीधे गेम में हारने के बाद सेमीफाइनल में समाप्त हो गया। 2022 की इस चैंपियन भारतीय जोड़ी को मलेशियाई जोड़ी ने मात्र 37 मिनट में 18-21, 14-21 से हरा दिया।भारतीय जोड़ी ने अच्छी शुरुआत कर बढ़त बनाई, पर मलेशियाई जोड़ी ने अगले छह में से पांच अंक लेकर ब्रेक तक एक अंक की बढ़त ले ली। सात्विक और चिराग ने ब्रेक के बाद कुछ समय के लिए बढ़त हासिल की और 15-12 पर पहुंच गए। हालांकि मलेशियाई जोड़ी ने सात अंक जुटाकर मजबूत वापसी करते हुए पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में मलेशियाई टीम ने 5-0 की बढ़त बना ली, सात्विक की बदौलत भारतीयों ने अंतर 4-8 तक कम कर दिया। मलेशियाई टीम ने फिर ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाए रखी। लंबे कद के भारतीय जोड़ी ने स्कोर 13-13 से बराबर कर दिया। लेकिन मलेशियाई टीम जीत दर्ज करने में सफल रही।

# अंकुश ,अमन व अभव्या को स्वर्ण

### सातवीं नेशनल ओपन ताइक्कांडो चैंपियनशिप

### मेजबान उत्तर प्रदेश को दिलाई शानदार शुरुआत



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अंकुश कुमारए अमन पाल व अभव्या तिवारी ने सातवीं नेशनल ओपन ताइक्कांडो चैंपियनशिप-2025 ने अपने-अपने वर्गो में स्वर्ण पदक जीतकर मेजबान को शानदार शुरुआत दिलाई। मिनी इंडोर स्टेडियम, राजाजीपुरम में आयोजित इस चैंपियनशिप में ऑफि शियल ग्रुप की स्पर्धाओं के पहले दिन आंध्र प्रदेश ने दो स्वर्ण जबकि हरियाणा व दिल्ली ने एक.एक स्वर्ण पदक जीते। ताइक्कांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश ताइक्कांडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित चैंपियनशिप का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश ताइक्कांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह शैलू ने बताया कि चैंपियनशिप में 24 राज्यों व इकाईयों की टीमों से 1700 खिलाड़ी भाग ले रहे है जिसमें सीआरपीएफए आईटीबीपीए कुमाऊं रेजीमेंट और सर्विसेज के खिलाड़ी भी शामिल है। आज समारोह में उत्तर प्रदेश ताइक्कांडो एसोसिएशन के सचिव राजकुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए प्रतिभागी टीमों में शामिल खिलाड़ियों का आभार जताया। पहले दिन हुई स्पर्धाओं में सब जूनियर बालक व्यक्तिगत पूमसे में आंध्र प्रदेश के तन्विथ उदय ने स्वर्णए मणिपुर के मालेमंगनबा नुंगलेप्पम ने रजत पदक एवं उत्तर प्रदेश के अक्षत सूर्यांश व नवदीप मिश्रा ने कांस्य पदक जीता। सब जूनियर बालिका व्यक्तिगत पूमसे में दिल्ली की नायशा शर्मा ने स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश की वर्णिका कपूर को रजत एवं उत्तर प्रदेश की ही आरवी सिंह व समृद्धि आर्या ने कांस्य पदक जीता। कैडेट बालिका व्यक्तिगत पूमसे में अभव्या तिवारी ने स्वर्णए आर्शी सिंह ने रजतए अंशिका खोखर व कौशिकी सिंह यादव सभी उत्तर प्रदेश ने कांस्य पदक जीते। कैडेट बालक व्यक्तिगत पूमसे में आंध्र प्रदेश के जीण्करुण्या संदीप ने स्वर्णए दिल्ली के रोहन ने रजत एवं उत्तर प्रदेश के दक्ष प्रताप सिंह व अनिरूद्ध शुक्ला ने कांस्य पदक जीते। सब जूनियर बालक अंडर.25 किग्रा में अमन पाल ने स्वर्णए अंश शर्मा ने रजत एवं अंश वर्मा व निखिल सोनी ने कांस्य ;सभी उत्तर प्रदेश पदक जीते। कैडेट बालक अंडर-148 सेमी में उत्तर प्रदेश के अंकुश कुमार ने स्वर्णए दिल्ली के रोहन ने रजत।

### अंकिता ने नैखटा के साथ 2025 सत्र का पहला युगल खिताब जीता

**नई दिल्ली।** भारत की शीर्ष टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना ने शनिवार को यहां ब्रिटिश जोड़ीदार नैखटा बैंस के साथ आईटीएफ डब्ल्यू50 स्पर्धा की चैम्पियन बनने के साथ ही नौ महीने में अपना पहला युगल खिताब जीता। गैर वरीयता प्राप्त भारतीय-ब्रिटिश जोड़ी ने डीएलटीए परिसर में हुए फाइनल मुकाबले में चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिका की जेसी एनी और जेसिका फेला की जोड़ी को एक घंटे 42 मिनट तक चले मैच में 6-4, 3-6, 10-8 से हराया। अंकिता एकल स्पर्धा के पहले दौर में ही बाहर हो गई थीं लेकिन उन्होंने युगल खिताब जीतकर इस निराशा की भरपाई की। अंकिता ने इससे पहले अप्रैल 2024 में जापान में काशीवा में अपनी पहली युगल ट्रॉफी जीती थी। उन्होंने तब ताइपे की चिया ई त्साओ के साथ जोड़ी बनाई थी। इस बीच सातवीं वरीयता प्राप्त तातियाना प्रोजोरोवा और दूसरी वरीयता प्राप्त पन्ना उडवार्डी ने अपने-अपने मैचों में जीत के साथ फाइनल में जगह बनाई। दिन के पहले सेमीफाइनल में हंगरी की उडवार्डी ने ब्रिटिश चौथी वरीयता प्राप्त मियाजाकी को शिकस्त दी।

## क्विक न्यूज

### विराट कोहली ने सौराष्ट्र के खिलाफ दिल्ली के अगले रणजी ट्रॉफी मैच से बाहर रहने का फैसला किया

**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने जिस दिन जम्मू-कश्मीर के खिलाफ मुंबई के अगले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की, उसी दिन मेगास्टार विराट कोहली ने संकेत दिया कि गर्दन में हल्की चोट के कारण वह राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ दिल्ली के मैच में नही खेल पाएंगे। रणजी ट्रॉफी का मैच 23 जनवरी से शुरू होगा।दिल्ली चयन समिति ने शुरू में 22 सदस्ईय संभावित टीम चुनी थी और कोहली की भागीदारी उपलब्धता पर निर्भर थी। केपी भास्कर की अध्यक्षता वाले पैनल ने शुक्रवार को टीम का चयन किया लेकिन आधिकारिक तौर पर इसे जारी नही किया गया क्योंकि दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली स्टार बल्लेबाज की उपलब्धता की पुष्टि का इंतजार कर रहे थे। डीडीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई को बताया, कोहली को सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम टेस्ट के दौरान गर्दन में हल्की चोट के कारण आराम करने की सलाह दी गई है। वह सौराष्ट्र के मैच के लिए उपलब्ध नही है। दिल्ली का आखिरी लीग मैच रेलवे के खिलाफ है, हम अभी इसके बारे में निश्चित नही है। कोहली ने आखिरी बार रणजी ट्रॉफी मैच 2012 में गाजियाबाद के मोहन नगर में उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेला था। वही महान सचिन तेंदुलकर ने अपना अंतिम रणजी मैच 2013 में हरियाणा के खिलाफ लाहली में खेला था। बीसीसीआई द्वारा रणजी ट्रॉफी में भागीदारी अनिवार्य किए जाने के बाद सभी स्टार बल्लेबाजों में से केवल कोहली और केएल राहुल (कोहनी की चोट के कारण कर्नाटक के लिए) ही नही खेल रहे हैं।

### रोहित ने रणजी मैच के लिए उपलब्धता की पुष्टि की

**मुंबई।** भारतीय टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने जम्मू-कश्मीर के खिलाफ मुंबई के अगले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए अपनी उपलब्धता की शनिवार को पुष्टि की लेकिन घरेलू मैचों मे स्टार खिलाड़ियों की भागीदारी को लेकर कहा कि अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर के व्यस्त कार्यक्रम से खिलाड़ियों के लिए समय निकालना मुश्किल है। रोहित ने यह भी कहा कि कोई भी खिलाड़ी शीर्ष घरेलू प्रतियोगिता को हल्के मे नही लेता है। रणजी ट्रॉफी का दूसरा चरण 23 जनवरी से शुरू हो रहा है। मुंबई की टीम यहां के एमसीए-बीकेसी ग्राउंड में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खराब प्रदर्शन के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने समीक्षा बैठक आयोजित की थी। बोर्ड ने केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों के लिए 10 दिशानिर्देश जारी किए है, जिसमें राष्ट्रीय टीम मे चयन के लिए घरेलू टूर्नामेंट में भागीदारी को अनिवार्य बनाना भी शामिल है।इसके बाद से रोहित और भारतीय टीम में उनके लंबे समय के साथी रहे विराट कोहली पर नजरें है। बीसीसीआई मुख्यालय मे यहां संवाददाता सम्मेलन के दौरान घरेलू मैच के लिए उनकी उपलब्धता के बारे मे पूछे जाने पर रोहित ने कहा, पिछले छह सात वर्षो से अगर आप हमारे कैलेंडर को देखें तो ऐसा कभी नही हुआ कि हम 45 दिनों तक घर बैठे रहे हो। ऐसा तभी होता है जब आईपीएल खत्म होने के तुरंत बाद कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नही होता है। हमारा घरेलू सत्र अक्टूबर में शुरू होता है और मार्च तक चलता है। जो खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम के लिए सभी प्रारूप नही खेल रहे है और जब घरेलू क्रिकेट हो रहा है, तो वे इसमें खेल सकते है। मै अपनी बात करूं तो मैने 2019 से नियमित रूप से टेस्ट क्रिकेट खेलना शुरू किया है। ऐसे मे आपको मुश्किल से ही समय मिलता है। जब आप नियमित रूप से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते है, तो आपको तरोताजा होने के लिए समय की जरूरत होती है। ऐसा नही है कि कोई घरेलू क्रिकेट को हल्के मे ले रहा है। सैंतीस साल के इस खिलाड़ी ने टेस्ट में अपनी पिछली 15 पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक बनाने के बावजूद इस प्रारूप से संन्यास लेने से इनकार कर दिया है। रोहित ने मंगलवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई टीम के साथ अभ्यास किया था। रोहित हाल ही मे ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बुरी तरह विफल रहे। वह तीन मैचो की पांच पारियो मे सिर्फ 31 रन ही बना सके थे। खराब फॉर्म के कारण वह पांच मैचो की श्रृंखला के आखिरी टेस्ट को नही खेले थे।

### हजारे ट्रॉफी में बड़े रनों के बावजूद नायर टीम में नही

मुंबई। करूण नायर ने विजय हजारे ट्रॉफी में 700 से अधिक रन बनाए। सचिन तेंदुलकर ने उनके समर्थन मे सोशल मीडिया पर लिखा। लेकिन कुछ काम नही आया। आठ साल बाद भारतीय टीम की जर्सी पहनने का उनका सपना टीम संयोजन और समीकरण के चलते चूर चूर हो गया।अजित अगरकर की अगुवाई में राष्ट्रीय चयनकर्ताओं और कप्तान रोहित शर्मा ने चैम्पियंस ट्रॉफी और इंग्लैड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए टीम चुनी तो वे विदर्भ के 33 वर्ष के कप्तान के लिए जगह बना सकते थे। सवाल उठने लाजमी है कि घरेलू क्रिकेट मे इतने रन बनाने का क्या फायदा जब वह चयन का आधार ही नही है। यह भी सवाल उठेगा कि घरेलू मैचो में खेलने पर जोर देने के टीम प्रबंधन के फैसले मे कितनी ईमानदारी थी अगरकर ने कहा कि मौजूदा हालात मे नायर को 15 सदस्ईय टीम में चुनना मुश्किल है। उन्होने प्रेस कांफ्रेंस मे कहा , यह कठिन है। ए प्रदर्शन वाकई खास है। 700 या 750 से अधिक की औसत से रन बनाना। हमने उसके बारे में बात की। उन्होने कहा , लेकिन इस समय टीम मे जगह पाना काफी मुश्किल है। जिन खिलाड़ियो को चुना गया है , उन्हे देखिए। सभी का औसत अच्छा है। आप सभी को टीम मे नही ले सकते। 15 खिलाड़ी ही चुने जाने है। लेकिन इस तरह के प्रदर्शन (करूण की तरह) पर गौर किया जाता है। घरेलू क्रिकेट मे करूण तीसरे नंबर पर उतरते है और कभी कभार चौथे या पांचवे नंबर पर भी उतरते है। भारतीय टीम मे वह क्रम विराट कोहली का है और श्रेयस अय्यर का वनडे में औसत 50 के करीब है जबकि केएल राहुल वनडे के भरोसेमंद बल्लेबाज हैं और विकेटकीपिंग भी कर सकते है। ऋषभ पंत आक्रामक बल्लेबाज और विकेटकीपर है। टीम प्रबंधन का जोर अधिक से अधिक हरफनमौलाओं को चुनने पर रहा है जिसकी वजह से हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और वॉशिंगटन सुंदर टीम मे है।

### पंजाब के खिलाफ रणजी से बाहर हो सकते हैं केएल

**बेंगलुरु।** सलामी बल्लेबाज केएल राहुल कोहनी की चोट से उबर रहे है जिसके कारण वह गुरुवार से यहां पंजाब के खिलाफ शुरू होने वाले कर्नाटक के रणजी ट्रॉफी मैच से बाहर हो सकते है।पीटीआई को पता चला है कि राहुल ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के चिकित्सा दल को इस मुद्दे पर अपनी चिंता से अवगत कराया है और वे फिलहाल उनकी निगरानी कर रहे है।राहुल हालांकि 30 जनवरी से हरियाणा के खिलाफ शुरू होने वाले रणजी मैच मे खेल सकते है। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ पंजाब के खिलाफ मैच के लिए एक या दो दिन मे टीम की घोषणा कर सकता है।भारतीय टीम मे शामिल कर्नाटक के अन्य खिलाड़ी प्रसिद्ध कृष्णा और देवदत्त पडिक्कल चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। ए दोनो वर्तमान मे विजय हजारे ट्रॉफी मे खेल रहे है।देवदत्त अच्छी लय मे है और उन्होने ऑस्ट्रेलिया से लौटने के बाद खेले गए दो मैचो मे एक शतक और अर्धशतक लगाए है। पंजाब को कर्नाटक के खिलाफ भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल की सेवाएं मिलेंगी। बीसीसीआई ने गुरुवार को जारी 10 सूत्री आदेश मे शीर्ष खिलाड़ियो के लिए घरेलू मैचो में भाग लेना अनिवार्य कर दिया है। खिलाड़ियो को इस शर्त से छूट पाने के लिए चयन समिति के अध्यक्ष से अनुमति लेनी होगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस प्रा.लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोन: 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।